कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी 01:58 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 339, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह 14

सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर 13

एक नजर

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के आवास पर ईडी का छापा

तंजावुर। तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने धनशोधन मामले में तंजावुर जिले के उरंथरायनकुडिकाडु गांव में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री एवं ओराथानाड विधायक आर .वैथिलिंगम के आवास पर बुधवार को छापेमारी की। चेन्नई में एमएलए हॉस्टल में उनके कमरे, दो घरों और परिवार के स्वामित्व वाले एक शैक्षणिक संस्थान की भी तलाशी ली गई।

झूठी निकली जया बच्चन के मां के निधन की खबर

नई दिल्ली। फिल्मी सितारों के फैमिली को लेकर बुरी खबरों के आने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मां ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं जया बच्चन की मां और अमिताभ बच्चन की सास इंदिरा भादुड़ी के निधन की खबर आई, जो गलत निकली।

पांच लाख रिश्वत लेने में इंजीनियर गिरफ्तार

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में एक सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने लंबित बिलों के भुगतान के लिए 15 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी दिनेश पटेल ने बताया कि ओमप्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम साटकुर तहसील कसरावद जिला खरगोन ने शिकायत की थी।

यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव 7 नवंबर से

नई दिल्ली। यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के 29वें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद में सात से 16 नवंबर के बीच किया जाएगा। यूरोपीय सिनेमा के इस वार्षिक महोत्सव में 31 भाषाओं में 26 पुरस्कार विजेता फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें यूरोप महाद्वीप के समाज और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

भारत युद्ध का नहीं, आपसी संवाद और कूटनीति का समर्थक : प्रधानमंत्री

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

मोदी ने युद्ध, आर्थिक संकट, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर जताई चिंता, कहा-आतंकवाद से निपटने के लिए दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है।

अपने संबोधन में मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। और जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, उसी तरह हम भावी पीढ़ियों के वास्ते सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए अवसर पैदा करने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर तक 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग सहित ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की और कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। समूह के देशों को युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।

कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में भी हो सुधार

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधारों पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि इस संगठन की छवि ऐसी न बने कि यह वैश्विक संस्थानों को बदलने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह समझा जाए कि यह संगठन उन्हें सुधारने की इच्छा रखता है। मोदी ने यह भी तर्क दिया कि ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

आपसी विश्वास भारत-चीन संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-चीन संबंधों को क्षेत्रीय व वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली संरचित बैठक थी। बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

लाखों राज्यकर्मियों को मिलेगा बोनस, बंपर मनेगी दीपावली

वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दैनिक वेतनभोगी भी होंगे लाभान्वित मुख्यमंत्री ने की एक्स पर घोषणा

अमृत विचार: राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन दे देने की अच्छी खबर के बाद बोनस दिए जाने की खुशखबरी भी राज्य सरकार ने दी है। अधिकतम बोनस 7000 रुपये दिया जाना है। इससे लगभग 8 लाख अराजपत्रित कर्मचारी, शिक्षक और दैनिक वेतनभोगी लाभान्वित होंगे। बुधवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसकी घोषणा की। ऐसे कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी किए गए हैं।

हाल ही में दिवाली से एक दिन पहले 30 अक्टूबर को वेतन देने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया था। उस आदेश से 26 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी। ताजा शासनादेश के मुताबिक जिन कर्मचारियों का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47600-151100) तक है, उन्हें 30 दिन का तदर्थ बोनस दिया जाएगा। इसकी अधिकतम राशि 7000 रुपये तय की गई है। 31 मार्च 2024 को मासिक परिलब्धियां 7000 रुपये से ज्यादा होने पर निश्चित फार्मूले के आधार पर 6908 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस की जद में आने वाले सभी कर्मचारियों का इस राशि का 75 प्रतिशत भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। जबकि 25 प्रतिशत का नगद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं होंगे, उन्हें यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। 31 मार्च 2024 के बाद और 30 अप्रैल 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पूरा बोनस नगद दिया जाएगा।

वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बुधवार को जानकारी साझा की गई है। इसके अनुसार मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों के साथ ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी 2023-2024 के लिए बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ बैरक में रहने वाले कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल के एकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी।

ऐसे दैनिक वेतनभोगियों को मिलेगा बोनस

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने सप्ताह में छह दिन कामकाज वाले कार्यालय में तीन वर्ष या उससे ज्यादा लगातार काम किया होगा और हर साल कम से कम 240 दिन कार्यरत रहे होंगे, उन्हें सुविधा मिलेगी। दैनिक वेतनभोगियों के बोनस की गणना 1184 रुपये महीना तय की गई है।

ऐसे कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं

वर्ष 2023-24 में जिन कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई हो या आपराधिक मुकदमे में दंडित हों, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है या किसी अदालत में आपराधिक मुकदमा लंबित है, उन्हें दोषमुक्त होने पर ही बोनस मिलेगा। तब तक राशि स्थगित रहेगी।

अफवाहों को न रोकना तो जुर्म को बढ़ावा देना हुआ

- विमान धमकियों के मामले में सरकार का एक्स-मेटा से सवाल

नई दिल्ली। विमानों को बम धमकियों के मामले में बुधवार को आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। सरकार ने पूछा कि आपने इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या किया। जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले 9 दिनों में ही 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां दी गई हैं। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसमें एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली थी। मामले में सरकार ने सख्ती का फैसला लिया है। ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से दिया फैसला
- सिर्फ केंद्र सरकार के नियंत्रण के अधिकार को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था।

राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं।

पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है।

जब कानून ही शक्तिहीन तो कोई पालन क्यों करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को लेकर की केंद्र सरकार की खिंचाई

उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण संबंधी कानून को शक्तिहीन बनाने के लिए बुधवार को केंद्र की खिंचाई की और कहा कि पराली जलाने पर जुर्माने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (सीएक्यूएम अधनियिम) को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कानून के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व्यवस्था किए बिना ही लागू कर दिया गया। केंद्र की ओर पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सीएक्यूएम अधिनियम की पराली जलाने के लिए जुर्माने से संबंधित निर्देश 10 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। पीठ ने कहा कि आपके नोटिस को कौन गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि कानून के तहत इसकी प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है।

4.50 करोड़ की नकली दवाइयां पकड़ी गयीं

आगरा। आगरा में सिकंदरा थानाक्षेत्र के शास्त्रीपुरम में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एएनटीएफ ने बताया कि उसे वहां साढ़े चार करोड़ रुपये की नकली और नशे की दवाएं एवं 3.50 करोड़ रुपये का कच्चा माल एवं मशीनरी मिली हैं। एएनटीएफ के अधिकारी इरफान नासिर खान ने बताया कि फैक्ट्री से दस लोगों को पकड़ा गया है तथा साढ़े चार करोड़ की दवाएं एवं साढ़े तीन करोड़ की मशीनें बरामद किया गया है। देश के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, वर्मा, भूटान तक इन दवाओं की तस्करी हो रही थी।

होटल में थूक लगाकर बनाता था रोटी, गिरफ्तार

रामनगर/सूरतगंज (बाराबंकी)

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दबोचा, सील किया होटल

अमृत विचार : कस्बा सुढ़ियामऊ के एक होटल पर थूक लगाकर रोटी तंदूर में सेंकने का वीडियो वायरल होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एफएसडीए की टीम ने होटल को सील करवा दिया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के नवीगंज मजरे अल्लापुर रानीमऊ निवासी मो. इरशाद, मो. सैफ व मो. तनवीर रामनगर क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने हाफिज जी के नाम से होटल चलाते हैं। सोमवार शाम को इरशाद का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें इरशाद रोटी पर थूककर तंदूर में सेंकता दिख रहा है। मंगलवार शाम फतेहपुर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा निरीक्षक पल्लवी तिवारी टीम के साथ होटल पर पहुंची और होटल संचालन न किए जाने की नोटिस चस्पा कर दी। इस संबंध में रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी ने बताया कि होटल सील है, होटल संचालक इरशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी उत्तरी चिरंजीव सिन्हा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

प्रियंका ने वायनाड से किया नामांकन

- राहुल गांधी, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे रहे मौजूद
- रोड शो में उमड़ी भीड़, राहुल बोले-अब वायनाड से दो सांसद

वायनाड, एजेंसी

नामांकन के दौरान प्रियंका गांधी के साथ मौजूद राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बाद में रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन से पहले रोड शो किया जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कलपेट्टा में एक जनसभा में कहा कि मैंने 1989 से लेकर पिछले 35 सालों तक पिता राजीव गांधी, मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार किया है, लेकिन पहली बार अपने लिए प्रचार कर रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से दो सांसद हैं, एक आधिकारिक और दूसरा अनौपचारिक होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रियंका गांधी और वह दोनों मिलकर काम करेंगे और लोकसभा में वायनाड के लोगों के मुद्दों को उठाएंगे।

गर्लफ्रेंड से शादी को बीबीए के छात्र ने रची अपने ही अपहरण की कहानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाई को फोन करा दो लाख रुपये फिरौती मांगी, 40 हजार वसूले
- छात्र समेत तीन गिरफ्तार, फिरौती के पैसों से करना चाहता था व्यापार

> बीबीए के छात्र ने अपने ही अपहरण की कहानी पैसों के लिए रची थी। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। -अमित चौरसिया, सीओ तिलहर।

अमृत विचार : बीबीए के छात्र ने गर्लफ्रेंड से शादी करने के लिए दो दोस्तों संग मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी रच डाली। छात्र ने भाई को फोन करा दो लाख की फिरौती मांगी और 40 हजार रुपये वसूल भी लिए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ तो परिजन दंग रह गए।

मीरानपुर कटरा के मोहल्ला मुगलान निवासी संजीव कुमार त्यागी उर्फ संजू (22) बरेली के भोजीपुरा स्थित सिद्धि विनायक कॉलेज में बीबीए का छात्र है। संजीव 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे कॉलेज के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं आया। सूचना पर पुलिस ने तलाश शुरू की। मंगलवार को किसी ने संजीव के बड़े भाई अखिल त्यागी को फोन किया कि संजीव का अपहरण कर लिया है, दो लाख रुपये चाहिए। पहली किस्त 40 हजार रुपये लेकर बुलाया। अखिल बताए गए स्थान पर रुपये लेकर पहुंचे जहां दो युवकों गुरशान सिंह निवासी गांव कथौला बेनीराम थाना भोजीपुरा और मंगेश यादव उर्फ छोटू निवासी गांव नवदिया कल्याणपुर थाना फरीदपुर ने रुपये ले लिए और दूसरी किस्त लेकर बुधवार सुबह बुलाया। बुधवार सुबह 9: 45 बजे संजीव और उसके दोनों साथी कटरा क्षेत्र में बहगुल नदी के पुराने पुल के नीचे पहुंचे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। संजीव ने बताया कि वह गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता है। नौकरी नहीं मिली तो व्यापार करने की सोची और पैसों के लिए अपने अपहरण की साजिश रच डाली। वह चाहता था कि अच्छा व्यापार करे ताकि गर्लफ्रेंड के परिवार की नजर में खुद को लायक दिखा सके।

अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के मुद्दों की प्रचार प्रमुख ने दी जानकारी, संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार सहित अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा भी होगी

पंच परिवर्तनों के साथ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार करेगा संघ

गजेंद्र चौहान, मथुरा

अमृत विचार: मथुरा स्थित गऊग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गोविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में सर संघचालक के पंच परिवर्तन विचारों, उनके संबोधन के महत्वपूर्ण विषयों के अनुपालन के लिए योजनाओं के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा हो रही है। संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की रूपरेखा भी बैठक में बनाई जाएगी। इसमें सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत संघ के सभी बड़े पदाधिकारी शामिल रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को गऊ ग्राम परखम में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को दी।

संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और पश्चिम उप्र के संघ चालक सूर्य प्रकाश।

उन्होंने बताया कि विजयादशमी पर सरसंघचालक ने अपने संबोधन में जिन विषयों को उठाया वे बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उनके अनुवर्तन के लिए योजनाओं के साथ-साथ देश में चल रहे सम सामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा बैठक में की जा रही है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी इस बैठक में लिया जाएगा। विशेष कर संघ शताब्दी के लिए सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों को विजयादशमी 2025 तक पूर्ण करने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। सुनील आंबेकर ने बताया कि अगली विजयादशमी पर संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। आगामी विजयादशमी स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया कि विजयादशमी पर अपने संबोधन में सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कई विषयों की ओर ध्यान दिलाया। इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव ,समाज में शान्ति का भाव, परस्पर सौहार्द आदि विषयों पर बैठक में चर्चा होगी। आंबेकर ने बताया कि सरसंघचालक द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को शताब्दी वर्ष में समाज में ले जाने का कार्य किया जाएगा। प्रेस ब्रीफिंग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संघचालक सूर्यप्रकाश टोंक, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार उपस्थित रहे।

मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले बैठक में रहेंगे

सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, डा. सीए मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमये, कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्यों सहित 393 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

बंद पड़े मिल परिसर में दिखा तेंदुआ

मझोला, अमृत विचारः डेढ़ दशक से बंद पड़ी चीनी मिल परिसर में एक बार फिर तेंदुआ ने दस्तक दी। जिसके बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों और सुरक्षाकर्मियों में दहशत है। बंद पड़ी चीनी मिल के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश गौतम ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे मेनगेट के अंदर सागौन के पेड़ पर छलांग लगाते हुए तेंदुआ पीआरडी जवान चंदन कुमार द्वारा देखा गया। इसकी सूचना मिल प्रबंधक को दी गई। इसके बाद वन विभाग को भी सूचना दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क ट्रेस किए। इसमें तेंदुए की दस्तक की पुष्टि हुई। वन दरोगा सोनी सिंह ने निगरानी टीम को सक्रिय करने के साथ ही परिसर में मौजूद लोगों को अलर्ट किया।

छह नवंबर से सैलानियों के लिए खुल जाएंगे पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीटीआर प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं, जंगल के रास्ते किए जा रहे दुरुस्त
- पिछले पर्यटन सत्र में सैलानियों की आमद ने तोड़े बीते वर्षों के सारे रिकॉर्ड

अमृत विचारः पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र को लेकर अनिश्चितता के बादल छंट गए हैं। छह नवंबर से सैलानियों के लिए पीटीआर खोल दिया जाएगा। शासन ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। अपनी जैवविविधता एवं बाघों के लिए देश-दुनिया में मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैयारियां तेजी से चल रही है, ताकि आने वाले सैलानियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

देश-दुनिया में पहचान बना चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र वैसे हर साल 15 नवंबर से शुरू होकर 15 जून तक चलता है। मानसून सत्र शुरू होने के चलते पर्यटन बंद हो जाता है। हालांकि बरसात में देरी के चलते टाइगर रिजर्व का पिछला पर्यटन सत्र 10 दिन बढ़ाते हुए 15 जून के बजाय 25 जून को बंद किया गया था। इधर आगामी पर्यटन सत्र को लेकर जब तैयारी शुरू हुई तो यह कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार 15 नवंबर से पर्यटन सत्र शुरू हो जाएगा। इधर बुधवार को लगाए जा रहे कयास पर ब्रेक लग गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का आगामी पर्यटन इस बार 10 दिन पहले से शुरू किया जाएगा। देश-दुनिया के सैलानियों के पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दरवाजे 06 नवंबर को ही खोल दिए जाएंगें। शासन ने इसको लेकर हरी झंडी दे दी है। हालांकि पीटीआर प्रशासन आगामी पर्यटन सत्र को लेकर पूर्व से ही तैयारियों में जुटा था। इधर अब पर्यटन सत्र 10 दिन पहले से ही शुरू किए जाने का आदेश आने के बाद पीटीआर प्रशासन तेजी से तैयारियों में जुट गया है। महोफ रेंज स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच हट दुरुस्त करने के साथ उन्हें आकर्षक बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। सप्त सरोवर पर भी साफ-सफाई की जा रही है। पर्यटन स्थल तक जाने वाले जंगल मार्गों की साफ-सफाई के साथ उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। वन अफसरों के मुताबिक पर्यटन सत्र शुरू होने से पूर्व इससे जुड़े सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

पीटीआर का सप्त सरोवर। ● अमृत विचार

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आगामी पर्यटन सत्र को लेकर आदेश प्राप्त हो चुका है। पर्यटन सत्र 06 नवंबर से शुरू किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। सैलानियों को कोई असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखकर तैयारियां की जा रही है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व



पिछले पर्यटन सत्र में सफारी के दौरान बाघ देखते सैलानी।

पिछले पर्यटन सत्र में 53378 सैलानियों ने की थी पीटीआर की सैर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पिछले पर्यटन सत्र के दौरान 15 नवंबर से 25 जून तक 53378 सैलानियों ने पीटीआर की सैर करने पहुंचे थे। इसमें विभिन्न देशों के 189 विदेशी सैलानी भी शामिल रहे। इन सभी सैलानियों ने 11700 सफारी वाहन ट्रिप से पीटीआर के खूबसूरत टूरिज्म स्पॉटों की सैर की थी। वहीं सैलानियों द्वारा 1039 बार हटों की ऑनलाइन बुकिंग कराई गई थी। पिछले पर्यटन सत्र के दौरान सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश समेत कई राजनेता, कई देशों के राजदूत, अभिनेता समेत कई बड़े अफसर भी पीटीआर पहुंचे थे। वहीं पिछले पर्यटन सत्र के दौरान विभाग को 1,35,68354 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई थी। पिछले पर्यटन सत्र की सबसे खास बात यह रही थी कि पीटीआर में आने वाले 80 फीसदी सैलानियों को बाघों के दीदार हुए थे।

एक नजर

भाकपा माले की हड़ताल पांचवे दिन भी जारी

पूरनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव राहुल नगर में भाकपा माले का धरना बुधवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। जिला कमेटी सदस्य नगीना राम ने कहा कि सरकार ट्रांस शारदा क्षेत्र को सुनियोजित ढंग से उजाड़ना चाहती है। पिछले 199 दिन से जारी आंदोलन को नजरअंदाज किया जा रहा है। सरकार दलित, पिछड़ों को जमीन के अधिकार से वंचित करना चाहती है। बुधवार को भूख हड़ताल पर महेंद्र सिंह, अकबर, जलेश्वर, सत्यनारायण, बृजेश, शहनाज, दीपक कुमार, सुनील साहनी, अतिंदर और अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

मेले में फैंसी ड्रेस प्रतियोगता आयोजित

पूरनपुर। श्री रामलीला मैदान में बुधवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। जिसमें कई विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। बच्चे सुंदर वेशभूषा में सज धज कर पहुंचे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्वित अग्रवाल, द्वितीय स्थान मौलिक खंडेलवाल और तृतीय स्थान अभिसार ने प्राप्त किया। निर्णायक रणजीत कौर चंदी व रेनू खुराना रहीं। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, विजय नागी, डा. अमन नागी, प्रिंसिपल मधु नागी, रमेश चंद्र सेमवाल, सुमित दीक्षित रहे।

पीटीआर से सटे इलाकों में चलेगा मिशन बैंबू

जंगल से सटे इलाकों के किसानों को बांस की खेती के लिए किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● डब्ल्यूडब्ल्यूएफ पीटीआर के सहयोग से तैयार कर रहा रूपरेखा

अमृत विचारः यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आने वाले दिनों में पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे खेतों में बांस की खेती लहलहाएगी। इसके लिए मिशन बैंबू चलाकर जंगल किनारे बसे किसानों को जागरुक किया जाएगा। विश्व प्रकृति निधि ने पीटीआर के सहयोग से इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार करनी शुरू कर दी है। यदि यह प्रोजेक्ट सफल हुआ तो इससे न केवल जंगल से सटे इलाकों के किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि मानव-वन्यजीव के बीच संघर्ष भी कम हो सकेगा।

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। टाइगर रिजर्व बनने के बाद जंगल से सटे गांवों के ग्रामीण, जिनकी आजीविका मात्र जंगल पर ही टिकी थी, उनके आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। हालांकि विश्व प्रकृति निधि द्वारा पीटीआर के सहयोग से इन गांवों को के ग्रामीणों को जंगल से जलौनी लकड़ी लाने पर आश्रित न होना पड़े, इसको लेकर पूर्व में उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इसके बाद विश्व प्रकृति निधि ने पीटीआर के सहयोग इन गांवों के विकास और रोजगार से जोड़ने का खाका तैयार किया। विश्व प्रकृति की यह पहल अब धरातल पर उतरती नजर आ रही है। इन गांवों में इको विकास समितियों का गठन रोजगार से जोड़ने की कवायद चल रही है। कहीं जंगल से सटे किसानों की आजीविका बढ़ाने को शहद उत्पादन तो कहीं होम स्टे योजना से जोड़ा गया है। इधर अब विश्व प्रकृति निधि और पीलीभीत टाइगर रिजर्व परस्पर सहयोग से जंगल से सटे इलाकों में मिशन बैंबू की शुरुआत करने जा रहा है। इससे जंगल से सटे किसानों की आय तो बढ़ेगी ही, साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी।

> विश्व प्रकृति निधि पीटाआर के सहयोग से जंगल से सटे गांवों के विकास एवं वहां के लोगों को आजीविका में सहयोग देने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में अब जंगल से सटे इलाकों में बैंबू की खेती के लिए किसानों को जागरूक किया जाएगा। चूंकि मार्केट में बांस की डिमांड भी खासी रहती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सहयोग से इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। – **नरेश कुमार**, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, विश्व प्रकृति निधि

बड़े बांस उत्पादकों के माध्यम से स्थानीय किसानों को किया जाएगा जागरूक

मिशन बैंबू के तहत जंगल से सटे इलाकों के किसानों को पारंपरिक खेती से इतर बांस की खेती के लिए जागरूक किया जाएगा। स्थानीय बाजार से लेकर महानगरों तक बांस की डिमांड खूब रहती है। इस वजह से इसकी अच्छी कीमत मिलती है। बांस को कई तरह के कामों में उपयोग किया जाता है। सजावटी वस्तुओं से लेकर कार्बनिक कपड़े बनाने तक के लिए बांस का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में जंगल से सटे इलाकों के किसानों के लिए यह खासा मुफीद साबित होगा। प्लान के मुताबिक प्रदेश के बड़े बांस उत्पादक किसानों के माध्यम स्थानीय किसानों को जागरूक कराया जाएगा। बांस उत्पादन करने वाले किसानों को बीज या फिर बेहतर किस्म के बांस की पौध मुहैया कराई जाएगी। फिलहाल विश्व प्रकृति निधि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर इसकी पूरी रूपरेखा तैयार करने में जुटा है। मिशन बैंबू माला रेंज से दियोरिया रेंज तक की बेल्ट में जंगल से सटे इलाकों में लागू किए जाने पर मंथन किया जा रहा है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से परेशान शिक्षक ने मांगा ट्रांसफर

पूरनपुर, अमृत विचारः परिषदीय स्कूल के इंचार्ज अध्यापक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से परेशान हैं। उन्होंने बीएसए को पत्र भेजकर अपना ट्रांसफर कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव जटपुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्रजेंद्र कमार पांडे बतौर इंचार्ज अध्यापक तैनात हैं। बुधवार को उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि स्कूल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिछले 25 वर्षों से तैनात हैं। यह कर्मचारी विद्यालय में शिक्षा का महौल खराब कर रहा है। आए दिन चुतर्थ श्रेणी कर्मचारी बच्चों और स्टाफ के साथ गाली गलौज मारपीट करता है। बीते आठ अक्टूबर को गांव के छात्र प्रवीन सिंह के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। इससे पहले भी कर्मचारी बालक और बालिकाओं के साथ गलत व्यवहार कर चुका है। इससे कई बच्चे स्कूल छोड़ चुके है। कर्मचारी दिन भर गांव में घूमता है। उसकी शिकायत अधिकारियों से की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इंचार्ज अध्यापक ब्रजेंद्र कुमार पांडे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के व्यवहार से मानसिक रूप से परेशान हैं।

किसान मजदूर संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचारः राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नागेंद्र पांडेय को सौंपा। जिसमें चार मांगें रखी गई।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि एनएच 731 के तहत आने वाली कृषि भूमि जो आबादी से काफी दूर है, उसे एनएच 731 के अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आपसी साठगांठ कर कृषि योग्य भूमि को वर्ग गज में क्रय किया है। उसका मूल्यांकन अकृषिक एवं उद्योग की भूमि में किया गया है। उन्ही गाटा संख्याओं जिनका कुछ अंश वर्ग मीटर में क्रय किया गया है शेष भूमि पर अभी भी खेती होती है। एनएच 731 के बीसलपुर शाहजहांपुर खंड बीसलपुर की आबादी से होकर गुजरता है। जिसमें कुछ जमीन गाटा संख्या 394 ,110 आदि आवास, उद्योगों के बीच में है। कई वर्ष से कृषि कार्य नहीं किया जा रहा है। एनएच 731 के अधिकारियों द्वारा उक्त गाटा संख्या 394, 110 आदि का मूल्यांकन अकृषिक एवं उद्योग की भूमि के अनुसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि एनएच 731 के अंतर्गत आने वाली आबादी से मिली जमीन के खसरे लेखपाल नहीं दे रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष सर्वेश कुमार, निसार अहमद,विशाल, मुन्ना, रोहिताश, तुलाराम, प्रेमपाल, नत्थूलाल, रामचंद्र, सूरजपाल थे।

मझोला महोत्सव में वैशाली ने बिखेरा जलवा

मझोला महोत्सव में दर्शकों को संबोधित करते डीएम। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान गीत सुनातीं वैशाली विजय। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

● रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी का मन मोहा, दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

अमृत विचारः उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला में नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह की ओर से आयोजित मझोला उत्सव लोगों को खूब भा रहा है। इसमें कस्बे के अलावा जनपद एवं उत्तराखंड के भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। दंगल में पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया।

21 अक्टूबर से मझोला उत्सव चल रहा है। तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार रात डीएम संजय कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया रहीं। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसे देखकर दर्शक झूम उठे। डीएम ने आयोजन की सराहना की। बॉलीवुड कलाकार वैशाली विजय ने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा।

उनके गीतों पर दर्शक जमकर थिरके। पंजाबी डांस, राजस्थानी, डांस ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के लिए झूले व खानपान के स्टॉल लगाए गए। मेले में सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, भाजपा नेता लेखराज भारती, बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, बिलसंडा चेयरमैन डीके गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, विकास अग्रवाल आदि पहुंचे। रंगोली, मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रंगीली मेंहदी गायन समेत सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार किया गया।

दियूरी के प्रधान और सचिव की डीएम से शिकायत

गजरौला, अमृत विचारः ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों में घपलेबाजी का आरोप लगाकर मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दियूरी के प्रधान व सचिव की शिकायत की गई है। गांव के ही मुकेश कुमार, दीपचंद, धर्मेंद्र कुमार आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत में प्रकाश व्यवस्था, मनरेगा कार्य और ग्राम निधि से सीसी रोड, इंटरलॉकिंग कार्य कराया गया। जिसमें घटिया साम्रगी का प्रयोग किया जा रहा है। अब्बल ईंट की जगह पीला ईंट लगाई है। ये भी आरोप लगाया कि अधिक श्रमिकों के नाम पर पेमेंट किया जा रहा है, जबकि मौके पर कम श्रमिक हैं। ग्राम पंचायत में प्रकाश व्यवस्था पर 700 रुपये वाली लाइट लगाई गई। आरोप है कि भुगतान 3500 रुपये के हिसाब से किया गया है। शिकायतकर्ता ने 2021 से अब तक कराए गए कार्यों की टेक्निकल जांच कराने की मांग की है।

जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे अधिवक्ता नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

एडीएम न्यायिक अजीत परेश को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● ज्ञापन में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत कई मांगे रखी

अमृत विचारः जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक अजीत परेश को सौंपा।

एडीएम को दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने 18 अक्टूबर को जिला बार एसोसिएशन मेरठ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय अधिवक्ता महासम्मेलन में पारित प्रस्ताव के अनुक्रम में मांगे रखीं। कहा कि अधिवक्ता बिना किसी अनुदान या मानदेय के हर मौसम में टिनशेड या खुले आसमान के नीचे दीवार किनारे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अभाव में न्यायिक कर्तव्यों का निर्वहन करता है। आए दिन अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही है। अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता और सुरक्षा पर गंभीरता नहीं दिख रही है। ऐसे में विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई। प्रदेश के समस्त राजस्व न्यायालयों में कार्यरत बिना विधि स्नातक के पीठासीन अधिकारियों को विधि स्नातक से संबंधित अध्यन व उपाधि के लिए जाने को आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय, सचिव मोहन गिरी गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष आलोक नगायच, हेमंत मिश्रा, देव कुमार गुप्ता, अश्वनी कुमार सिंह, संतोष मिश्रा, कुलदीप अवस्थी, राधा सहगल, राजीव अवस्थी, अवधेश शर्मा, कामरान बेग, सिराज अहमद, सचिन शर्मा, तेज वर्मा, जिया उल इस्लाम, रजत अग्रवाल, लाल बहादुर आदि रहे।

मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम

पीलीभीत, अमृत विचार : तहसील अमरिया के धुंधरी शरीफ में सालाना उर्से फकरुल आरिफ़ीन शानो शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान तरही मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत सज्जादा नशीन खानकाह मकसूदउल औलिया हजरत सूफी शाकिर मियां ने फरमाई जबकि निजामत हजरत मौलाना सूफी अजीमुद्दीन ने की। शाद पीलीभीत, मोईन नवाबगंज, मोहम्मद हाशिम नाज, सलीम रिछोलबी, जाने आलम, डॉ.मोहम्मद अकरम, रेहान रजा, अब्दुल सईद खान, उस्मान खान रजी, हाफिज मोहम्मद हारुन, हाफिज अब्दुल माजिद आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किए। देश में अमन चैन की दुआ की गई।

प्रतियोगिता : 400 मीटर दौड़ में दीपिका और तफसीर मदार प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को एकत्र बच्चे। ● अमृत विचार

दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

● 50 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में राज राठौर ने मारी बाजी

● बिठौराकलां जोन की प्रतियोगिताएं संपन्न, 150 बच्चे हुए शामिल

अमृत विचारः मरौरी ब्लॉक के बिठौराकलां जोन की खेलकूद प्रतियोगिताएं बुधवार को संपन्न हो गईं। बिठौराकलां जूनियर हाईस्कूल के खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। पांच न्याय पंचायतों के 150 से अधिक स्कूलों के बच्चे शामिल हुए और दमखम दिखाया। प्रतियोगित

सर्वप्रथम 50 मीटर बालक वर्ग की दौड़ कराई गई। जिसमें राज राठौर प्रथम, प्रवीण द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में तफसीर मदार प्रथम ,वंश द्वितीय, 200 मीटर में तफसीर मदार प्रथम, राज राठौर द्वितीय, 400 मीटर में भी तफसीर मदार और राज राठौर क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। प्राइमरी स्तर बालक वर्ग की दौड़ में राज राठौर और तफसीर मदार का बोलबाला रहा। 50 मीटर प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग दौड़ में दिव्या राठौर प्रथम, राधिका द्वितीय, 100 मीटर में दिव्या प्रथम ,प्रियंका द्वितीय ,200 मीटर में दिव्या राठौर प्रथम, दिव्या द्वितीय, 400 मीटर में दीपिका प्रथम, पूनम द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में करन प्रथम, अनस द्वितीय ,200 मीटर में करन प्रथम , करन कुमार द्वितीय, 400 मीटर में सुरेश प्रथम, सुमित वर्मा द्वितीय ,600 मीटर में विश्वजीत प्रथम ,संजय द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर स्तर बालिका वर्ग की दौड़ में दीक्षा प्रथम ,रितु द्वितीय ,200 मीटर में रोशनी प्रथम, मानसी द्वितीय ,400 मीटर में ललिता प्रथम, मेहरून निशा द्वितीय, 600 मीटर में नेहावती प्रथम, रितु द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक,चक्का फेंक, खो खो ,कबड्डी, हॉकी की प्रतियोगिताएं कराई गई। हॉकी में जूनियर हाई स्कूल दियोरी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर सभी दंग रह गए ।

खेल मैदान पर समस्त व्यवस्थाएं जूनियर हाई स्कूल बिठौराकलां की प्रधान अध्यापक अर्चना भार्गव ने संभाली। निर्णायक मंडल में खेल अनुदेशक मुकेश कुमार ,जयप्रकाश, शरद कुमार ,मनीष कुमार ,प्रवेश नवल, राजेंद्र कुमार, लाल करन शामिल रहे। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराकर परिणाम लेखा समिति को सौंपे गए । इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, संकुल शिक्षक केके सागर,यशपाल, हिमांशु कुमार, ब्रह्मदेव तिवारी, अर्चना भार्गव, सुरेश कुमार श्यामलाल ,अजय पाल राजकुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे। संकुल शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एक नजर

युवक पर जानलेवा हमला

बीसलपुर, अमृत विचार : स्टेशन रोड पर स्थित नावल्टी टॉकीज के नजदीक एक युवक पर हमला कर दिया गया। धारदार हथियार से पुरानी रंजिश में वार करके लहूलुहान कर दिया। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी के सुहेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुद्वारे के पीछे गौटिया का निवासी मोहम्मद रिजवान से उसकी रंजिश है। मंगलवार रात को वह नावल्टी टॉकीज के पास थे। इस दौरान आरोपी ने हमला कर दिया। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए और बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुर, अमृत विचार : कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम सफौरा की निवासी मनीषा देवी पत्नी अशोक कुमार ने बताया कि उसका पड़ोसी ठाकुरदास, उसकी पत्नी गंगा देवी उससे रंजिश मानते हैं। इसी के चलते मंगलवार को आरोपी अपने पुत्रों के साथ आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे व पति अशोक कुमार की पिटाई कर दी। शोर सुनकर परिवार के सदस्य जमा हुए तो उनको भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

पड़ोसी ने महिला को पीटा

बरखेड़ा : क्षेत्र के गांव जिरौनिया की रहने वाली लीलावती पत्नी वीर बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका नाली निकास को लेकर विवाद है। इसी के चलते पड़ोसी घनश्याम, हरस्वरूप, नेतराम, लोकेश ने बीते दिनों घर में घुसकर मारपीट की। धारदार हथियार व लाठी डंडों से वार किए।

बच्चे का अपहरण करने के दोषी को 10 साल कैद

अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सुनाया फैसला, अदालत ने 22 हजार रुपये जुर्माना भी डाला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः नौ साल के बच्चे को अगवा कर ले जाने के बाद हमला के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद मुजरिम को दस साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने 22 हजार रुपये जुर्माना भी डाला है। सरकार की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार अमरिया क्षेत्र के ग्राम कैचूटांडा निवासी मोरध्वज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 जून 2019 की शाम करीब साढ़े सात बजे उनके नौ वर्षीय पुत्र को किराना की दुकान के पास से गांव का मोजिम पुत्र मोहम्मद अहमद शराब के नशे में अगवा करके बाइक पर ले गया। गांव के पीछे भट्ठे की तरफ ले जाकर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। बेटे के न मिलने पर उन्होंने काफी खोजबीन की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तब जाकर आरोपी पकड़ा जा सका। ये भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। 19 जून 2019 को पुलिस ने आईपीसी की धारा 323, 352, 323, 504 के तहत रिपोर्ट

- **वर्ष 2019 में थाना अमरिया में लिखी गई थी एफआईआर**

दर्ज की। विवेचना के बाद मामले की चार्जशीट पुलिस ने न्यायालय में दाखिल की।मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना की अदालत में हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को अपहरण, मारपीट का दोषी पाते हुए 10 साल कैद और 22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

हापुड़ के तीन समेत चार डकैतों को साढ़े तीन साल की सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **अमरिया थाने में वर्ष 2013 में लिखी गई थी गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट**
- **विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने सुनाया फैसला जुर्माना भी डाला**

अमृत विचारः गैंगस्टर एक्ट के 11 साल पुराने मामले में हापुड़ के तीन समेत चार डकैतों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने सुनवाई के बाद चारों को दोषी पाते हुए साढ़े तीन साल कैद और प्रत्येक को पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार शुक्ल ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार अमरिया थाने में तत्कालीन एसओ ताहिर हुसैन ने 24 अक्टूबर 2013 को गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में बताया गया कि हापुड़ जनपद के पानी की टंकी सिकंदर गेट निवासी मोबीन पुत्र अब्दुल सलीम, साजिद कुरैशी पुत्र इकबाल, हापुड़ के बुलंदशहर रोड के निवासी आसिफ सैफी पुत्र मोहम्मद असलम, पीलीभीत जनपद के थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम गुलाबटांडा निवासी जीशान पुत्र रहीस अली आदि का एक गिरोह है। आरोपी डकैती, लूट, चोरी आदि घटनाओं को अंजाम देकर आम जनता को डरा धमकाकर अवैध रूप से धन अर्जित करते हैं। आम जनमानस में इनका भय व्याप्त है।इसी कारण कोई व्यक्ति इनके विरुद्ध साक्ष्य देने का भी साहस नहीं कर पा रहा है। गिरोह का सरगना मोबीन है। गिरोह के सदस्यों के आपराधिक इतिहास का भी हवाला दिया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इसके अलावा माधोटांडा क्षेत्र के रहने वाले पांचवें आरोपी के नाबालिग होने पर उसका आरोप पत्र पृथक रूप से प्रेषित किया गया। न्यायालय ने 31 अगस्त 2015 को मामले में आरोप विरचित किए। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी मोबीन, जीशान, आसिफ सैफी और साजिद कुरैशी को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

चरस रखने के दोषी को छह माह का कारावास, जुर्माना भी लगा

विधि संवाददाता, पीलीभीत, अमृत विचार : स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट/त्वरित न्यायालय चन्द्र मोहन मिश्र ने एक मामले की सुनवाई के बाद अवैध चरस रखने के आरोपी जिला शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव गढ़िया रसूलपुर के तिरमल कुमार को दोषी पाते हुए छह माह कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बरखेड़ा के दरोगा

- **स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चन्द्र मोहन मिश्र ने सुनाया फैसला**
- **पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान बरामद की थी चरस**

राकेश कुमार वर्मा नौ फरवरी 2023 को पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं देखरेख में लगे थे। तभी अमखेड़ा मन्दिर के पास जनपद शाहजहांपुर के रहने वाले आरोपी तिरमल कुमार के कब्जे से 215 ग्राम अवैध चरस बरामद कर उसे जेल भेजा। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट/एफटीसी चन्द्र मोहन मिश्र की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त आरोपी को अवैध चरस रखने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

गोवंश को खिला रहे थे खड़ा चारा, अब होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम के निरीक्षण में खुली पोल सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि**
- **बरखेड़ा ब्लॉक की डंडिया भगत गोशाला का मामला**

अमृत विचारः गोशालाओं को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से तमाम सख्ती की जा रही है। इसके बावजूद गोशालाओं में गोवंश के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। डीएम के निरीक्षण के दौरान बरखेड़ा ब्लॉक की एक गोशाला में गोवंश को खड़ा हरा चारा खिलाते पाया गया। पता चला कि गोशाला में चारा काटने की मशीन ही नहीं है। लापरवाही मिलने पर डीएम ने संबंधित सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

जनपद में करीब 57 स्थाई एवं अस्थाई गोशालाएं हैं। इनमें करीब छह हजार गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इधर डीएम संजय कुमार सिंह जनपद की गोशालाओं की व्यवस्थाएं परखने को लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। बीते माह डीएम ने बरखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत डंडिया भगत स्थित अस्थाई गोशाला का औचक निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान गोशाला जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह गड्ढे पाए गए। गोशाला के निरीक्षण में गोवंशों को बिना चारा मशीन से कटा हरा चारा देते पाया गया। इस मामले में जब गोशाला के केयर टेकर से पूछा गया तो उसने

> डीएम द्वारा अस्थाई गोआश्रय स्थल किया निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर संबंधित सचिव प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

गोशाला में चारा मशीन न होने की बात कही। इस मामले में पंचायत सचिव रूपेश कुमार सिंह से पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

इस पर डीएम ने मौजूद पंचायत सचिव समेत स्टाफ से खासी नराजगी जताई। बताते हैं कि विभागीय बैठकों में भी पंचायत सचिव को गोशाला में बार-बार चारा मशीन लगवाने के निर्देश दिए गए, इसके बावजूद सचिव ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

पाया कि हरे चारे की उचित व्यवस्था न होने के कारण गोवंश बीमार हो रहे हैं। इधर सचिव द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने एवं गोशाला का दैनिक रूप से पर्यवेक्षण न करने पर डीएम ने पंचायत सचिव रुपेश कुमार सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

कुएं से रुपये निकलने की सुनकर दौड़े लोग

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचारः महादेव मंदिर के निकट कुआं में रुपये निकलने का शोर मचा तो कुछ ही देर में लोग बाल्टियां लेकर एकत्र हो गए और रुपये निकालने का प्रयास करने लगे। इसकी सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मी भी लालच में आ गए। कुछ लोगों ने रुपये निकाल भी लिए, लेकिन निकले नोट फटे हुए थे। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना रहा।

नगर के मोहल्ला ग्यासपुर स्थित महादेव मंदिर परिसर में कुआं है। बताते हैं कि इस कुएं का पानी कभी नहीं सूखा। बुधवार को कुएं में 100, 50, 20 और 10 के नोट लोगों को पड़े हुए दिखाई दिए। जिन्हें देख लोगों के मन में लालच आने लगा। कुएं से रुपये निकलने का शोर फैलता चला गया। घरों

कुएं से रुपये निकलने की सुनकर एकत्र हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **लोग कुआं में बाल्टी डालकर रुपये निकालने का करते रहे प्रयास**

से निकलकर लोग मंदिर में कुएं की तरफ पहुंचना शुरू कर दिया। इससे भीड़ जमा हो गई। लोग बाल्टी कुएं में डालकर रुपये निकालने का प्रयास करने लगे। कुएं के पास कुछ सिपाही भी पहुंच गए थे। हालांकि गहराई अधिक होने पर पुलिस वाले चले गए। इसके बाद सूचना मिलने पर कोतवाली से पुलिस पहुंची और जानकारी की। कुछ लोगों ने बाल्टी में रस्सी बांधकर रुपये निकालने का प्रयास किया। नोट बाहर भी आए लेकिन वह फटे हुए थे। इसे कौन फेंक कर गया इसका पता नहीं लग सका।

शिक्षामित्र के पति ने बच्चों से की मारपीट, अभिलेख फाड़े

संवाददाता, जहानाबाद

- **प्रधानाचार्य ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**
- **बोलीं-रोकने पर शिक्षकों व उनसे की गई अभद्रता**

अमृत विचारः प्राथमिक विद्यालय हरचुईया में तैनात एक शिक्षा मित्र के पति ने स्कूल पहुंचकर पहले बच्चों से मारपीट की। फिर कमरे में जाकर फर्नीचर फेंक दिया और अभिलेख फाड़ दिए। प्रधानाचार्य ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी उनसे भी झगड़ा करने पर उतारू हो गया। जहानाबाद पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

बरेली के प्रेमनगर की रहने वाली ममता सक्सेना पत्नी मुकेश सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वर्तमान में हरचुईया गांव के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं। उसी विद्यालय में गांव की अखिलेश कुमारी पत्नी विकास बाबू शिक्षा मित्र है। 22 अक्टूबर की दोपहर दो बजे शिक्षा मित्र का पति स्कूल में आया और बच्चों से गाली गलौज करने लगा। कुछ बच्चों के साथ मारपीट की गई। जब अन्य शिक्षकों ने मना किया तो उनसे भी अभद्रता की गई। कमरे में रखी मेज कुर्सी इधर-उधर फेंक दिए।

शोर होने पर वह मौके पर पहुंची तो पीड़िता के साथ भी मारपीट करने पर उतारू हो गया। जान से मारने की धमकी दी गई। सरकारी रजिस्टर भी फाड़ दिए। पुलिस ने मामले में प्रधानाचार्य की ओर से एफआईआर दर्ज की है।

घर में घुसकर युवक को गोली मारी

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः मजदूर को काम पर बुलाने को लेकर एक युवक का पड़ोसी से विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसी ने घर में घुसकर तमंचे से युवक को गोली मार दी। सीने में गोली लगने से युवक घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने आरोपी से तमंचा छीन लिया। घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के रहने वाले गुरपिंदर सिंह खेती करते हैं। बताते हैं कि पड़ोसी संदीप सिंह के यहां काम करने वाले मजदूर को गुरपिंदर ने बुधवार को अपने खेत पर मजदूरी के लिए बुला लिया था। इस पर पड़ोसी नाराजगी जताने लगा। पीड़ित गुरपिंदर के अनुसार आरोपी संदीप ने उससे फोन

गोली लगने से घायल गुरपिंदर।

कर गाली-गलौज की। शाम को वह अपने घर में बैठे थे। तभी आरोपी संदीप तमंचा लेकर अपने साथियों संग उसके घर में घुस गया और हमला कर दिया। इसी बीच उसने तमंचे से फायर किया। गोली गुरपिंदर के सीने में लगी जो पार हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर गुरपिंदर के परिजन कमरे से बाहर की ओर दौड़े। उन्होंने देखा तो आरोपी तमंचा लेकर वहीं खड़ा रहा। परिजनों ने किसी तरह उससे तमंचा छीन लिया। गुरपिंदर के सीने से खून बहना तो

- **फायर की आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों ने आरोपी से तमंचा छीना**
- **मजदूर को काम पर ले जाने को लेकर दो पड़ोसियों में हुआ विवाद**

> एक व्यक्ति को गोली लगने की जानकारी लगी है। घायल का इलाज चल रहा है। सूचना पर गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पड़ताल कराई जा रही है। – **नरेश कुमार त्यागी**, कोतवाल पूरनपुर

परिवार में चीख पुकार मच गई। इसी बीच आरोपी मौके से भाग गया। परिवार वाले घायल गुरपिंदर को सीएचसी लेकर गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल नरेश कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे, और घायल गुरपिंदर से घटना के बारे में जानकारी की।

पीलीभीत के साका ने नेपाल के गूंगा थापा को पछाड़ा

संवाददाता, अमरिया

अमृत विचारः रामलीला मेले में चल रहे दंगल में आए पहलवानों ने कुश्ती में दमखम दिखाया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

रामलीला मेले में चल रहे दंगल में बुधवार को हिमाचल के काढ़ा पहलवान और अजमेर के अजमेरी के बीच कुश्ती हुई। रोचक मुकाबले में अजमेरी पहलवान ने बाज़ी मारी। पीलीभीत के साका पहलवान ने नेपाल के गूंगा थापा पहलवान को हराया। हिमाचल के काढ़ा पहलवान और दिल्ली जामा मस्जिद के बाबर पहलवान के बीच रोचक मुकाबला हुआ,जोकि बराबरी पर छूटा। झांसी

दंगल में दांवपेंच लड़ाते पहलवान।

के शैतान पहलवान और संभल के जुनैद पहलवान के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। इस मौके पर मेला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी, किशोरी लाल सागर, लेखराज भारती, नेमचंद सागर, कमल कुमार गुप्ता, मुंशीलाल सागर, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सिंघाड़े बेचकर लौट रहे बुजुर्ग को ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **न्यूरिया थाना क्षेत्र में बनकटी नहर पुलिया के नजदीक हुआ हादसा**
- **हादसा करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में लिया चालक फरार**

अमृत विचारः सिंघाड़े बेचकर बाइक पर घर लौट रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार आए ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरी निवासी सीताराम (60) मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। इन दिनों वह गांव के नजदीक एक तालाब से सिंघाड़े निकालकर बिक्री किया करते थे। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे वह बाइक पर सिंघाड़े बेचने

> ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हुई है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। – **अशोक पाल**, न्यूरिया इंस्पेक्टर

निकले थे। रात करीब आठ बजे वह मरौरी गांव से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में बनकटी नहर पुलिया के नजदीक पहुंचने पर उनकी बाइक में ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर न्यूरिया पुलिस पहुंच गई। आनन-फानन में घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने सीताराम को मृत घोषित कर दिया। उधर, पुलिस ने जानकारी करने के बाद हादसा करने वाली ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। हालांकि उसका चालक हत्थे नहीं चढ़ सका। जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार वाले भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।

छात्र नेता ने बैठक कर लगाए आरोप

पीलीभीत, अमृत विचारः छात्र नेता हरगोविंद गंगवार के बल्लभ नगर कॉलोनी स्थित आवास में बुधवार को बैठक हुई। जिसमें उपाधि महाविद्यालय की ओर से आयोजित किए जाने वाले सेमिनार को लेकर सवाल उठाए गए। आरोप लगाया कि सेमिनार के नाम पर बीकॉम के छात्र छात्राओं से तीन सौ रुपये लिए गए हैं। सेमिनार का खर्च महाविद्यालय के सेल्फ फाइनेंस से किया जा रहा है। महाविद्यालय की विज्ञान प्रयोगशालाओं का भवन जर्जर है। विज्ञान प्रयोगशालाओं को बंद करने का आदेश दिया जा चुका है। इससे बच्चों का प्रैक्टिकल तक नहीं हो पा रहा है। महाविद्यालय में काफी जगह हैं। फिर आयोजन दूसरे स्थान पर किया जा रहा है।

पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

- **मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला**

अमृत विचारः दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में पति समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा नत्थू के मनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी आठ मई 2023 को जनपद शाहजहांपुर के थाना तिलहर क्षेत्र के गांव शेरापुर निवासी राजकुमार पुत्र सोनपाल से हुई थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। दहेज में दो लाख रुपये व कार की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि पति राजकुमार, सास विद्याबती, ससुर सोनपाल, ननद संतोष व नंदोई उमेश कुमार ने मारपीट की।

भूखा प्यासा भी रखते थे। कई बार जान से मारने का प्रयास किया। शादी के दो महीने बाद ही मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मंडी में धान तुलवाने को लेकर किसानों का हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर

- **एसडीएम ने केंद्र पर धान उतरवाने के दिए निर्देश**

अमृत विचारः मंडी में किसान के धान में नमी बताकर खरीदने से मना कर दिया। किसान ने इसका विरोध किया। धन उतारने को लेकर हंगामा होने लगा। जानकारी लगते ही एसडीएम पहुंचे और धान परिसर में उतरवाने के निर्देश दिए।

गांव रघुनाथपुर के रहने वाले किसान रामप्रकाश पांडे बुधवार को अपना धान ट्राली में भरकर मंडी में लगे आरएफसी सेंटर पर ब्रिकी करने पहुंचे। इस दौरान धान में अधिक नमी बताकर खरीदने से मना कर दिया गया। इस पर वह केंद्र के पास ही धान सुखाने के लिए उतारने लगे। उन्हें धान उतारने से मना कर दिया गया। उन्होने विरोध किया तो जगह की कमी बताकर धान उतारने की खिलाफत कर दी गई। इसको लेकर हंगामा होने लगा। सूचना पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह पहुंच गए। उन्होंने मामले की जानकारी की। उसके बाद किसान रामप्रकाश पांडे का धान उतरवाने के निर्देश दिए। इसके बाद मामला शांत हो सका। मंडी सचिव सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि किसान के धान में नमी ज्यादा थी। उसे सूखने में एक सप्ताह से अधिक समय लगता। इससे केंद्र पर अव्यवस्थाएं होती। धान जबरन उतारने के लिए मना किया गया था।

हंगामे की सूचना पर क्रय केंद्र पहुंचे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

शाम साढ़े चार बजे के बाद नहीं मिलेगी प्रवेश पर्ची

क्षेत्र में धान की कटाई तेजी पर है। इससे मंडी में लगे क्रय केंद्रो पर भी धान की आवक बढ़ गई है। दिन के आलावा रात में भी किसान धान से भरी ट्रालियां लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। धान की आवक बढ़ने से मंडी परिसर का दायरा कम पड़ने लगा है। केंद्रो पर जांच के बाद धान में नमी होने पर

- **धान की आवक बढ़ने से परिसर का दायरा पड़ने लगा कम**

उसे सुखाया जाता है। इससे केंद्र के आसपास की जगह घिर जाती है। इससे अन्य किसानों को धन केंद्र तक नहीं पहुंच पाता। इसके चलते अव्यवस्थाएं हावी हो रही है। मंडी सचिव सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सुबह साढे आठ से गेट पर ट्रालियों को एकत्र कर प्रवेश पर्ची दी जाएगी। शाम के साढ़े चार बजे के बाद केंद्रो पर धान लेकर पहुंचने वाले किसान को प्रवेश पर्ची नहीं दी जाएगी। यह नियम किसानों के हित में व्यवस्थाएं बनी रहने के लिए लागू किया गया है।

कोर्ट के आदेश पर हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचारः कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम बहादुरपुर हुक्मी के रहने वाले भगवान सिंह की ओर से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।जिसमें पीड़ित ने बताया कि गांव के ही रमेश चंद्र के परिवार वाले उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी को लेकर विवाद चल रहा है। 13 अप्रैल की सुबह साढ़े नौ बजे वह अपने खेत की तरफ गए थे।

इस दौरान आरोपी रमेश चंद्र,दिनेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, भूपराम, मोहनलाल, रामभरोसे लाल उर्फ सोनू व टिंकू लाठी डंडे लेकर आ गए। गाली गलौज करते हुए हमला कर पिटाई कर दी। गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। आरोपियों ने खेत में खड़े पेड़ काट दिए। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अभियान के तहत आरपीएफ ने रेलवे की जमीन से हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः आरपीएफ ने पुलिस के साथ अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान क्रासिंग के दायरे में रखे खोखे और दुकाने हटवाई गई। इसको लेकर खलबली मची रही।

पूरनपुर से पीलीभीत और मैलानी के लिए ब्राडगेज ट्रेनों का संचालन शुरु हो चुका है। माधोटांडा और शेरपुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों ओर खोखे और दुकानें लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। जाम लगने के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती थी। कई बार रेलवे की ओर से अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई लेकिन दुकानें नहीं हटाई गई।

बुधवार को रेलवे सुरक्षा फोर्स ने कोतवाली पुलिस के साथ माधोटांडा और शेरपुर कलां रेलवे

अतिक्रमण हटवाने पहुंचे आरपीएफ के जवान। ● अमृत विचार

- **माधोटांडा रोड पर अभियान चलने से मची खलबली**

क्रासिंग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क दोनों ओर रखे खोखे और दुकानें हटवाई गई। इसको लेकर खलबली मच गई। जानकारी लगने पर शेरपुर रेलवे क्रासिंग के पास भी दुकानें हटवाईं गईं। आरपीएफ इंस्पेक्टर शहनवाज हुसैन ने कहा कि 400 मीटर क्षेत्र में दुकानें लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। कई दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस मौके पर रमेश चंद्र, कमरुल हुदा, बबिता तिवारी, रिंकू राना, सविता गुर्जर, दरोगा सलोनी आदि मौजूद रहे।

डंपिंग ग्राउंड खाली, रोडवेज के सामने डाल रहे कूड़ा

शहर में रोजाना 50 टन से अधिक निकलता है कूड़ा, दुर्गंध से दुकानदार व राहगीर सभी परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जिम्मेदार चाहे कितनी भी सख्ती कर लें, लेकिन शहर की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं लेती। अब तक तमाम जिम्मेदार नगर पालिका की बागडोर संभाल चुके हैं, लेकिन कूड़ा निस्तारण अभी तक ठीक ढंग से नहीं हो सका। डंपिंग ग्राउंड होने के बावजूद शहर भर का कूड़ा रोडवेज बस स्टैंड के सामने देवहा नदी की तलहटी और रोड किनारे डाला जा रहा है। सड़क किनारे डाला जा रहा कूड़ा शहरवासियों के लिए जी का जंजाल बन गया है। यहां कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध रोडवेज आने वाले यात्रियों और दुकानदारों को परेशान कर रही है।

करीब ढाई लाख की आबादी वाले इस शहर के कूड़ा निस्तारण के लिए वर्ष 2018 में डंपिंग ग्राउंड बनाने के लिए मीरापुर में जगह ली गई थी। जहां शहर भर का कूड़ा डाला जा सके। शहर में रोजाना 50 टन से अधिक कूड़ा निकलता है। नगर पालिका द्वारा कुछ समय तो कूड़ा मीरापुर स्थित डंपिंग ग्रांउड भेजा गया, लेकिन उसके बाद रास्ता आदि की समस्या के चलते कूड़ा भेजना बंद कर दिया गया। बताते हैं कि अब कूड़े का उठान करने के बाद रोडवेज बस स्टैंड के सामने रोड किनारे और देवहा नदी की तलहटी में डाला जा रहा है। नगर पालिका की ट्रॉलियां बीते कई दिनों से यहां कूड़े के ढेर लगा रही हैं। पिछले कई दिनों से डाले जा रहे कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध से रोडवेज बस स्टैंड आने वाले यात्रियों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बस स्टैंड के आसपास के दुकानदारों को दुर्गंध जीना दुश्वार किए हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस मार्ग पर रोडवेज बसों के खड़े से होने से पहले से समस्या बनी हुई है अब कूड़े की बदबू से ग्राहकों ने आना कम कर दिया है। इससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

देवहा नदी की तलहटी में डाला गया कूड़ा। ● अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड के सामने सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड के सामने नगर पालिका के कर्मचारी रोजाना ही कूड़ा डाल रहे हैं। इससे दिनभर गंदगी और कूड़े के ढेरों से उठती बदबू के बीच बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। मगर इसको समझने वाला कोई नहीं है। पता नहीं कब तक समस्या का समाधान होगा।
– **शकील**, दुकानदार

रोजाना यहां से होकर खेत की ओर जाना पड़ता है। मजबूरी में कूड़े के ढेरों के बीच से गुजरना पड़ रहा है। साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी आम आदमी कूड़े से परेशान है। पता नहीं क्यों यहां की साफ सुथरी जगह को बर्बाद कर कूड़े का अंबार लगा दिया गया।
– **चंद्रसेन**, राहगीर

चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है। रोजाना नगर पालिका की गाड़ियां यहां कूड़ा डाल रही हैं। कूड़ा तो पूरे बिजनेस पर चोट कर रहा है। कूड़े की बदबू की वजह से ग्राहकों ने आना कम कर दिया है। अगर यही हाल रहा तो दुकानें बंद करनी पड़ेगी।
–**शैलेंद्र कुमार**, दुकानदार

कूड़े के निस्तारण को लेकर जिम्मेदारों को गंभीर होना चाहिए। सड़कों के किनारे डाले जा रहे कूड़े से शहर की छवि खराब हो रही है। मरे हुए जानवर भी यहीं डाले जा रहे हैं। हफ्तों तक बदबू आती रहती है। समस्या का जल्द समाधान होना चाहिए।
– **राजू राठौर**, दुकानदार

श्री रामलीला मेले में कवि सम्मेलन कल

पूरनपुर, अमृत विचारः श्री रामलीला मेले में शुक्रवार को विराट कवि सम्मेलन होगा। कस्बे में श्री रामलीला मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन कलाकार रामलीला का मंचन कर रहे है। खेल तमाशों की दुकानें और झूले भी लगे हैं। मेले में श्री रामलीला के मंच पर 25 अक्टूबर को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन शाम छह बजे से किया जाएगा। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और मेला कंट्रोलर वीरेंद्र कुमार के निर्देशन में होने वाले इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि पंडित राम अवतार शर्मा करेंगे। कार्यक्रम का संयोजन प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र, वरिष्ठ कवि देव शर्मा विचित्र और कवि व पत्रकार सतीश मिश्र अचूक संयुक्त रूप से करेंगे। इसमें बदायूं के वरिष्ठ हास्य व व्यंग्य कवि पवन शंखधार, पुवायां के विजय तनहा, बरेली से उमेश त्रिगुणायत अद्भुत और संयोजक देव शर्मा विचित्र, ओज कवि अविनाश चन्द्र मिश्र चंद, आलोक मिश्र, संजय पांडे, संजीव मिश्र शशि, सरोज सरगम, जीतेश राज नक्श, नबाब शैदा, अमिताभ मिश्र, सुल्तान जहां की गजलें और कविताएं सुनने को मिलेंगी।

कौन भेजता था एक्सपायर सीमेंट, अब तक जांच में नहीं हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः ब्रांडेड के नाम पर नकली सीमेंट की बिक्री करने के मामले में गोदाम सील करने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। लंबे समय से चले आ रहे इस खेल के उजागर होने के बाद भी कार्रवाई सुस्त है। धंधेबाज का फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद उठे तमाम सवालों के जवाब जिम्मेदार अधिकारी आठ दिन बाद भी नहीं तलाश सके हैं। वहीं, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है। सवाल यह है कि आखिर नकली सीमेंट के धंधेबाज के तार कहां तक जुड़े थे? इसमें ये अकेला ही शामिल रहा या फिर कोई और भी पीछे हैं। इन तमाम सवालों के जवाब नहीं मिल सके हैं।

एसडीएम द्वारा सील किया गया गोदाम। ● अमृत विचार

- **ब्रांडेड कंपनी के नाम से बैग आरोपी ने खुद बनवाए थे या इसके पीछे कोई दूसरा धंधेबाज है**
- **गोदाम सील, एफआईआर दर्ज, फिर भी फर्म मालिक की अब तक नहीं हो सकी गिरफ्तारी**

यह घटना 15 अक्टूबर की है। बिलगवां रोड स्थित मैसर्स श्रीगिरिराज इंडस्ट्रीज के गोदाम पर छापा मारा था। इसमें एक्सपायर सीमेंट ब्रांडेड कंपनी के कट्टों में भरकर बेचने का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस और बांट माप विभाग की टीम भी साथ थी। अफसरों के अनुसार ब्रांडेड कंपनी के पैकेट में भरकर रखे गए 1200 कट्टे सीमेंट गोदाम में रखे मिले थे। ब्रांडेड कंपनी के नए खाली बोरे भी बरामद हुए थे। यहां से एक्सपायर सीमेंट को लेबर से पिसवाकर ठीक कराकर नए बोरे रखकर बिक्री किया जाता था। उसी दिन गोदाम सील कर दिया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने में ही चार दिन लग गए थे। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के गुड़गांव (हरियाणा) के सेक्टर 39 के रहने वाले कर्मचारी कमल सिंह की ओर से कॉपीराइट एक्ट के तहत मैसर्स श्री गिरिराज जी इंडस्ट्रीज के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें विभिन्न कंपनियों के नाम से बने नकली सीमेंट से भरे बैग और जमा हुआ सीमेंट काफी मात्रा में मिलने की बात कही गई थी। गंभीर प्रकरण होने के बाद भी कार्रवाई की गति सुस्त है। छापामारी के आठ दिन बाद भी ये पता नहीं लगाया जा सका है कि आखिर एक्सपायर सीमेंट की बिक्री संबंधित फर्म को कौन-कौन कर रहे थे। एक्सपायर सीमेंट का सप्लायर कौन था। ये सीमेंट किन-किन स्थानों पर बिक्री किया जाता था। इस फर्म का मालिक कौन है? इसका भी अभी तक कोई जिक्र नहीं किया गया है।

चर्चा यह भी है कि फर्म का किसी और के नाम पर है। हालांकि इसकी पुष्टि भी अभी जिम्मेदार नहीं कर सके हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के कर्मचारी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर में सिर्फ उनकी कंपनी के चंद बैग नकली सीमेंट का जिक्र किया गया है। जबकि सील किए गए गोदाम में अन्य कंपनियों का सीमेंट बड़ी मात्रा में रखा था। इसे भी एक्सपायर या फिर नकली ही माना जा रहा है। अल्ट्राटेक कंपनी के नकली खाली बोरे मिलने की भी बात एफआईआर में साफ तौर पर कही गई है। अब इन्हें आरोपी खुद तैयार करता था या फिर इसे बनाने में कोई और भी है। फिलहाल सवाल तो कई हैं, लेकिन जवाब जिम्मेदारों के पास भी नहीं है।

अन्य दुकानों पर नहीं चलाया गया चेकिंग अभियान

सीमेंट की गुणवत्ता में कमी होने पर बड़े हादसे का डर रहता है। आए दिन निर्माण कार्य के दौरान घटिया क्वालिटी का सीमेंट इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें अफसरों तक पहुंचती हैं। एक बड़ा मामला जनपद मुख्यालय से सटे इलाके से उजागर भी हो चुका है। श्रीगिरिराजजी इंडस्ट्रीज का गोदाम सील होने के बाद से कई अन्य दुकानों पर स्टॉक को लेकर शोर मचा रहा था। मगर, इसे लेकर कोई चेकिंग या फिर जांच पड़ताल नहीं कराई गई है।

ब्रांडेड के नाम पर एक्सपायर सीमेंट की बिक्री के मामले में पूर्व में ही गोदाम सील किया जा चुका है। सीमेंट कंपनी की ओर से एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। फर्म मालिक के संबंध में जानकारी नहीं हो सकी है।
– **महिपाल सिंह**, एसडीएम सदर

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हिमांशु कुमार को मिला बीडीओ मरौरी का चार्ज

पीलीभीतः विकास खंड मरौरी की खंड विकास अधिकारी मृदुला के अवकाश पर चले जाने से उनके स्थान पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हिमांशु कुमार को चार्ज दिया गया है। इसके साथ ही बरखेड़ा में मनरेगा कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी बीसलपुर के बीडीओ लक्ष्मण प्रसाद को सौंपा गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि बीडीओ के अवकाश पर जाने से बदलाव किया गया हैं।

मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

पीलीभीत, अमृत विचारः मौसम बदलने के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। शहर के कुछ इलाकों में नियमित सफाई न होने से गंदगी है। नालियों में कीचड़ भरी रहती है। गंदगी की वजह से मच्छर पनप नहीं है। नगर पालिका की ओर से दवा का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि मच्छरों की वजह से बीमारियां पनप रहीं है। लोग मलेरिया और डेंगू के शिकार हो रहे हैं। मगर जिम्मेदार अफसरों और कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जबकि मच्छरों ने लोगों का रहना दुश्वार कर दिया है। लोगों ने दवा का छिड़काव करने की मांग की है।

गड्ढा मुक्त अभियान में भी खेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **अपर मुख्य अधिकारी को निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियां, ठेकेदार को नोटिस**
- **58.56 लाख की लागत से जिला पंचायत द्वारा छह सड़कों को किया जा रहा गड्ढामुक्त**

अमृत विचारः बाढ़-बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को गड्ढामुक्त करने में भी किया जा रहा है। इसका खुलासा अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बीसलपुर क्षेत्र में एक सड़क के निरीक्षण के दौरान हुआ। इस मामले में अब लापरवाही सामने के बाद संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

शासन द्वारा पिछले माह सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए थे। इसी कड़ी में जिला पंचायत द्वारा गड्ढा युक्त सड़कों का सर्वे कराया गया था। प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। शासन से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए 58.56 लाख रुपये का बजट जारी किया था। गड्ढा मुक्त अभियान के तहत पूरनपुर ब्लॉक में जमुनिया से ओड़ाझार मंदिर तक 1.750 किमी, मरौरी ब्लॉक में महुआ से रामनगरिया तक 3.00 किमी, बरखेड़ा ब्लॉक में रामनगर से पड़री तक अवशेष भाग 1.66 किमी एवं लमौआ से पैनिया तक 1.00 किमी तथा बिलसंडा ब्लॉक में जमुनिया महुआ से कासिमपुर तक 1.50 किमी और दियूरिया से नहर तक 1.16 किमी पर कार्य कराया जा रहा है। इधर गड्ढा मुक्त अभियान के तहत चल रहे कार्यों की हकीकत जानने के लिए अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने बीसलपुर क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दियूरिया से नहर तक 1.16 किमी में किए जा रहे कार्यो की पड़ताल की। जांच पड़ताल में मानक के अनुरूप कार्य होते नहीं मिला। इस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार से नाराजगी जताते हुए काम को बंद करा दिया और मानक के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी। इधर लापरवाही बरतने के मामले में संबंधित ठेकेदार रीतेश सक्सेना को नोटिस भी जारी किया गया है। बताते हैं कि मानक के अनुरूप कार्य न करने पर कुछ अन्य ठेकेदारों को भी नोटिस जारी किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत क्षेत्र की छह सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा रहा है। कराए जा रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान बीसलपुर क्षेत्र में मानक के अनुरूप कार्य होते नहीं मिला। इस पर ठेकेदार रीतेश सक्सेना को नोटिस जारी किया गया है।
– **हरमीक सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी

गोवंश दफनाने में लापरवाही पर फंसे प्रधान व सचिव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम ने देवीपुरा गोशाला का किया निरीक्षण तो जिम्मेदारों की खुली पोल**
- **मंगलवार को मृत गोवंश की दुर्दशा के फोटो और वीडियो हुए थे वायरल**

अमृत विचारः देवीपुरा गोशाला में मृत गोवंश की दुर्दशा से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीडीओ ने तर्क दिया गया था कि टीम को भेजकर व्यवस्था दुरुस्त करा दी गई है। इसकी पोल दूसरे दिन बुधवार को डीएम के निरीक्षण के दौरान खुल गई। अव्यवस्था मिलने पर डीएम ने प्रधान पर पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई करने और संबंधित सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता मंगलवार दोपहर देवीपुरा गोशाला पहुंचे। यहां गोशाला परिसर में दाखिल होने के बाद उनकी नजर मृत गोवंश पर पड़ी तो दंग रह गए। बताते हैं कि मृत गोवंश को ऐसे ही गड्ढे में डाल दिया गया था। उनके ऊपर मिट्टी भी नहीं डाली गई थी। इसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसके बाद मंगलवार देर शाम बीडीओ मरौरी की ओर से सीडीओ को अवगत कराया कि गड्ढों में मिट्टी डलवा दी गई है। यह भी बताया गया कि मृत गोवंश करीब दो माह पूर्व दफनाए गए थे। मृत गोवंश को छह फिट गहरे गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए था, लेकिन उन्हें तीन फिट गहरे गड्ढे में दफना दिया गया था। जल स्तर कम होने पर गोवंश के शव दिखने की बात कही गई थी। यह भी कहा था कि उन्हें ठीक से दफना दिया गया है। उचित मात्रा में मिट्टी डलवा दी गई है।

दूसरे दिन बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह ब्लॉक और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ देवीपुरा गोशाला जा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि मृत गोवंश दफनाए गए थे, लेकिन उन पर मिट्टी मानक के अनुरूप नहीं डाली गई थी। निरीक्षण के समय उपस्थित सचिव एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि मृत गोवंश पर मिट्टी मानक के अनुरूप डाली जाए। बीडीओ मरौरी और डिप्टी सीवीओ सदर को नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने नाराजगी जताते हुए ग्राम प्रधान के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के तहत कार्रवाई करने और ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए।

देवीपुरा गोशाला का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

डोली भूमि गिरत दसकंधर, छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर

रामलीला महोत्सव : औरंगाबाद में लक्ष्मण शक्ति की लीला से लेकर राम-रावण युद्ध तक की लीला देखकर दर्शक हुए रोमांचित

संवाददाता, औरंगाबाद

अमृत विचारः हनुमान के द्वारा सीता का पता लगते ही श्रीराम की सेना ने लंका पर चढ़ाई कर दी। भयंकर युद्ध हुआ। एक-एक करके मेघनाद, अतिकाय, देवांतक, नरान्तक और फिर कुंभकरण जैसे महाभट योद्धा भी मारे गए। 20 वें दिन कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला में अहिरावण व रावण वध की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रावण के पुतले का भी दहन किया गया ।

साढ़े तीन बजे से मेला मैदान में लीला का मंचन शुरू हुआ। मेघनाद की मृत्यु के बाद रावण अपने बेटे पाताल के राजा अहिरावण का ध्यान आता है। तब वह मंत्र आकर्षण जप से पाताल लोक से आकर्षित करके अपने पुत्र अहिरावण को बुलाता है। अहिरावण विभीषण का रूप धारण कर रामादल में प्रवेश कर श्रीराम व लक्ष्मण का हरण करके कामाख्या देवी पातालपुरी देवी के सम्मुख बलि चढ़ाने के लिए ले आता है। रामा दल में श्रीराम व लक्ष्मण को न पाकर सभी व्याकुल हो जाते हैं।अंत में भेद खुलता है कि विभीषण का रूप केवल अहिरावण ही बना सकता है। हनुमान जी पाताल लोक के लिए प्रस्थान करते हैं वहां पर मकरध्वज से सामना होता है। हनुमान को ज्ञात होता है कि मकरध्वज उनका ही पुत्र है। तब हनुमान जी उसे बांध देते हैं। बलि वाले स्थान पर पहुंचकर स्वयं देवी का रूप धारण कर लेते हैं। जैसे ही बलि चढ़ाने को अहिरावण तलवार उठाता है हनुमान जी प्रकट होकर उसकी तलवार छीन लेते हैं तथा उसका वध करके श्रीराम तथा लक्ष्मण को कंधे पर बिठाकर रामा दल पहुंच जाते हैं। उधर ये बात रावण के दूत रावण से बतलाते है ये सुनकर लंकेश क्रोधित हो उठता है और स्वयं युद्ध के लिए प्रस्थान करता है इसके बाद राम-रावण का रोमांचकारी युद्ध देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ आई। श्रीराम के तीर ने रावण की नाभि का अमृत सोख लिया। घोर गर्जना करते हुए रावण पृथ्वी पर गिर पड़ा। मेले में रावण का किरदार मुनेंद्र पाल मिश्र ने निभाया। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष प्रजेश पाल मिश्र, राजकुमार, नबाब कल्बे हसन, माया प्रकाश, धर्मवीर मिश्र ,अवनीश,लक्ष्मीनारायण गुप्ता, धीरू,प्रभाकर, गोलू, खुशीराम आदि मौजूद रहे।

रावण वध लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

रामलीला में जलता रावण का पुतला।

औरंगाबाद की रामलीला में आकर्षण का मुख्य केंद्र रथ

औरंगाबाद के रामलीला मेला का आकर्षण का बिंदु रथ भी है जिस पर सवार होकर रावण सहित उनके पक्ष के लोग युद्ध करते हैं। यहां रथ कस्बे से ही किराए पर लिया जाता है। जिस पर सवार होकर रावण, मेघनाथ, कुंभकरण आते हैं और युद्ध भी करते हैं। रथ को वही हांकता वही है, जिसका रथ होता है,औरंगाबाद के रामलीला ग्राउंड में यह रथ दर्जनों चक्कर लगाता है ,इसलिए लोगों के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहता है।

धूं-धूंकर जला रावण का पुतला

संवाददाता, बिलहरी

● अजान रामलीला में हुआ मेघनाद, कुंभकर्ण, रावण वध का मंचन

अमृत विचारः तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा अजान में हो रही रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद, कुंभकर्ण, रावण वध का मंचन किया गया। शाम को मेला मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया।

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व मेला मैदान के प्रांगण में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। रामलीला के कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकर्ण, मेघनाथ वध, अहिरावण, रावण वध की लीला के मंचन में दिखाया गया कि जब दोनों दलों से युद्ध का आवाहन किए जाने पर राम और रावण की सेना में घनघोर युद्ध हुआ। राम रावण युद्ध में श्रीराम द्वारा चलाए गए अग्नि बाण से अहंकारी रावण का पुतला धू धूकर जलने लगा। रावण का पुतला जलते ही परिसर मे आतिशबाजी के छोडे जाने से पूरा मेला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

अवैध खनन में संलिप्तता के आरोपों से घिरे कोतवाल

खमरिया, अमृत विचारः क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर खनन कारोबारी और सिपाही के बीच वसूली का ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी ने प्रभारी निरीक्षक के कार्य खास आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पुलिस अधिकारियों की मंशा पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

क्षेत्र में इन दिनों पुलिस, राजस्व और खनन विभाग के अफसरों की शह पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। तीन दिन पहले थाना खमरिया क्षेत्र में अवैध खनन कारोबारी व सिपाही जय कुमार के बीच वसूली का लेकर हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सिपाही प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय का कार्य खास बताया जा रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी। साथ ही पूरे मामले में प्रभारी निरीक्षक की संलिप्तता भी उजागर हुई थी। सोमवार को एसपी ने आरोपी सिपाही जय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया था, लेकिन अभी तक प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं खनन कारोबारी पंकज कुमार ने साक्ष्यों सहित प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार व आरक्षी जय कुमार के खिलाफ एसपी को शिकायती पत्र भी दिया था, जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए गए थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

वन स्टाप सेंटर में सुविधाओं के बाबत जानकारी करतीं केंद्र सरकार की राज्यमंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को जिले में आई। उन्होंने अधिकारियों संग बैठक करने के बाद शहर के वन स्टॉप सेंटर (सखी) सहित चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वन स्टाप सेंटर पर मौजूद जिम्मेदारों से सेंटर पर मौजूद महिलाओं की संख्या और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में मालुमात की। साथ ही केंद्रों को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को पलिया क्षेत्र की नारी शक्ति पुरस्कार विजेता आरती राना के अलावा 200 थारू जनजाति महिलाओं से वार्ता कर दस दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के प्रशिक्षण प्राप्त 1450 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगी।

बीवी को प्रताड़ित कर बिना तलाक पति ने कर ली दूसरी शादी, बेटी को बेचा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● कोर्ट के आदेश पर पति सहित छह के नामजद रिपोर्ट

अमृत विचारः नगर के मोहल्ला नीची भूड़ की एक बेटी को उसके ससुरालियों ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी से पैदा हुई बेटी को बेच दिया। कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में पति समेत छह लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मोहल्ला नीची भूड़ निवासी इकबाल खान की बेटी फरहीन (30) का कहना है कि वह तौसीफ़ अहमद की पहली पत्नी है। उसका विवाह 11 सितंबर 2017 को हुआ था। विवाह में उसके पिता ने खूब दहेज दिया। उसका पति तौसीफ़ और उसकी मां नूरजहां ने कार के साथ डेढ़ लाख रुपये नगद के लिए प्रताड़ित किया। सब कुछ सहती रही। इसी बीच नवम्बर 2018 को एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि बेटे की चाह में बेटी पैदा होने पर फिर उसे यातनायें दी गईं। बिना तलाक दूसरा विवाह कर लिया। फरहीन का कहना है कि गोद से दुधमुंही बच्ची को जबरन छीनकर दिलावर, शादाब खां, रेहाना ख़ान उर्फ़ चांद बीबी के हाथों बेच दिया। सादे स्टाम्प पेपर और सादे कागज़ातों के ऊपर पीड़िता और उसके घरवालों के जबरन हस्ताक्षर करा लिए और फिर तहसील गोला में नाबालिग पुत्री का जाली-अभिरक्षा पत्र और जाली तलाक नामा एकसाथ संयुक्त रूप से बनवा लिया। उसके पति ने 9 जून 2020 को दूसरी शादी कर ली। परेशान फरहीन ने अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी की मदद से कोर्ट की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर पति तौसीफ़ अहमद, सास नूरजहां, तहसीन दूसरी पत्नी, दिलावर ट्रैक्टर मिस्त्री दुकान पुराना बस अड्डा पलिया, शादाब खां पुत्र दिलावर खां, रेहाना ख़ान उर्फ़ चांदबीबी पत्नी शादाब खां मोहल्ला पठान पलिया के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है।

अलीना अपनी नानी नसरीन के साथ।

क्षेत्रीय गणित मॉडल प्रतियोगिता में समर बने विजेता

मैगलगंज , अमृत विचारः विद्या भारती की क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं को आयोजन औरैया जिले के दिबियापुर में हुआ। इसमें गणित मॉडल में श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के समर गुप्ता और वैदिक गणित प्रश्न मंच में विद्यालय की टीम विजेता रही है। अखिल भारतीय प्रतियोगिता नवंबर माह में उड़ीसा के अनुगुल में होगी, जिसमें समर गुप्ता प्रतिभाग करेंगे।

प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में हुई प्रांतीय प्रतियोगिता में विज्ञान के सात और गणित एवं संस्कृति की प्रतियोगिता में छह छात्रों ने औरैया के दिबियापुर में हिस्सा लिया। क्षेत्रीय गणित मॉडल प्रतियोगिता में समर गुप्ता और वैदिक गणित प्रश्न मंच में स्कूल टीम विजेता रही। राधेश्याम गुप्ता, छविनाथ सिंह यादव, रामकुमार गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता आदि ने विजेताओं को बधाई देकर हौसला आफजाई की।

ध्यान और उससे होने वाले लाभ की दी जानकारी

शिविर समापन अवसर मौजूद प्रोफेसर व छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● आर्यकन्या महाविद्यालय में संपन्न हुआ तीन दिवसीय शिविर

अमृत विचारः भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में बुधवार को प्लेसमेंट सेल एवं करियर काउंसलिंग समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय ध्यान शिविर का समापन हुआ।

कॉलेज की प्रोफेसर सविता शाहू ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुमन श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि कृषि उपनिदेशक अरविंद मोहन मिश्रा रहे। इन्होंने छात्राओं को ध्यान लगाना, सफाई एवं प्रार्थना की पद्धतियों का अभ्यास कराकर इनसे कैरियर से जुड़ी चुनौतियों, बाधाओं और कठिनाइयों को आसानी से हल भी कर सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने कहा कि ध्यान केवल हमारे शरीर को ही नहीं बल्कि मस्तिष्क और इन्द्रियों को भी स्वस्थ रखता है। संचालन डॉ. प्रियंका सिंह ने किया। डॉ. राखी चौहान, वीना चौरसिया, डॉ. पूजा शुक्ला, विमलेश, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा पांडेय सहित छात्राएं मौजूद रहीं।

रानी लक्ष्मीबाई का महत्वपूर्ण योगदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मिशन नारी शक्ति फेज पांच के तहत वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रेरणादायक जीवन गाथा को एक डॉक्यूमेंट्री / वृत्तचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के त्याग, बलिदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण में भी महारानी लक्ष्मीबाई एक आदर्श व्यक्तित्व प्रस्तुत करती हैं। आधुनिक भारत में भी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अद्वितीय व महत्वपूर्ण स्थान है। उनके बलिदान, त्याग और देश के लिए उनके समर्पण को प्रत्येक नागरिक को सदैव अपने जीवन में भी अपनाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने रानी लक्ष्मीबाई को एक महिला के रूप में एवं स्वतन्त्रता सेनानी के रूप में प्रस्तुत किया। कहा कि प्रत्येक महिला के लिए वीरांगना लक्ष्मीबाई का बलिदान व संघर्ष विषम परिस्थितियों में एक शक्ति प्रदान करने वाला है। विद्यार्थी वर्ग से मानसी सक्सेना, सुशांक श्रीवास्तव, श्रेया, नैन्सी सिंह, कशिश, नैन्सी गंगवार, शिखा सिंह, हर्षित गंगवार, नीतू वर्मा, माधुरी, नैन्सी, पिंकी, अनिल कुमार, अंजलि, प्रेम लता, पंकज कुमारी, शुभम मिश्रा, वर्षा रानी, नैन्सी गंगवार, पूर्णिका, तुलसी, आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आई बच्ची की मौत

तिलहर, अमृत विचार : दुकान पर चीज लेने जा रही तीन वर्षीय बच्ची की बुधवार शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस के देर से पहुंचने पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और शव को ई-रिक्शा में लेकर कोतवाली की तरफ चल दिए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी कि कुछ लोग बच्ची के शव को कोतवाली गेट पर रखकर हंगामा करने आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने परिजनों को रास्ते में रोक लिया।

बीच बाजार में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, इससे पुलिस से नोकझोंक हो गई। परिजन ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे और एक ट्रैक्टर में दो ट्रॉली जोड़कर चलने वालों पर कार्रवाई नहीं करने का भी गुस्सा जता रहे थे। नोकझोंक के दौरान बाजार में जाम लग गया।

मितौली में सर्वाधिक 767 टीबी रोगी मिले

● सीएचसी खमरिया में 92 फीसद टीबी रोगियों को हुआ भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखीमुपर खीरी

अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसके लिए टीबी मरीजों को खोजकर उन्हें इलाज से लेकर पौष्टिक पोषण के लिए अगले माह से 500 की जगह एक हजार रूपये दिए जाएंगे। पीएम मोदी की मुहिम को पूरा करने में मात्र 90 सप्ताह का समय है। गत नौ माह में सबसे ज्यादा 767 टीबी संक्रमित मितौली में मिले हैं।जबकि टीबी संक्रमितों को धनराशि मुहैया कराने के मामले में खमरिया नंबर वन है।

जिले में एक जनवरी से 30 सितंबर तक 10661 टीबी संक्रमित खोजे गए। इनमें सर्वाधिक रोगी 767 मितौली में और सबसे कम 251 मरीज सीएचसी खमरिया में मिले हैं। हालांकि सभी टीबी संक्रमितों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने के साथ उनकी निरंतर निगरानी तक हो रही है। मरीज दवाओं के साथ पौष्टिक आहार का सेवन कर सकें, इसके लिए उन्हें शासन से धनराशि तक दी जा रही है। टीबी रोगियों को धन मुहैया कराने के मामले में खमरिया सीएचसी नंबर वन है।

जिला क्षय रोग अस्पताल। ● अमृत विचार

जिले में समय समय पर अभियान चलाकर लक्षण के आधार पर टीबी रोगियों को खोजा जाता है। जांच में बीमारी पुष्टि होने पर इलाज के साथ शासन से मिलने वाली धनराशि मुहैया कराई जाती है, जिससे दवाओं के साथ वह पौष्टिक आहार का सेवन करें। – **डॉ. अनिल कुमार गुप्ता** जिला क्षय रोग अधिकारी

- जिले में एक जनवरी से 30 सितंबर तक मिले टीबी रोगी– 10661
- धनराशि के लिए खाता नंबर मुहैया कराने वाले मरीज– 9561
- टीबी संक्रमितों के खातों में शासन से भेजी गई धनराशि– 2,64,79,000

सर्वाधिक टीबी रोगी वाली पांच सीएचसी

मितौली–767, रमियाबेहड़– 603, निघासन– 602, धौरहरा–560, बांकेगंज– 476

भुगतान में टॉप-5 सीएचसी

खमरिया–92, फरधान– 89, पलिया एवं मोहम्मदी– 87, नकहा–86, बिजुआ– 85

क्रीड़ा प्रतियोगिता में औरंगाबाद के बच्चे चैंपियन

संवाददाता, पसगवां

अमृत विचारः नेवादा मैदान में पसगवां ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह में न्याय पंचायत औरंगाबाद ओवरऑल चैंपियन बना। न्याय पंचायत जसमढी द्वितीय स्थान पर रहा । क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया ।

प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में बरवर का पंकज प्रथम, बालिका वर्ग में औरंगाबाद की नामिका प्रथम स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में जसमढी का अनमोल प्रथम, 200 मीटर में जसमढी का अनमोल प्रथम, बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में औरंगाबाद की नामिका प्रथम, 200 मीटर दौड़ में जसमढी की नैंसी प्रथम स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में मैगलगंज का शिवांश प्रथम, 100 मीटर दौड़ में जसमढी का मोनू प्रथम, 200 मीटर दौड़ में जसमढी का सूर्यांश प्रथम स्थान पर रहा । बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में औरंगाबाद की साधना प्रथम, 100 मीटर दौड़ में औरंगाबाद की साधना प्रथम, प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावा कबड्डी, खोखो , रंगोली, लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम में पसगवां, काशीपुर, कोटरा, खरगापुर की छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत ,शिव तांडव, मिशन गीत और डांडिया ताण्डव की सराहनीय प्रस्तुति दी। बीईओ संजीव कुमार भारती ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में विवेक कुमार शर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, अर्चना सैनी, सतेंद्र बहादुर सिंह , पूर्ति अग्रवाल , आशीष दीक्षित आदि की सराहनीय भूमिका रही।

पसगवां में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

● ब्लाक स्तरीय खेलों में न्याय पंचायत जसमढी को मिला दूसरा स्थान

प्लाट देने के नाम पर दस लाख रुपये हड़पे

शाहजहांपुर, अमृत विचारः रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोक बिहार कॉलोनी निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसका भाई सन्नी पुवायां में बिजली विभाग में कार्यरत है। उसकी शहीद उर्फ गुड्डू निवासी जलालनगर बजरिया थाना सदर बाजार से जान पहचान है। सन्नी को शहीद ने बताया कि वह हरजिंदर सिंह व उसके पुत्र सोनू सिंह निवासी चौसेड़ा थाना पुवायां, बबलू निवासी दिलाजाक थाना सदर बाजार के साथ प्लाटिंग करता है। अमित अपने भाई के साथ सुभाष चौराहा पर हो रही प्लाटिंग देखने के लिए गया। आरोपियों ने उनसे कहा कि सस्ते में प्लाट है और बुक करा लो। कुछ दिन बाद बेचकर अच्छा लाभ मिलेगा। तो आरटीजीएस के माध्यम से दस लाख रुपये खाते में डाल दिए। कुछ दिन बाद रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो आरोपियों ने मना कर दिया। अब दस लाख रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

सैलानियों के लिए छह नवंबर से खुलेगा दुधवा टाइगर रिजर्व

संवाददाता, पलिया कलां

● निर्धारित तिथि से नौ दिन पहले खुलेगा, दुधवा प्रशासन ने जोरशोर से शुरू कीं तैयारियां

अमृत विचारः दुधवा टाइगर रिजर्व का आगामी पर्यटन सत्र इस बार सैलानियों के लिए नौ दिन पहले छह नवंबर को ही शुरू कर दिया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों से शुरू कर दी गई हैं।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हर वर्ष वर्षा काल में दुधवा को पर्यटकों के लिए 15 जून का बंद कर दिया जाता है, जबकि 15 नवंबर को खोला जाता है, किंतु इस बार शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों के आदेश पर इसे छह नवंबर से खोला जा रहा है। इसके लिए पर्यटकों को जंगल में सुविधाजनक भ्रमण कराने के लिए टूटे-फूटे वनमार्गों एवं पुलियों आदि को दुरुस्त कराया जा रहा है। वनमार्गों पर और उनके पास तक इधर-उधर उगी घासों को हटाया जा रहा है।

पर्यटकों के रुकने के लिए अतिथि गृह व थारू हट्स की साफ- सफाई कराकर उन्हें सुसज्जित किया जा रहा है। पर्यटकों को अच्छा नाश्ता भोजन के लिए डीटीआर क्षेत्र की सभी कैंटीनों के रसोइयों को अच्छा भोजन प्रेपेयर कर परोसने आदि को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों, हाथियों के महावतों एवं नेचर गाइडों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपनिदेशक दुधवा ने बताया कि उनका प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटकों को कोई दिक्कतें न हों और वह यहां से जाने के बाद अपने मित्रों, रिश्तेदारों को यहां से जाकर खूबियां बताएं तथा यहां आने के लिए प्रेरित करें।

दुधवा नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार। ● अमृत विचार

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
• नशे की आदत
• डिमोशिया
• याद्दाश्त कम होना
• बच्चों में चंचलता
• पागलपन बुदबुदाना
• बिस्तर गीला करना
• बेवजह शक करना
• नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

खून के आंसू
हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार 27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463 7599211076

दशहरा मेला के मंच पर किया फूहड़ प्रदर्शन, कार्यक्रम रोका

सभासद पति व पालिका कर्मी ने डांसर संग लगाए ठुमके

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: मेला मैदान के मंच पर मंगलवार रात दशहरा मेले की सांस्कृतिक गरिमा तार तार हो गई। मंच पर जमकर फूहड़ता का प्रदर्शन हुआ। इतना ही नहीं अश्लील गाने पर डांसर संग सभासद पति और पालिका कर्मी ने जमकर ठुमके लगाए। बढ़ती फूहड़ता को देखकर मेला बीच में बंद करा दिया गया। सभासद पति एवं पालिका कर्मी का डांसर संग ठुमके लगाने का वायरल वीडियो से पालिका की फजीहत पर पालिकाध्यक्ष ने नाराजगी जताकर आगामी वर्षों के लिए डांस पार्टी को बैन कर दिया है।

लखीमपुर का ऐतिहासिक दशहरा मेला जिले में ही नहीं, बल्कि आस पास के जनपदों में भी विख्यात है। मगर, मंगलवार रात सभासद पति दीपक रस्तोगी और पालिका कर्मी अभय सक्सेना के कृत्य ने दशहरा मेले की गरिमा को शर्मशार कर दिया। बता दें कि मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय संगीत सम्मेलन का आयोजन हुआ। शुरूआत में बेहतर सुरमयी सम्मेलन हुआ। मगर, आधी रात बाद शुरू हुई फूहड़ता कार्यक्रम बंद कराने तक जारी रही। देर रात सांस्कृतिक मंच पर तेरी जवानी बड़ी मस्त मस्त है पर डांसर संग पहले सभासद पति दीपक रस्तोगी ने जमकर ठुमके लगाए और इनके बाद पालिका कर्मी अभय सक्सेना ने नृत्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान मंच पर जमकर फूहड़ता का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक मंच पर इस तरह की अश्लीलता देखकर मौजूद महिलाएं उठकर जाने के लिए मजबूर हो गईं। बुधवार को डांसर संग ठुमके लगाते सभासद पति व पालिका कर्मी का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो हो गया। इससे हो रही फजीहत पर पालिका प्रशासन ने नाराजगी व्यक्त की है।

मेला मंच पर डांसर संग ठुमके लगाते सभासद पति दीपक रस्तोगी। ● अमृत विचार

- मेलाधिकारी ने कार्यक्रम कराया बंद, अध्यक्ष ने पार्टी पर की पाबंदी
- वायरल वीडियो से नगर पालिका की फजीहत पर पालिकाध्यक्ष हुई नाराज

डांसर संग नृत्य करता पालिका कर्मी अभय सक्सेना।

मेला मंच पर समाजसेवी सम्मानित

सांस्कृतिक कार्यक्रम के आठवें दिन स्थानीय कलाकरों का संगीत सम्मलेन हुआ। शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, ईओ संजय कुमार ने किया। सांस्कृतिक मंच पर भारत विकास परिषद संस्कृति शाखाध्यक्ष अधिवक्ता आर्येन्द्र पाल सिंह, अग्रवाल महिला समितिअध्यक्ष पूनम मित्तल, नुपुर अग्रवाल, रामजी शेखर, पिंटू बाथम, अजय सिंह, अजीत श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इसके बाद गायक राजेश दीक्षित ने गीतों की महफिल सजाई। इस दौराना अनिल शुक्ला, संदीप सिंह चौहान, राकेश कुमार मिश्रा, सुरेंद्र पाल, कुमुदेश शंकर शुक्ला, मेलाध्यक्ष मनोज राज, श्वेता शर्मा, पिंकी देवी, मेलाधिकारी इंजीनियर अमरदीप मौर्या आदि मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष ने जताई आपत्ति, कलाकार पार्टी को किया प्रतिबंधित : स्थानीय संगीत सम्मेलन में गायक राजेश दीक्षित आदि कलाकारों ने प्रस्तुत दी। इसमें अश्लील और फूहड़ नृत्य होने पर पालिकाध्यक्ष ने डॉ. इरा श्रीवास्तव कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय गायक राजेश दीक्षित की वजह से पालिका सहित सभी को शर्मसार होना पड़ा है। सांस्कृतिक मंच पर इस तरह का भौंडा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। पालिकाध्यक्ष ने सभासद और पालिका कर्मियों को इस तरह का कृत्य न करने की नसीहत देते हुए कहा कि अपने साथ साथ पालिका और मेला मंच की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। साथ ही पालिकाध्यक्ष ने राजेश दीक्षित एंड पार्टी को प्रतिबंधित कर दिया है।

समाजसेवी आर्येंद्र पालसिंह को सम्मानित करती पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

28 को मेला मच पर गूंजेगी अल्ताफ राजा की आवाज

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : तुम तो ठहरे परदेशी गाकर 90 के दशक में युवाओं के दिल पर राज करने वाले मशहूर गायक अल्ताफ राजा लखीमपुर आ रहे हैं। वह 28 अक्तूबर को सांस्कृतिक मंच पर आयोजित संगीत सम्मेलन में पर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। बता दें कि अल्ताफ राजा की लोकप्रियता 90 के दशक में चरम पर थी। हर तरह तुम तो ठहरे परदेशी, आवारा हवा का झोंका हूं गीत हर तररफ बजने के साथ लोगों की जुबान पर भी रहते थे। अभी तक टीवी आदि पर अल्ताफ राजा को देखने एवं सुनने वाले जिलवासियों को उन्हें करीब से देखने और सुनने का अवसर मिलेगा। पालिका प्रशासन के मुताबिक 28 अक्तूबर को दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर होने वाले संगीत सम्मेलन में अल्ताफ राजा के गीत लोगों को सुनने को मिलेंगे।

प्रेमभूषण महाराज आज खीरी में

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : रामकथा के अंतरराष्ट्रीय सरस गायक प्रेम भूषण महाराज गुरुवार को लखीमपुर में एक शोरूम का शुभारंभ करेंगे। वह सीतापुर रोड स्थित शोरूम पर दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे। ये जानकारी जेटीसी परिवार के ज्ञान स्वरूप शुक्ला उर्फ ज्ञानू महाराज ने दी है।

जीने की कला सिखाता है सनातन धर्म

संवाददाता, पसगवां

अमृत विचार: जंगबहादुरगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथा व्यास प्रशान्त प्रभु महाराज ने कहा कि सनातन धर्म ही धर्म है और यह सृष्टि में जीवन यापन करने और रहने की कला सिखाता है।

उन्होंने कहा कि जहां पति पत्नी सूर्योदय के बाद उठते हैं वहां दरिद्रता आती है। जहां सोने वाले बिस्तर पर भोजन किया जाता है वहां दरिद्रता आती है। उन्होंने लक्ष्मी धारण के अनेक उपायों को बताते हुए कहा कि भोजन कृष्ण भगवान को अर्पण करके ही ग्रहण करना चाहिए। ऐसा शास्त्र विधान है। श्वेत मुनि से भगवान शिव ने कहा कि नौ वर्ष की कन्या का पूजन करना चाहिए।

तारकासुर वध की रोमांचक कथा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिव के तेज से कार्तिकेय का जन्म हुआ और छह वर्ष के कार्तिकेय ने जब तारकासुर का वध किया तो देव मंडल प्रसन्न हुआ। देवताओं ने कार्तिकेय को अपना सेनापति बना लिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में ही यह व्यवस्था है कि अधिक से अधिक संख्या में भण्डारा आदि के द्वारा निःशुल्क भोजन कराया जाता है। उन्होंने गुरुवार को 1008 शिवलिंग पर रुद्राभिषेक में भाग लेने की अपील की और कहा कि शिव कृपा पाने का यह सुनहरा मौका है।

जंगबहादुरगंज में चल रही शिव महापुराण सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जंगबहादुरगंज में शिव कथा सुनाते प्रशांत प्रभु।

- जंगबहादुरगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा
- कथा व्यास प्रशान्त प्रभु बोले, सनातन धर्म ही धर्म है इसका पालन करें

सार-संक्षेप

संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मैगलगंज, अमृत विचार : घर से नाराज होकर 15 दिन पहले निकले थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी एक युवक का गांव के बाहर पेड़ से लटका शव देखे जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव मुरादपुर निवासी अखिलेश की पत्नी अर्चना ने बताया कि उसके जेठ रमेश (50) का 15 दिन पहले घर में आपसी विवाद हो गया था। इससे नाराज रमेश घर से कहीं चले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। परिवार के लोग उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार को ग्रामीणों ने उसका शव गांव के किनारे स्थित एक पेड़ से लटका देखा। शव देखे जाने से सनसनी फैल गई। तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। शव मिलने की खबर जब रमेश के परिवार के लोगों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और शव मिलने की जानकारी पुलिस का दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों के शिनाख्त करने पर पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रमेश अविवाहित था।

युवक की मौत पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक अक्टूबर को सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिहार प्रांत के पूर्णिया जिले के ग्राम किशनपुर निवासी मोहम्मद अमजद पुत्र मोहम्मद मुनीर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई अकरम कुछ दिन पहले नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर निवासी अपने दोस्त अमरजीत पुत्र दाताराम के साथ उसके घर गया था। एक अक्टूबर को वह लखनियारपुर निवासी अपने साथी सौरभ पुत्र अनिरुद्ध, कौशल पुत्र रामपाल के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान लखीमपुर रोड पर ग्राम मुर्तिहा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी भाई की मौत हो गई थी।

दरवाजे से फावड़ा व तसला चोरी

बिझौली, अमृत विचार : गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिझौली में राजगीर मिस्त्री के फावड़ा, तसला आदि चुराने की तहरीर पुलिश को दी गई हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिझौली में सुनील कुमार के घर के बाहर राजगीर मिस्त्री का सामान ठेलिया पर रखा था। इसी बीच चोरों ने उनके घर के दरवाजे से लोहे की सामग्री चार फावड़े, चार गैंती, तीन तसला समेत अन्य सामान चुरा लिया। सुबह जब मिस्त्री काम करने आया तो उसके होश उड़ गए। सुनील कुमार ने बताया कि राजगीर रात को अपनी ठेलिया घर के बाहर खड़ी कर देते है, जिसमें से फावड़ा सहित कई चीज चोरी हो गयी हैं, चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी है।

खेतौसा गांव में युवक की डेंगू से मौत

केशवापुर, अमृत विचार : सीएचसी फरधान क्षेत्र के खेतौसा ग्राम के मुकेश वर्मा (28) पुत्र रामदास वर्मा की डेंगू से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार वालों ने बताया कि मुकेश वर्मा पिछले कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित था, जिसका इलाज लखीमपुर के कमला हॉस्पिटल से चल रहा था, जहां परीक्षण में डेंगू की पुश्टि हुई। लखीमपुर में हालत गम्भीर होने पर परिजन लखनऊ के लिये रेफर कराकर ले गए थे, जिसकी इलाज के दौरान लखनऊ में ही मृत्यु हो गई। गांव में शव आने पर परिवार में कोहराम मच गया।

पेंशनर्स कल्याण संस्था ने अध्यक्ष के निधन पर शोक

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था जनपद शाखा के तत्कालीन अध्यक्ष कौशल किशोर के निधन पर बुधवार को जिला कोषागार में पेंशनर्स कल्याण संस्था ने एक शोकसभा आयोजित की। जिसमें उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी ने उनके संस्था के प्रति उनके योगदान, पेंशनरों की निस्वार्थ सेवा और उनके सादगी पूर्ण, आत्मीय व्यवहार की प्रशंसा की। इस दौरान उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के जिला महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा समेत सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

आज चार घंटे नहीं मिलेगी बिजली

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम एन मनोष ने बताया कि गुरुवार को दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक 33/11 केवी उपकेंद्र गोला तहसील एवं 33/11 केवी उपकेंद्र गोला ग्रामीण से पोषित फीडरों की विद्युत आपूर्ति आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर अनुरक्षण कार्य करने के लिए बाधित रहेगी। कार्य की प्रगति के चलते समय घट बढ़ भी सकता है।

चार नवंबर से चलेगी कुंभी चीनी मिल

बग्घून, अमृत विचार : बलरामपुर समूह की कुंभी चीनी मिल का 19वां पेराई सत्र 2024-25 आगामी चार नवंबर से शुरू होगा। चीनी मिल के इकाई प्रमुख डॉ सुनील कुमार यादव ने बताया कि पेराई सत्र चालू करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों पर दो नवंबर से तौल शुरू हो जाएगी। कृषकों के हितों को देखते हुए पहली बार चार नवंबर से चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने साफ, स्वस्थ, ताजा, निरोगी गन्ना सप्लाई करने की अपील की है।

किशोरी को बहला फुसला ले गया युवक

सिंगाही, अमृत विचार : थाना सिंगाही क्षेत्र का एक युवक पड़ोस की 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे पड़ोसी पिंटू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसने पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

अचरौरा में तेंदुए ने किया गाय का शिकार, दहशत

धौरहरा/ईसानगर, अमृत विचार : धौरहरा वनरेंज के थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव अचरौरा में तेंदुए ने एक गाय का शिकार कर उसे निवाला बना लिया। जटपुरवा और बजहा संकल्पा में भी तेदुआ देखा गया। इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी है। धौरहरा वनरेज में तेंदुए कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वन विभाग एक तेंदुए को पकड़ता है, तो दूसरा वारदात कर दहशत फैला देता है। बुधवार की तड़के अचरौरा गांव में घाघरा नदी किनारे एक तेंदुए ने गाय का शिकार कर उसे निवाला बना डाला। उसका अधखाया शव मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। जटपुरवा और बजहा संकल्पा में भी तेंदुए की चहलकदमी देखी गई है। इससे ग्रामीणों दहशत में गए हैं। उन्होंने खेतों की तरफ जाना बंद कर दिया है। जटपुरवा के गोआश्रय स्थल में करीब 20 दिन पूर्व तेंदुए ने हमलाकर एक गाय को मार डाला था। एक एक महीने पहले इसी गांव के एक किसान की बछिया भी खूंटे से खींच ले गया था। वन विभाग ने हाल में ही पिजरे लगाकर धौरहरा के जोगी बाबा स्थान से नर तेंदुए को पकड़ कर दुधवा जंगल में छोड़ा था। फिर से तेंदुए को देख ग्रामीण भयभीत हैं। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया अचरौरा में गाय के मारने की सूचना है। जटपुरवा और बजहा संकल्पा में भी हमारी टीम निगरानी कर रही है।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, युवक घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: रास्ते में पड़ी मौरंग पर बाइक फिसलने से हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया है। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया। हैद्राबाद थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुर निवासी प्रह्लाद (75) पुत्र छेदा गांव के ही धर्मेन्द्र कुमार (29) पुत्र वीरेंद्रलाल के साथ बाइक से महेशपुर की बाजार जा रहे थे, कि गांव रामदीनपुर के पास रास्ते में पड़ी मौरंग पर बाइक फिसल गई और दोनों लोग जमीन पर गिरकर घायल हो गए। पीछे से आई एक बाइक भी वृद्ध प्रहलाद के ऊपर गिर पड़ी। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्रह्लाद को मृत घोषित कर दिया और घायल धर्मेन्द्र का अस्पताल में इलाज हो रहा है।

स्कूटी पर बैठकर एसडीएम को खरी-खोटी सुनाते विधायक योगेश वर्मा का वीडियो वायरल

कानूनगो से रुपये वापस कराइए नहीं तो देंगे धरना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खेत की पैमाइश कराने के नाम पर तहसील सदर का कानूनगो छह साल से आरएसएस के खंड कार्यवाहक को टरका रहा। उससे पुलिस को देने के नाम पर पांच हजार रुपये भी ले लिए। शिकायत पर स्कूटी से सदर विधायक एसडीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें खूब खरीखोटी सुनाईं। बोले पहले रुपये वापस कराइए नहीं तो यहीं धरना देंगे।

सदर तहसील के गांव बंजरिया निवासी विशेश्वर दयाल आरएसएस के खंड कार्यवाह और रिटायर्ड शिक्षक हैं। वह अपने खेत की पैमाइश कराने के लिए पिछले 6 साल से दौड़कर तहसील सदर के चक्कर काट रहे हैं। खंड कार्यवाह का आरोप है कि कानूनगो ने पुलिस के नाम पर उनसे पांच हजार रुपये भी ले लिए। वह लगातार दौड़ लगाकर जब थक गए तो तहसील दिवस में एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह से शिकायत की। उनका कहना है कि एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कानूनगो को बुलाकर जब पूछताछ की। तब भी कानूनगो ने पुलिस को देने के लिए खर्चा लेने की बात कही थी। एसडीएम ने नियमानुसार पैमाइश कराने के निर्देश भी कानूनगो को दिए थे। इसके बाद भी कानूनगो टालमटोल करता रहा। इससे परेशान खंड कार्यवाह ने इसकी शिकायत उन्होंने सदर विधायक योगेश वर्मा से की। इससे खफा सदर विधायक बुधवार को पीड़ित विशेश्वर दयाल के साथ स्कूटी से कलेक्ट्रेट पहुंचे। विधायक के आने की जानकारी पर एसडीएम अवनीश कुमार सिंह भी ऑफिस के बाहर आ गए। विधायक ने एसडीएम सदर को खूब खरी खोटी सुनाईं। कानूनगो के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। कार्रवाई न होने पर विधायक ने धरने की चेतावनी दी है। विधायक और एसडीएम के बीच हो रही वार्तालाप के दौरान काफी लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ में शामिल किसी ने दोनों के बीच हो रही वार्तालाप का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। एसडीएम ने विधायक को आश्वासन दिया है कि वह जांच कर कार्रवाई करेंगे।

एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह से बातचीत करते विधायक योगेश वर्मा।

- पैमाइश के नाम पर आरएसएस खंड कार्यवाह से ले लिए पांच हजार रुपये
- गुस्साए विधायक पीड़ित को साथ लेकर स्कूटी से ही तहसील में आ धमके

विधायक का लहजा बना चर्चा का विषय

विधायक जिस अंदाज में एसडीएम कार्यालय पहुंचे वो हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विधायक योगेश वर्मा स्कूटी पर बैठकर ही एसडीएम से वार्तालाप कर रहे हैं। स्कूटी पर बैठे-बैठे ही एसडीएम को हड़का रहे हैं।

आईजी ने लूटकांड के खुलासे की जानी प्रगति

घटनास्थल पर भी पहुंचे, जल्द खुलासे के दिए निर्देश, बाइक सवार दंपती को गोली मारकर लूट का मामला

संवाददाता, बेहजम

अमृत विचार: लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी प्रशांत कुमार बुधवार को थाना नीमगांव पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अफसरों से अब तक घटना के खुलासे को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की। हफ्ते भर बाद भी खुलासा न होने पर नाराजगी भी जताई।

सीओ सर्किल मितौली के थाना मितौली क्षेत्र में बाइक सवार दंपती के साथ लूट की दो घटनाएं हुईं। इसके बाद 17 अक्टूबर की देर शाम थाना नीमगांव क्षेत्र में बाइक सवार तीन लुटेरों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लुटेरों ने ससुराल रत्नापुर जा अपनी बाइक से जा रहे सीतापुर के थाना हरगांव के गांव भदेवा निवासी सुमित को किशुनपुर के निकट गोली मार दी थी। उसके पास से नगदी व उसकी पत्नी के जेवर लूटकर भाग निकले थे। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए करीब आठ टीमें लगाई हैं, लेकिन इन टीमों के हाथ अभी तक बदमाशों तक नहीं पहुंच सके हैं। घटना के खुलासे को लेकर अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा करने आईजी प्रशांत कुमार बुधवार को थाना नीमगांव पहुंचे। उन्होंने अफसरों के साथ खुलासे की प्रगति जानी और समीक्षा की। इसके बाद वह एएसपी नैपाल सिंह, सीओ शमशेर बहादुर सिंह और एसओ सुनीता कुशवाहा के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आईजी खुलासे को लेकर की अब तक किए गए प्रयासों से संतुष्ट नहीं दिखाई पड़े। उन्होंने अफसरों से नाराजगी जताई और घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। आईजी ने बताया कि लखीमपुर जिले में लूट की दो घटनाएं काफी दिनों बाद हुई हैं। दोनों वारदातों को ग्रामीण इलाकों में अपराधियों ने की हैं। जिस जगह पर वारदात हुई। उसके आसपास दूर-दूर तक कोई गांव नहीं है। ग्रामीणों ने सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। इन सूचनाओं की तहकीकात करने के साथ पुलिस की टीमें अपनी जांच कर रही हैं। घटना का जल्द और सही वर्कआउट करने के आदेश मातहतों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस अंदाज में दोनों वारदातें हुई हैं। उससे लगता है कि अपराधी नए हैं। पुराने अपराधियों को पकड़कर पुलिस पूछताछ कर चुकी है।

घटनास्थल पर एसओ से जानकारी लेते आईजी प्रशांत कुमार। ● अमृत विचार

महिला से मारपीट में चौकीदार सहित दो पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: ग्राम रहमतनगर में शराब के नशे में महिला से गाली गलौज और मारपीट के मामले में गांव के एक चौकीदार समेत दो के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहमतनगर निवासी लज्जावती पत्नी रामपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी चौकीदार विश्राम और प्रेम शराब पीकर आए और उसके दरवाजे पर गाली गलौज करने लगे जब उसने विरोध किया तो लाठी डंडों से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला कुर्मी महासंघ

लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से वार्ता करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: सदर विधायक योगेश वर्मा के साथ अर्बन कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में की गई मारपीट के प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिला। उनसे आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कनौजिया आदि ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भी दिया। जिसमें कुर्मी समाज को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही कहा कि विधायक के हमलावरों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। जिस कारण हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं। विधायक को न्याय नहीं मिल पा रहा है। तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। न्याय न मिलने के चलते पूरे प्रदेश के कुर्मी समाज में आक्रोश है। पदाधिकारियों ने हमलावरों पर गैंगस्टर एवं रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की है। शिवबहादुर पटेल, उमेश वर्मा, संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

सहायक अध्यापक ने अनुदेशक को पीटा

बरवर, अमृत विचार: पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम भौनापुर में प्रधानाध्यापक के कहने पर सहायक अध्यापक को बुलाने गये अनुदेशक की सहायक अध्यापक सुमित सेंगर ने बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित अनुदेशक ने थाने में तहरीर भी दी है।

मामला संविलियन विद्यालय भौनापुर का है, जहां तैनात सहायक अध्यापक सुमित सेंगर के अक्सर न आने और शिक्षण में रुचि न लेना प्रधानाध्यापक वीरपाल को झेलना पड़ता था। इसे लेकर कई बार दोनों में विवाद भी हुआ। मंगलवार को प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान नंद किशोर को बुलाया और सुमित के मसले पर बैठकर बातचीत करनी चाही। सुमित आंगनबाड़ी केंद्र में बैठे थे तो वीरपाल ने अनुदेशक शैलेन्द्र कुमार को सुमित को बुला कर लाने को कहा। शैलेन्द्र का आरोप है कि वह सुमित को बुलाने गया था तो पहले तो सुना नहीं और फिर गाली गलौज करने लगे, जिसका वीडियो बनाने पर जातिसूचक गालियां देते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी और विद्यालय से चले गए। अनुदेशक शैलेन्द्र कुमार ने घटना की तहरीर पुलिस चौकी बरवर को दी है।

सदस्यता के मामले में नंबर वन रहेगा खीरी

बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संजय राय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री का संबोधन

अमृत विचार: भाजपा जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि जिला खीरी भाजपा का मजबूत गढ़ है। जिला और आप सबको सदस्यता के मामले में नंबर एक पर रहना है।

बैठक की अध्यक्षता सुनील सिंह ने की और मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री ने 31 अक्टूबर तक चलने वाली सदस्यता के लिए पदाधिकारी को टिप्स भी दिए। इससे पहले उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने झूठ और दुष्प्रचार की आड़ में प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाए गए। कांग्रेस ने संविधान को खतरे में बताकर दुष्प्रचार किया। संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष कुल भूषण सिंह ने जिले में चलाई जा रही सक्रिय सदस्यता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में संयोजक रामजी मौर्य, नगर पालिका गोला के अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, आशू मिश्रा, विनोद लोधी, ज्योतिर्मय बरतरिया, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. आरिफ व उसकी पत्नी आरिफा बी को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शरीफ अहमद पुत्र श्री रईस अहमद निवासी ग्राम बकैनिया थाना हाफिजगंज, तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्रवधु गायत्री देवी पत्नी स्व. दिनेश कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हुलासो देवी पत्नी स्व. भगवान दास निवासी ग्राम भटपुरा जागीर तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना

मेरे 3 बेटे और 2 बेटियों में बडे बेटे विनोद कुमार और पुत्रवधू रिंकी पत्नी विनोद कुमार का मेरे व मेरे परिवार के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। दोनों का चाल चलन ठीक न होने पर मैने उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से उक्त दोनों से मेरा व मेरे परिवार के सभी सदस्यों से कोई संबंध नहीं है। उक्त दोनों अपने किए गये कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **भूरे पुत्र प्रेमराज ग्राम पिपरिया उपराला थाना सिरौली आंवला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1025493 इंटरमीडिएट मार्कशीट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0736943 वास्तव में कहीं खो गये हैं। **रजत पाण्डेय पुत्र राम औतार पाण्डेय ग्राम अंजनी थाना सिरौली आंवला बरेली।**

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

सूचना

मेरे पति के कुछ अभिलेखों में मेरा नाम शशि दर्ज है। जबकि शशि लायल व शशि दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पति का सही नाम सुरेन्द्र कुमार (Surender Kumar) है।
शशि लायल पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी ए1/6 दुर्गानगर, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

यात्री सेवा

गोला डिपो ने शुरू कीं दो बसें, ग्रामीण अंचल से लखनऊ तक जाएंगी

ककरहा व फूलबेहड़ होकर राजधानी तक का सफर कराएंगी बसें

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: गोला से नवाबों की नगरी लखनऊ के लिए दो बसों का संचालन और शुरू हुआ है। इनका संचालन नए रूट से हो रहा है। इससे ग्रामीण अंचल के लोगों को लखनऊ तक जाने के लिए सीधी बस सेवा मिलने लगी है। गोला डिपो प्रशासन ने एक बस का संचालन ककरहा से मैगलगंज के रास्ते और दूसरी बस ब्लॉक फूलबेहड़ के श्रीनगर से लखनऊ तक जाएगी।

गोला डिपो के केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों को लखनऊ तक सीधा सफर कराने के लिए दो बसों का संचालन शुरू किया गया है। इनमें से एक बस घरथनिया, सकेथू, ककरहा, फत्तेपुर, मैगलगंज से सीतापुर के रास्ते लखनऊ जाएगी और दूसरी बस लखीमपुर से फूलबेहड़ के रास्ते श्रीनगर पहुंचेगी और वापसी करते हुए लखीमपुर होकर लखनऊ जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को बेहतर यात्रा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से इन बसों का संचालन शुरू किया गया है।

बस संचालन का समय : केंद्र प्रभारी ने बताया कि श्रीनगर से लखनऊ जाने वाली बस गोला से रोजाना शाम 06:30 पर लखीमपुर जाएगी। लखीमपुर बस अड्डे पर रात रूककर सुबह छह बजे महेवागंज से फूलबेहड़ होते हुए श्रीनगर पहुंचेगी। इसके बाद पुनः इसी रास्ते वापसी कर लखीमपुर, सीतापुर होकर लखनऊ जाएगी और शाम पांच बजे वापस गोला आएगी। जबकि दूसरी बस सुबह सात बजे घरथनिया, सकेथू, ककरहा, फत्तेपुर होकर मैगलगंज के रास्ते 11:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। दोपहर में दो बजे लखनऊ से चलकर शाम 07:00 बजे गोला आएगी।

लखनऊ जाने के लिए गोला डिपो में खड़ी निगम बसें।

> गोला डिपो से दो बसों का नए रूट पर संचालन शुरू किया गया है। एक बस लखीमपुर के रास्ते श्रीनगर से लखनऊ जाएगी और दूसरी बस ककरहा से मैगलगंज होकर लखनऊ जाएगी। **-महेश चंद्र कमल**, एआरएम गोला डिपो

गोला से लखनऊ वाया लखीमपुर-श्रीनगर

स्टाप-	किराया
लखीमपुर-	54
फूलबेहड़-	81
श्रीनगर-	91

किराया- गोला से लखनऊ वाया ककरहा

स्टाप -	किराया
घरथनिया-	12
ककरहा-	41
कल्लुआ मोती-	51
फत्तेपुर-	62
मैगलगंज-	80
लखनऊ-	259

रोडवेज बसों का किराया।

लखीमपुर की बजाय श्रीनगर में बस करे नाइट स्टे

गोला डिपो से शाम 06:30 बजे चलकर 07:30 लखीमपुर पहुंचकर रात स्टे करेगी और फिर अगले दिन सुबह 06:00 बजे श्रीनगर जाएगी। गोला डिपो प्रशासन की ओर से तैयार यह रूट प्लान यात्रियों से लेकर लखीमपुर डिपो के लोगों के गले नहीं उतर रहा है। इनका कहना है कि सुबह छह बजे श्रीनगर जाने के लिए सवारियां मिलनी मुश्किल है। यदि यह बस लखीमपुर आकर श्रीनगर में रात स्टे करे और सुबह लखनऊ के लिए निकले तो क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी, क्योंकि शाम के समय श्रीनगर की ओर जाने और सुबह लखीमपुर एवं लखनऊ आने के लिए सीधी बस सेवा न होने से यात्रियों को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेकर जिला मुख्यालय पर आकर लखनऊ जाना पड़ता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

एक नजर

महासंघ के वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के वरिष्ठ नेता विजय कुमार शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में मनरेगा के वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने उनके द्वारा संगठन हित में किए गए कार्यों का स्मरण कर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोक सभा में प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, अंजनी कुमार शर्मा, शत्रोहन लाल, शिवम शर्मा, जसकरनलाल शर्मा, तेजवली राजवंशी, उमेश कुमार, दयाराम वर्मा, रामचंद्र शर्मा, रूपराम, पूर्व प्रधान श्याम सिंह, रामलोटन मिश्रा, पंकज कुमार, मनीराम विश्वकर्मा, प्रमोद गिरि, मिश्रा शर्मा आदि मौजूद रहे।

संविदा कर्मियों की मांगें माने जाने पर धरना समाप्त

गोला में धरने पर वार्ता करते अधिकारी और संविदाकर्मी। ● अमृत विचार

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की मांगे मान लिए जाने पर धरना समाप्त कर दिया गया है। कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को देर रात तक अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता मोहम्मदी मुकेश कुमार, गोला उपखंड अधिकारी पवन कुमार, नीलाक्ष मनोष, संगठन के जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्र, महामंत्री अमित कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अतुल खरे, खंड अध्यक्ष विकास कटियार के मध्य हुई सफल वार्ता में अधिकारियों ने संविदा कर्मचारियों की सभी मांगे मान लेने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि जिन कर्मचारियों को ड्यूटी से हटाया गया था उन्हें पुन : काम पर बुलाया जाएगा। सभी मांगो के लिखित आदेश के बाद निविदा संविदा कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त किया। विकास तिवारी, अता हुसैन, पंकज सिंह, कलीम बेग सहित तमाम संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

पुवायां के विधायक ने मुख्यमंत्री के सामने रखी समस्या, सात साल बाद जागी श्रद्धालुओं को उम्मीद

दुधवा बफर जोन में मड़हा बाबा स्थान के दर्शनों से हटेगी रोक

संवाददाता, बांकेगंज/मैलानी

अमृत विचारः दुधवा बफर जोन की मड़हा बीट स्थित मड़हा बाबा स्थान पुवायां के भाजपा विधायक चेतराम के प्रयासों से एक बार पुनः आस्था का केंद्र बनने की राह पर है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जहां विधायक ने मड़हा बाबा जाने पर लगी रोक को हटाए जाने की बात कही है तो वहीं वनकर्मियों ने विभाग द्वारा आदेश न मिलने की बात कही है।

दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के किशनपुर सेंचुरी स्थित मड़हा बाबा स्थान बांकेगंज से 12 किमी, मैलानी से आठ किमी और पहाड़नगर ग्राम पंचायत से छह किमी दूरी पर है। सात वर्ष पूर्व तक यहां श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से अपने नाते रिश्तेदारों के साथ बच्चों के मुंडन व भंडारा कराते थे। वन विभाग प्रत्येक ट्रैक्टर ट्राली के लिए 500 रुपये की रसीद काटकर देता था। मड़हा बाबा स्थान के नजदीक स्थित तालाब में बड़ी संख्या में कछुओं को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती थी।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल किए जाने के बाद वनाधिकारियों द्वारा आम जनमानस के प्रवेश पर रोक लगाई जाने लगी। सात वर्ष पहले वन विभाग ने लोगों की आस्था और श्रद्धा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। तबसे मड़हा बाबा के जयकारों से गूंजने वाला स्थान सूनसान हो गया। जंगल की सीमा से सटी ग्राम पंचायत पहाड़नगर के प्रधान पति विनोद कुमार ने बताया कि पहली बार 2014 में मड़हा बाबा जाने पर वनाधिकारियों ने रोक लगाई। तीन वर्ष तक जनप्रतिनिधियों के दबाव के चलते कुछ लोग भंडारा कराने मड़हा बाबा चले जाते थे, किंतु 2017 में वन विभाग ने पूरी तरह रोक लगा दी, जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी मायूसी दिखाई दी।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

मंदिर में फिल्म अभिनेता शशि कपूर और ऋषि कपूर के नाम का लटका है घंटा

बांकेगंज। प्रधानपति विनोद कुमार बताते हैं कि बॉलीवुड की नामी हस्तियों ऋषि कपूर और शशि कपूर के नाम का घंटा भी लटका रहता था। बांकेगंज निवासी संतोष कुमार सक्सेना कहते हैं कि मड़हा बाबा स्थान पर रहने वाले पुजारी ने उनके आने का अनुमानित वर्ष 1995 अथवा 96 बताया था।

मैलानी वासियों ने भी मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

मैलानी। मड़हा बाबा जाने पर लगी रोक को हटाए जाने के संबंध में मैलानी नगर वासियों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में यह तर्क दिया था कि पीलीभीत वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के अंदर लगभग 12 किमी की दूरी पर सेहला बाबा, 9 किमी वन क्षेत्र के अंदर सिद्ध बाबा तथा पूरनपुर से 7 किमी वन क्षेत्र के अंदर स्थित एकोत्तरनाथ बाबा के मंदिर में पूजा, भंडारा अभी भी चालू है, जबकि मैलानी वन क्षेत्र स्थित मड़हा बाबा स्थान जाने पर वनाधिकारियों ने यह कहकर रोक लगाई थी कि यह दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल कर दिया गया है।

पिछले सप्ताह लखनऊ में मुख्यमंत्री से वार्ता करते पुवायां विधायक।

विधायक ने की थी मुख्यमंत्री से रोक हटाने की मांग

मैलानी। पड़ोसी जनपद की सीमा से सटे पुवायां क्षेत्र के विधायक चेतराम ने बीते सप्ताह मुख्यमंत्री के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए मड़हा पर लगी रोक हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मड़हा बाबा स्थान जाने पर लगी रोक को हटा दिया गया है। पुवायां विधायक द्वारा रोक हटाए जाने की बात कहे जाने के बाद से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। यद्यपि वनकर्मी अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद ही वहां जाने की अनुमति देने की बात कह रहे हैं।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के कोर एरिया में शामिल होने के बाद मड़हा बाबा स्थान आम जनमानस के लिए बन्द कर दिया गया था। इसे आम जनमानस के लिए खोले जाने को उनसे कई लोग पूछ चुके हैं, किंतु जब तक विभाग से कोई आदेश नहीं मिलेगा, तब तक आम प्रवेश बन्द ही रहेगा। – **नवीन दिवाकर**, रेंजर– मैलानी।

प्रस्ताव न टेंडर...फिर भी हो रहा सड़क का निर्माण

नगर पंचायत निघासनः अध्यक्ष की मनमानी से सभासदों में गुस्सा, डीएम से मिलकर करेंगे शिकायत

संवाददाता, निघासन (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचारः नगर पंचायत निघासन में मनमानी का हाल यह है कि बिना बोर्ड बैठक के ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मंगलवार को हुई बैठक में सिर्फ चार सदस्यों ने हस्ताक्षर किए, जबकि 11 सभासद शामिल नहीं हुए, फिर भी प्रस्ताव पास कर सरकारी गजट की विज्ञप्ति प्रकाशित करा दी गई। इससे गुस्साए सभासद लामबंद हैं। उन्होंने चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। गुरुवार को गुस्साए सभासद जिलाधिकारी से मिलकर दुखड़ा सुनाएंगे।

नगर पंचायत निघासन में मंगलवार को बैठक हुई। 15 सभासदों वाले इस बोर्ड की बैठक में 11 सदस्य नहीं आए, जिससे सिर्फ चार सदस्य ही शामिल हुए। ऐसे में बैठक कोरम के अभाव में स्थगित हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न करके बैठक में दुकान, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान निर्माण आवंटन एवं संचालन उपविधि न सिर्फ बना दी गई, बल्कि इसका प्रकाशन भी करा दिया गया। नगर पंचायत की इस कार्रवाई से बैठक में न पहुंचने वाले सभासद मुन्ना खान, बाबूराम, नीलू गिरि, रामश्री, अमित वर्मा, उमेश, दयाशंकर पाल, श्यामसुंदर, गुड्डू, पुष्पेंद्र, असलम ने कड़ी आपत्ति जताई और मीडिया को बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य मनमानी कर रहे हैं। बैठक की सूचना एक दिन पहले वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी गई थी। इसके लिए कोई एजेंडा नहीं निकाला गया। नियम विरुद्ध तरीके से बैठक बुलाने के कारण वह लोग नहीं शामिल हुए। इसके बाद भी मनमानी कर गजट बनवाकर प्रकाशित करा दिया। सभासदों का कहना है कि वह मनमानी के विरुद्ध आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। कहा कि गुरुवार को वह जिलाधिकारी से मिलकर नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ की मनमानी की जानकारी देने के साथ ही अपना दुखाड़ा बताएंगे।

नानक नगर के ऊषा इवेंट गार्डेन में बिना टेंडर के बन रही सड़क, जिसमें नहीं डाला गया पत्थर। ● अमृत विचार

● **बोर्ड की बैठक में चार सदस्यों ने किए हस्ताक्षर 11 ने किया बहिष्कार फिर भी प्रस्ताव पास**

नियम विरुद्ध बनाई जा रहीं ये सड़कें

सभासदों का यह भी आरोप है कि बिना टेंडर चंद्रगुप्त नगर, नानक नगर में कई सड़कों का निर्माण नियम विरुद्ध ढंग से कराया जा रहा है। अब टेंडर कराने की तैयारी में हैं। आरोप है कि पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाई गई, जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारी काम पर लगाए गए, बाद में उसका पैसा निकाला गया। पाइप लाइन बिछाते समय नगर पंचायत कर्मचारियों का जियो टैग फोटो भी है। इसके अलावा नगर के घर–घर सर्वे कराने के लिए प्रति घर 50 रुपया आया था। नगर पंचायत के कर्मचारी और बाहर के तीन लोगों को सर्वे के लिए लगाया गया और सर्वे का रुपया निकाला जा रहा है। सभासदों ने सभी निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है।

रजिस्टर में इन सदस्यों ने किए हस्ताक्षर

नगर पंचायत के 15 सदस्यों में से सभासद विनोद कश्यप, गायत्री देवी, रामखिलावन, सुमन देवी ने कार्यवाही रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद भी बैठक स्थगित न किए जाने से अन्य 11 सदस्यों में गुस्सा है।

मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में कोरम के अभाव की बात निराधार है। रजिस्टर में सभासदों के हस्ताक्षर मौजूद हैं, जिसमें कोरम पूरा है। नियम विरुद्ध ढंग से निर्माण कार्यों के आरोप की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट में हकीकत सामने आ जाएगी।

–**दिनेश कुमार शुक्ल**, अधिशासी अधिकारी

बैठक में कम सदस्य आए थे, जिस पर ईओ से चर्चा की थी। यह भी कहा था कि दोबारा बैठक बुला ली जाए। सरकारी गजट के प्रकाशन की जानकारी नहीं है। लखनऊ आया हूं, इसलिए लौटकर ईओ से जानकारी लूंगा।

–**बद्री प्रसाद मौर्य**, अध्यक्ष–नगर पंचायत, निघासन।

सार-संक्षेप

ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण का आयोजन

मितौली, अमृत विचार : ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवम् उन्मुखीकरण कार्यक्रम कस्बे के एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लॉक स्तरीय शिक्षक पदाधिकारियों एवं अकादमिक रिसोर्स परसन (एआरपी) ने सभी अतिथियों का बैज व माल्यार्पण करके स्वागत किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम मिनट टू मिनट कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में बंटा हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य अंशों में खंड शिक्षा अधिकारी ने मिशन कायाकल्प व डीबीटी के माध्यम से नि :शुल्क ड्रेस, जूता मोजा, बैग, स्वेटर व स्टेशनरी वितरण पर जानकारी दी। एआरपी ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की जानकारी दी। विधायक सौरभ सिंह सोनू व विशिष्ट अतिथि ने परिषदीय विद्यालयों के विकास में ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष व प्रधान अध्यापक आदि मौजूद रहे।

छितौनियां में निपटाया 20 साल पुराना विवाद

रोशननगर/बिलहरी, अमृत विचार : एसपी गणेश प्रसाद साहा के गुड मॉर्निंग अभियान के तहत ग्राम छितौनियां में धर्मस्थल को लेकर दो समुदायों का बीस साल पुराना विवाद सुलह समझौते से खत्म हो गया है, जिसकी क्षेत्र में चर्चा हो रही है। थाना हैदराबाद के छितौनिया गांव में अवधेश गुप्ता और जस्मान अंसारी के मध्य पीपल के पेड़ के पास की जमीन को लेकर करीब 20 वर्षों से विवाद चल रहा था। दोनां पक्ष एक दूसरे की बात मानने को तैयार नहीं थे, अक्सर लड़ाई झगड़े होते रहते थे। बुधवार को गुड मॉर्निंग अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को आमने सामने बैठा कर सभी ग्रामीणों के समक्ष तार्किक वार्ता करते हुए दोनों पक्षों को सुना और दोनों पक्षों की सहमति पर विवाद का निस्तारण कराया। जिसकी दोनों पक्षों व सभी क्षेत्र वासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

नेहरू युवा केंद्र ने चलाया जागरुकता अभियान

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : युवाओं में नशे की लत और मादक द्रव्यों के सेवन विषय पर आधारित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम कर युवा पीढ़ी को जागरूक किया गया। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में सीजीएनपीजी कालेज के पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गिरि मोंटी, जिला युवा केंद्र अधिकारी मयंक भदौरिया ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला युवा केंद्र अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि नशे की आदत उनके लिये ही नही बल्कि उनके परिवारों के लिये भी अभिशाप है। युवाओं को नशे की लत व अन्य मादक पदार्थों से बचना चाहिए। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र गिरि ने युवाओं से हर प्रकार के नशे की लत से दूर रहने को प्रेरित किया। डा. रीमा छाबड़ा व डा. पियूष शुक्ला ने युवाओं को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पटेल सुशील वर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संदीप वर्मा ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। संचालन डॉ मनोज कुमार, डॉ अमित कुमार ने किया। डॉ योगेश कनौजिया, डॉ अनिल कुमार, प्रो अमित कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ विदूवनाथ आदि मौजूद रहे।

वाईडी कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

लखीमपुर खीरी : युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत गोष्ठी हुई। इसमें महिला अपराध पर रोक, बचाव एवं सुरक्षा विषय छात्राओं ने अपने विचार रखे। बीएड विभाग की छात्रा स्वाति श्रीवास्तव ने महिलाओं द्वारा महिला सशक्तीकरण की बात कही। एमए दर्शनशास्त्र की छात्रा दिव्या सिन्हा ने महिलाओं के मनोबल बढ़ाने एवं मानसिक शक्ति मजबूत करके अपराधी का सामना करने पर बल दिया। बीएड की छात्रा साक्षी अवस्थी ने स्त्रियों की दशा में परिवर्तन आने एवं सुधार होने की बात कही। मिशन शक्ति संयोजक प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी ने महिलाओं को अपने आस पास के माहौल में सजग रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं सह संयोजक प्रोफेसर ज्योति पंत ने महिलाओं को स्वावलम्बी बनकर मजबूत होने के लिए जागरूक किया। संचालन मिशन शक्ति समिति सदस्य एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमन्त पाल ने महिला सुरक्षा पर विश्वास दिलाते हुए कहा कि कॉलेज में छात्राएं सुरक्षित हैं और निडर होकर पढ़ाई करें। इस दौरान शिक्षकों सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

खेलकूद के विजेता कल होंगे पुरस्कृत

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कुंभी ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारी श्रीराम ने बताया कि न्याय पंचायत स्तरीय हुईं खेलकूद प्रतियोगिताओं के 10 टीमों के प्रथम स्थान पर आने वाले विजेताओं को 25 अक्टूबर को नगर के पब्लिक इंटर कालेज स्थित श्री राजेंद्र गिरि स्टेडियम में समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया जाएगा।

विवाद के दौरान घर में घुस की फायरिंग, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला सैयदवाडा में बुधवार की देर शाम पति पत्नी के बीच खाना देने को लेकर विवाद हो गया। इससे गुस्साई पत्नी ने अपने मायके वालों को बुला लिया। मायके पक्ष के पहुंचते ही विवाद बढ़ गया। आरोप है कि नाराज साले ने इस दौरान कई राउंड गोली चलाई। एक गोली उसके बहनोई के भाई को जा लगी, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मोहल्ला सैयद वाडा निवासी मोहम्मद आलम का उनकी पत्नी से खाना देने को लेकर विवाद हो गया जिस पर पत्नी ने अपने मायके फोन कर घर वालों को बुला लिया। मायके वाले कई लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए और मोहम्मद आलम से वाद विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि मोहम्मद आलम की पत्नी का भाई छोटू भड़क गया। आरोप है कि छोटू ने इस दौरान फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली मोहम्मद आलम के भाई आफताब आलम (38)के सिर पर जा लगी। इससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। इससे उसके घर में चीख पुकार मच गई। गोली कांड से नगर में सनसनी फैल गई। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

घायल को अस्पताल लेकर जाता युवक।

आईजी ने नेपाल के अधिकारियों के साथ की बैठक

पलिया कलां, अमृत विचारः उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिरीक्षक लखनऊ प्रशांत कुमार ने नेपाल के अधिकारियों के साथ गौरीफंटा में बैठक की। बैठक में सीमा की सुरक्षा मजबूत करने, तस्करी आदि रोकने को लेकर वार्ता की। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित स्तंभों के समुचित रखरखाव , सुरक्षा एवं सीमा पर संयुक्त रूप से गश्त करने, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों सहित अन्य सामान की तस्करी पर अंकुश लगाकर मानव तस्करी रोकने आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के बाद आपसी सहमति बनी। दोनों देशों के अधिकारियों ने भारत नेपाल सीमा की नोमैंस लैंड पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। एसपी इस दौरान एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसएसबी कमांडेंट मुकेश कुमार, सीओ पलिया यादवेंद्र यादव, नेपाल के एसपी एपीएफ दल बहादुर पांडेय, डीएसपी एपीएफ सूर्य प्रकाश पंत सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कबड्डी में प्रतापपुर स्कूल की टीम प्रथम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार के निर्देशन में संविलियन विद्यालय कुकुहापुर के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताएं कराकर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

न्याय पंचायत ग्रंट नंबर 10 की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न्याय पंचायत प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह और क्रीड़ा प्रभारी मोहम्मद कलीम, विनोद कुमार गुप्ता के देखरख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में यूपीएस बालिका वर्ग खो खो एवं कबड्डी में तथा यूपीएस बालक वर्ग खो खो में कंपोजिट स्कूल असौवा विजयी रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग कबड्डी में प्रतापपुर ने बाजी मारी। प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग खो खो, कबड्डी में कंपोजिट स्कूल असौवा विजयी हुआ। बालिका वर्ग खो खो में नगरिया के बच्चे विजेता बने।

प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग रेस 50 मीटर में सादिका, 100 मीटर में विद्या तथा बालक वर्ग में 50 मीटर में आर्यन, 100 मीटर में प्रदीप प्रथम रहे। प्राथमिक विद्यालय लंबी कूद बालक वर्ग में हर्षित, बालिका वर्ग में मायवा असौवा जीतीं। जूनियर स्तर बालक वर्ग लंबी कूद में आकाश, बालिका वर्ग में प्राची ने गोल्ड मेडल जीता। जूनियर स्तर बालक वर्ग 100, 200, 400 मीटर दौड़ में आकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर में प्राची 200 और 400 मीटर दौड़ में रोशनी ने बाजी मारी। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में संकुल शिक्षक संदीप भारद्वाज, क्रीड़ा प्रभारी प्रधान मुनीस वर्मा और मोहम्मद यामीन का विशेष योगदान रहा।

कुकुहापुर में खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● **खो खो में बालिका वर्ग से नगरिया की टीम ने मारी बाजी**

दो पहिया समेत करीब 100 से अधिक वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः एसपी गणेश प्रसाद साहा के आदेश पर बुधवार की शाम जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों से लेकर चार पहिया वाहनों के कागजातों की भी जांच हुई। संदिग्ध मिले युवकों और वाहनों को भी खंगाला गया। एक साथ हुई कार्रवाई से जिले के वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

हाल ही में शहर और मितौली सर्किल में हुई लूट की वारदातों और चोरी की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा रखी है। त्योहारों में होने वाली चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस कहीं पैदल गश्त तो कहीं वाहन चेकिंग कर रही है। एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर बुधवार का पूरे जिले में एक साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर से लेकर भारत-नेपाल सीमा तक पुलिस सड़कों पर दिखी और वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध लगे लोगों के वाहन खंगाले और सघन तलाशी ली। शहर के हीरालाल चौराहे पर सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने पुलिस टीम के साथ हीरालाल धर्मशाला चौराहा पर वाहनों की चेकिंग कराई। बिलोबी हाल चौराहे के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर उनकी तलाशी ली गई। थाना व कस्बा खीरी की चौकी प्रभारी कस्बा खीरी साधना यादव ने चेकिंग की। कोतवाली तिकुनिया की बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार यादव ने भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले कड़िया मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्धों की तलाशी लेकर उनसे पूछताछ की। अभियान के दौरान पुलिस ने 100 से अधिक वाहनों का चालान किया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में खलबली मची रही।

बाइक चालक से पूछताछ करते सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी। ● अमृत विचार

वाहन चेकिंग करते टीएसआई योगेंद्र पाल सिंह। ● अमृत विचार

● **जिले में चले वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप, बेलरायां में चौकी इंचार्ज ने संदिग्धों की ली तलाशी**

ट्रैफिक पुलिस ने किए 24 बाइकों के चालान

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर में शाम तक 24 बाइकों के चालान किए हैं हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने, तीन सवारी वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी है। टीएसआई योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बुधवार को अशोक चौराहा और लखीमपुर रोड पर तिवारी ढाबा के पास सघन वाहन चेकिंग की गई। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस ने बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने, तीन सवारी, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 24 बाइकों का चालान किया है। उन्होंने बताया कि देर शाम तक नगर के प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों को तीन सवारी बैठाकर बाइक न चलाने, लाइसेंस लेकर चलने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की सलाह दी है।

इंडस्ट्रियल टुअर पर निकला वन बीट कॉलेज का छात्र दल

पलिया कलां, अमृत विचार : वन बीट कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेज भीरा के बी फार्मा 5वें सेमेस्टर और 7वें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए हरी झंडी दिखाकर सिक्किम रवाना किया गया। यह दल एल्केम हेल्थ साइंस एवं ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स प्लांट में सीखेगा। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी अमित पाल ने बताया कि तकनीकी शिक्षा में स्किल्स को डेवलप करने के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग ही एक माध्यम है।

फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया और एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के मानकों की पूर्ति करने के साथ- साथ फार्मेसी में भी हुनरबाज़ और प्रशिक्षित विद्यार्थी निकलें। प्रिंसिपल डॉ. बिस्वजीत दास इस टूर की अगुवाई कर रहे हैं।

ई-स्कूटी की लिमिट से अधिक स्पीड पर एक लाख का जुर्माना

परिवहन विभाग ने चेकिंग के दौरान ई-स्कूटी में पकड़ी गड़बड़ी

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: ई-स्कूटी की स्पीड लिमिट से अधिक होने पर परिवहन विभाग ने कंपनी के खिलाफ एक लाख रुपये का जुर्माना डाला है। परिवहन विभाग की टीम ने नकटिया रोड पर चेकिंग के दौरान ई-स्कूटी को रोकने पर खेल पकड़ा तो पता चला कि मानक के विपरीत स्कूटी को बनाकर बेचा गया था। जिले में इस तरह की कार्रवाई से ई-स्कूटी बेचने वालों में खलबली मच गई है।

मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार बैट्री चलित ई-स्कूटी की अधिकतम स्पीड 25 किमी प्रति घंटे से कम होनी चाहिए। वहीं उसमें लगी मोटर की क्षमता 250 वाट से कम और वजन 60 किलोग्राम से कम होना चाहिए। मंगलवार को नकटिया रोड पर पीटीओ रमेश प्रजापति टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान एक ई-स्कूटी 40 किमी से अधिक स्पीड पर चलती मिली। ई-स्कूटी की जांच में प्रथम दृष्टया निर्माता स्तर पर मानक त्रुटि होना पाया गया। उसके बाद वाहन बनाने वाली कंपनी मंत्र ई बाइक्स, आदमपुर हिसार के खिलाफ एक लाख रुपये के चालान की कार्रवाई की गई। जांच में पाया कि ई-स्कूटी की बिक्री उड़लाजागीर स्थित राजा इंटरप्राइजेज ने की थी। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ई-स्कूटी न साइकिल और न बाइक का विकल्प है। इसके लिए निर्धारित स्पीड मानक का निर्माण स्तर पर उल्लंघन चलाने वाले के लिए घातक हो सकता है।

ड्राइविंग ट्रेनिंग देने वाले वाहन का 42,550 का चालान

डीडीपुरम रोड पर बुधवार को चेकिंग के दौरान एक ड्राइविंग ट्रेनिंग देने वाले वाहन को रोका गया। जिसमें पाया गया कि ड्राइविंग ट्रेनिंग वाहन का दिसंबर 2023 से फिटनेस, 2022 से बीमा, 2023 से परमिट समाप्त है। इसके बाद भी कृष्णा ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के नाम से लोगों को ड्राइविंग ट्रेनिंग देने का काम किया जा रहा था। इस पर गाड़ी को सीज करके 42,550 का चालान किया गया।

- **25 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिक थी स्पीड, जिले में ऐसी पहली कार्रवाई से मची खलबली**

पत्नी को जहरीला पदार्थ दे हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: छह वर्ष पूर्व पत्नी को जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने के आरोपी थाना बिशारतगंज के ग्राम निसोई निवासी अभिषेक उर्फ सनी को अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 60 हजार रुपये जुर्मानालगाया। सास विनोद कुमारी और दो ननद रूबी व सोनी को बरी कर दिया।

सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय के अनुसार बदायूं के निभैरा सरवरपुर निवासी विवेक कुमार सिंह ने बरेली के थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बहन आरती की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व अभिषेक उर्फ सनी के साथ की थी। बताया कि बहन को उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 11 सितम्बर 2018 को शाम सूचना मिली कि आरती की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बहन के पति, सास, ननद व ननदोई पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। अदालत ने परीक्षण में अभिषेक को दहेज हत्या के आरोप से मुक्त करते हुए जहर देकर हत्या का आरोपी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता ने 10 गवाह पेश किए थे।

अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पति की जिम्मेदारी पत्नी के प्रति अत्यंत महत्वपूर्ण है। पति का पत्नी को भी परिवार के अन्य सदस्यों की तरह संरक्षण, सुरक्षा देने का दायित्व है, इस मामले में अभियुक्त पत्नी के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन नहीं कर सका है। इसलिए सजा का हकदार है।

मेडिकल कालेज में खेलते रहे डॉक्टर, बच्ची ने तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। बुधवार को एक ग्रामीण अपनी पुत्री के इलाज को इधर-उधर भटकता रहा। डॉक्टर नहीं मिले तो बच्ची की हालत बिगड़ गयी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी।

राजकीय मेडिकल कालेज में तीन दिन से खेल कूद प्रतियोगिताएं चल रही हैं। मरीजों को देखने वाला कोई नहीं है। वे दवा के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। बुधवार को ब्लॉक जगत के ग्राम थल्लिया नगला निवासी नाजिम सात वर्षीय बीमार पुत्री सोफिया को लेकर राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचा। नाजिम पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में गया जहां डॉक्टर नहीं मिले। नाजिम काफी देर तक पुत्री को लेकर इधर-उधर दौड़ता रहा। उसे डाक्टर मिले न ही किसी स्टाफ ने देखा। सोफिया की हालत बिगड़ गयी और कुछ ही देर में मौत हो गयी। सोफिया की मौत के बाद मेडिकल कालेज में खलबली मच गयी। कुछ डाक्टर पहुंचे तो लोगों ने उन्हें दौड़ा दिया। हंगामा होने के बाद खेल बंद कर दिए गए। बाद में रोता-बिलखता नाजिम औ उसकी पत्नी पुत्री का शव लेकर घर चला गया।

- **राजकीय मेडिकल कालेज में तीन दिन से बदहाल हैं स्वास्थ्य सेवाएं**

> राजकीय मेडिकल कालेज में खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। आज किसी बच्ची की मौत की बात सामने आयी है लेकिन पीड़ित से बात नहीं हुई। डाक्टर मरीजों को देख रहे हैं। बच्ची की मौत का क्या कारण रहा इसकी जांच कराई जाएगी।
>
> -डा. मुक्त्याज हुसैन, प्रभारी प्राचार्य

विरासत के आवेदनों की समीक्षा कर कार्रवाई करें

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार देर शाम डेंगू-मलेरिया के रोकथाम के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने अफसरों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के काम तय सीमा में पूरे कराएं। लापरवाही पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करें। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश के मामलों में ज्यादा कार्मिकों को लगाकर तेजी लाएं। विरासत दर्ज कराने के लिए जिन आवेदनों को गलत निरस्त किया है, उनकी समीक्षा करें, जिन्होंने गलत निरस्तीकरण किया है, उन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई कर अवगत कराएं।

कमिश्नरी के सभागार में मंडलीय समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पाया कि पिछले वर्ष से बरेली और पीलीभीत में इस वर्ष कम केस आए हैं। विकास खंड मझगवां तथा रामनगर में संचारी रोग के केस बढ़े हैं, जबकि शेरगढ़ में कम हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बताया कि लोग घरों के अन्दर स्प्रे कराने को तैयार नहीं हो रहे हैं, क्योंकि सामान हटाने में असुविधा होती है।

पीलीभीत में कैलाश माइनर का कार्य अधूरा अधीक्षण अभियंता का स्पष्टीकरण तलब

निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया कि लोक निर्माण विभाग पीलीभीत में कैलाश माइनर संपर्क मार्ग का कार्य करा रहा है। कार्य पूर्ण करने की तिथि 15 अक्टूबर थी, लेकिन अभी तक 30 प्रतिशत कार्य हुआ है। कमिश्नर ने मामले में जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ अधीक्षण अभियंता का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी से अनुमति लेकर ही इंडस्ट्री का निरीक्षण करने जाएं

मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि औद्योगिक आस्थान में किसी भी इंडस्ट्री का निरीक्षण करने कोई टीम जाती है तो जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही जाए। इस आदेश का सख्ती के साथ अनुपालन कराया जाए।

- **मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक में मंडल के जिलाधिकारियों को दिए निर्देश**
- **निर्माण कार्यों के काम तय सीमा में पूरे कराएं, लापरवाही पर कार्रवाई करें**

कस्तूरबा गांधी बीसलपुर, मिर्जापुर में कार्यों की गुणवत्ता खराब

समीक्षा में पाया कि 37 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं लेकिन अभी तक हस्तांतरित नहीं हुई हैं, जिसका मुख्य कारण विभिन्न प्रकार की एनओसी प्राप्त न होना है, मंडलायुक्त ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए यथाशीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश दिये। कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ की ओर से कस्तूरबा गांधी बीसलपुर, मिर्जापुर आदि का कार्य कराया जा रहा हैं। मंडलायुक्त ने कार्य की गुणवत्ता खराब होने और अत्यधिक विलम्ब पर उनके खिलाफ पत्र भेजने के भी निर्देश दिए।

सार-संक्षेप

बहराइच में राहत सामग्री नहीं ले जाने देने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा मुस्तफा ने बहराइच में राहत सामग्री नहीं ले जाने देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।पत्र में सलमान मियां ने कहा है कि बहराइच हिंसा में मानवीय हानि हुई है। बीमार लोगों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। खाने की कमी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। चारा नहीं मिलने से पशु भूखे मर रहे हैं। स्थानीय लोगों के कारोबार बंद पड़े हैं। हर तबके का इंसान परेशान है। ऐसे में जो संस्थाएं राहत सामग्री लेकर बहराइच पहुंच रही हैं, उन्हें पुलिस अंदर नहीं जाने दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हिंसा में जिन लोगों के घर जलाए गए हैं उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाए। इसके अलावा जिलाधिकारी को निर्देशित किया जाए कि जो लोग राहत सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हें वहां जाने की अनुमति दी जाए।

त्योहारों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए: आईजी

बरेली, अमृत विचार : आगामी त्योहारों पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था के संबंध में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने रेंज के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ कार्यालय में बुधवार को बैठक की। बैठक में उन्होंने त्योहारों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोकशी की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के निर्धारित 13 बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने आपराधिक मामलों में माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लंबित विवेचनाओं के निस्तारण समेत हत्या लूट, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण और सांप्रदायिक मामलों में सख्त कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, मिशन शक्ति अभियान को प्रभारी तरीके से चलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य समेत अन्य जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

रामपुर, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को 20 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया है। स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी को 13 दिसंबर 2022 को गांव घोसीपुरा निवासी मुतीउर्ररहमान बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में 14 दिसंबर 2022 को मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी के बयानों के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे-8 की कोर्ट में चल रही थी। विशेष लोक अभियोजक सुमित शर्मा ने बताया कि दोषी मुतीउर्ररहमान को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई है। उस पर 1.10 लाख का जुर्माना लगाया है।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में हादसे में मौत की पुष्टि

बदायूं, अमृत विचार : थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव जाहिदपुर घंसुलिया निवासी बुजुर्ग की मौत हो गई थी। परिजनों ने गांव निवासी युवक पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें सड़क हादसे से मौत होने की पुष्टि हुई है।गांव निवासी साहब सिंह (55) की सोमवार को मौत हो गई थी। मृतक के बेटे नरोत्तम ने पुलिस को बताया कि गांव निवासी हरवीर सिंह से उनकी रंजिश चल रही है। सोमवार सुबह वह उनके घर आया और पिता को शराब पिलाई। इसके बाद बाइक पर बैठाकर गांव राजपुर बरौलिया की ओर ले गया। आरोप लगाया कि हरवीर ने उनके पिता के साथ मारपीट की जिसकी वजह से वह बेसुध हो गए थे। इसके बाद उन्हें मरणासन्न हालत में घर पर फेंककर भाग गया। कुछ देर के बाद पिता की मौत हो गई थी। थाना मुजरिया के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम में सड़क हादसे में मौत की पुष्टि हुई। बहरहाल अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 15 हजार रुपये

बरेली, अमृत विचार : संजयनगर निवासी राहुल पटेल के खाते से साइबर ठगों ने 15099 रुपये निकाल लिए। राहुल की शिकायत पर साइबर सेल ने 10 हजार रुपये होल्ड करा दिए। थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राहुल ने बताया कि उनका खाता एचडीएफसी बैंक की प्रियदर्शनी नगर शाखा में है। 1 अगस्त को दो यूपीआई आइडी से उनके नंबर पर ओटीपी आए। उन्होंने न तो किसी को ओटीपी बताए और न ही लिंक पर क्लिक किया, इसके बावजूद दो बार में उनके खाते से 15099 रुपये कट गए।

चाइनीज मांझे से दो साल की बच्ची का गाल और गर्दन कटी

रामपुर कार्यालय

अमृत विचार: चाइनीज मांझे से 2 साल की बच्ची का गाल और गर्दन कट गई। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां की उगंली भी कट गई। विरोध करने पर पतंगबाजों ने दंपति व महिला के भाई को मारापीटा। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की नवाज कॉलोनी निवासी गुलरेज, पत्नी तरन्नुम और दो साल की बेटी आरूफा गुलरेज के साथ बुधवार दोपहर 3:30 बजे बाइक से गेट से बरेली गेट की ओर जा रहे थे। नैनीताल रोड पर एक बाइक एजेंसी के सामने चाइनीज मांझे से आरूफा का गाल और गर्दन कट गई। उसे हटाने के प्रयास में तरन्नुम के हाथ की उगंली भी कट गई। दंपती पतंग उड़ाने वाले को तलाशते हुए मस्जिद जहीरुद्दीन के पास पहुंचे तो पतंग उड़ाने वाले शाहनवाज को मांझा एकत्र करते देखा लिया। शिकायत की तो शाहनवाज, जमीर, रिजवान, यामीन ने दंपती और महिला के भाई को पीटा। घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- **बचाने के प्रयास में मां भी घायल, विरोध करने पर पतंगबाजों ने दंपती व महिला के भाई को पीटा**

घायल बच्ची।

दिवाली और छठ पर 13 दिन चलेंगी अतिरिक्त बसें, फेरे भी बढ़ाए जाएंगे

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: दिवाली, भैया दूज और छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसें चलाने और फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। सभी छोटे-बड़े रूटों पर 13 दिनों तक 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा कंट्रोल रूम भी खोला जाएगा, जिसमें 24 घंटे स्टाफ मौजूद रहेगा।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बरेली के आरएम को भेजे पत्र में कहा है कि दिवाली और छठ पूजा को देखते हुए 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। गाजियाबाद, दिल्ली और पश्चिमी क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से अधिक लोड मिलता है। ऐसे में अधिक से अधिक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाए। दिवाली और भैया दूज पर दिल्ली, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, आदि के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य नगरों में बसें चलाई जाएं। उन्होंने सभी बसों को प्रोत्साहन योजना अवधि में ऑन रोड रखने को कहा है। इसके अलावा सभी कर्मचारियों के साथ ड्राइवरों और कंडक्टरों के अवकाश भी इस दौरान निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने समय से बसों की मरम्मत कराने को कहा है ताकि त्योहार के दौरान दिक्कत न हो। बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि दिवाली और अन्य त्योहारों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी और फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। त्योहार की अवधि में ड्राइवरों और कंडक्टरों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।

- **प्रबंध निदेशक ने बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक को भेजा पत्र**
- **29 अक्टूबर तक 10 नवंबर तक चलेंगी बसें, कंट्रोल रूम भी खुलेगा**

कार्यालय ग्राम पंचायत नरहरपुर गोरी खेड़ा, वि.खं. भदपुरा, बरेली

निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरहरपुर गोरी खेड़ा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम	लम्बाई	मटेरियल
1.	ग्राम नरहरपुर में समुदाय के लिए पशुशेड में अतिरिक्त शेड निर्माण कार्य	रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट,ईट, ईट रोड़ा, पाइप चादर, सरिया आदि	30 मी.	933163.00

उक्त कार्य हेतु सील बंद कुटेशन/निविदा 24.10.2024 से 28.10.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। वह उसी दिन 28.10.2024 को दोपहर 3:00 बजे निविदा/कुटेशन दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की दरें स्टीमेट की दरों से अधिक स्वीकार्य नहीं होंगी।

ग्राम प्रधान-नीरा सिंह सचिव-राजू सिंह

सेक्शन–1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

पता :–कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।

–:: निविदा आमन्त्रण सूचना ::–

पत्रांक– 579 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / 2024–25 दिनांक– 09–10–2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड– पीलीभीत के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0 एवं डी0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

क्र0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कुल लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		क्रिटिकल गैप्स योजना के अन्तर्गत				
1	पीलीभीत	ग्राम पंडरी की गौशाला की बाउण्ड्री चेनलिंक फैंसिंग कार्य विकास खण्ड मरौरी।	5.805	0.116	765.00	2 माह

2– निविदा सूचना (एन0आई0टी0) में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 11.11.2024 से 16.11.2024 तक।

3– निविदाऐं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली अथवा ज़िलाधिकारी कार्यालय पीलीभीत में जिनके पते निविदा सूचना (एन0आई0टी0) स्तम्ब 8 एवं 9 में अंकित है, को निविदि पेटिका में डाले जाने की अंतिम तिथि– 17.11.2024 / दोपहर 12.00 बजे तक।

4– निविदा खोलने की तिथि–17.11.2024 / दोपहर 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

UP-221187 दिनांक 23.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 63/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है:–

क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः (1) कासगंज स्टेशन पर कोचिंग डिपो के लिये भवन एवं स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान (इज्जतनगर डिवीजन में कासगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत एम. एंड पी. की खरीद, कोचिंग डिपो में सर्विस बिल्डिंग का विस्तार एवं एन.एम.जी. के लिये 01 स्टेबलिंग लाइन एवं 02 स्पर लाइनों का प्रावधान।) (2) फर्रुखाबाद में रनिंग रूम का प्रावधान। (3) कानपुर–अनवरगंज में 5 बिस्तरों वाले आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान। (4) हाथरस सिटी में आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 3,26,74,642.56, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 3,13,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 18-11-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर
मुजाधि / डब्लू-277

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राफिया हसीब पत्नी मो. इरफान निवासी कस्बा धौरा टांडा तहसील व जिला बरेली की है वह एक किता मकान रकवा 104.51 वर्गमी गाटा सं. 148 लगायत 160 का भाग ग्राम बिहारमान नगला बरेली में स्थित है को बिलाल हसन उर्फ मो. बिलाल हसन से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दो किता बैनामा दिनांक 12.11.2001 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 1977 पृष्ठ 229 से 246 क्र.सं. 9789 जो कि श्रीमती सुधा सक्सेना के हक में थी व बैनामा दिनांक 02.07.2012 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 5520 पृष्ठ 177 से 206 क्र.सं. 8356 जो कि तौफीक अहमद के हक में थी कचहरी किसी काम से जाते समय रास्ते में कही गिर गयी काफी ढूँढने पर भी नही मिली। उक्त की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 23.10.2024 को दर्ज करा दी गयी है। उक्त से सम्बन्धित किसी व्यक्ति या किसी संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि किसी को कोई आपत्ति नही है उक्त ऋण श्रीमती राफिया हसीब पत्नी मो. इरफान निवासी कस्बा धौरा टांडा तहसील व जिला बरेली को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया चैम्बर नं. 1. निकट पोस्ट आफिस सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली।
मो. नं. 9837205613

सेक्शन–1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

पता :–कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।

–:: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना ::–

पत्रांक– 582 / ग्रा0अ0वि0 / ई–निविदा / पत्रां0सं0– / बाण्ड क्लर्क / 2024–25 दिनांक– 10.10.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत में भवन / मार्ग निर्माण कार्य हेतु, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0 एवं डी0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

क्र0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कुल लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		राजस्व विभाग के अन्तर्गत				
1	पीलीभीत।	तहसील बीसलपुर के 924 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य।	13.04	0.26	854.00	3 माह

2– वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंन्ट की उपलब्धता की तिथि–11.11.2024

3– ई–निविदा के माध्यम से निविदा करने की अन्तिम तिथि / समय 18.11.2024 / दोपहर 12.00 बजे तक।

4– ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि 3 / समय 18.11.2024 / दोपहर 4:00 बजे।

5– निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–09 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि–पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार–पत्र में प्रकाशित नही किया जाएगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है। कि नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करे और बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

UP-221167 दिनांक 23.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना सं इज्जत / इलै. / ओटी / 22 / 2024 दि. 21.10.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / विद्युत / पूर्वोत्तर रेलवे / इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं 1:– कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्टेशन और सर्विस बिल्डिंग पर ऑन–ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू मेंः ₹ 5,78,94,220.65, धरोहर राशि रू मेंः ₹ 4,39,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू मेंः शुन्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः छः माह।

क्रम सं 2:– कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के सी.से.इंजी / वि / पश्चिम सेक्शन के आवासीय क्वार्टरों पर ऑन–ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू मेंः ₹ 5,23,78,118.94, धरोहर राशि रू मेंः ₹ 4,11,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू मेंः शुन्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः छः माह।

क्रम सं 3:– कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल में लेवल क्रॉसिंग क्वार्टरों सहित आवासीय क्वार्टरों पर ऑन–ग्रिड रूफटॉप सौर प्रणाली (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू मेंः ₹ 4,60,17,208.86, धरोहर राशि रू मेंः ₹ 3,80,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू मेंः शुन्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः छः माह।

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किये जाने चाहिय।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा.) इज्जतनगर
मुजाधि / विद्युत–158

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सेक्शन–1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

पता :–कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।

–:: निविदा आमन्त्रण सूचना ::–

पत्रांक– 583 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / 2024–25 दिनांक–10.10.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड– पीलीभीत के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0, डी0 एवं ई0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

क्र0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कुल लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		राजस्व विभाग के अन्तर्गत				
1	पीलीभीत।	तहसील पीलीभीत के 571 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य।	8.06	0.16	854.00	3 माह
2	पीलीभीत।	तहसील कलीनगर के 337 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य।	4.76	0.10	854.00	3 माह
3	पीलीभीत।	तहसील अमरिया के 470 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य।	6.63	0.13	854.00	3 माह
4	पीलीभीत।	तहसील पूरनपुर के 568 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य।	8.02	0.16	854	3 माह

2– निविदा सूचना (एन0आई0टी0) में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 11.11.2024 से 16.11.2024 तक।

3– निविदाऐं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली अथवा ज़िलाधिकारी कार्यालय पीलीभीत में जिनके पते निविदा सूचना (एन0आई0टी0) स्तम्ब 8 एवं 9 में अंकित है, को निविदि पेटिका में डाले जाने की अंतिम तिथि– 17.11.2024 / दोपहर 12.00 बजे तक।

4– निविदा खोलने की तिथि–17.11.2024 / दोपहर 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–पीलीभीत।

UP-221180 दिनांक 23.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

आत्मज्ञानं समारम्भ : तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

जो अपने योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

सहयोग के क्षेत्र

वैश्विक चुनौतियां एक के बाद एक उभर रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक कार्यों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को यूक्रेन में संघर्ष और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति के बीच गैर-पश्चिमी शक्तियों द्वारा अपनी ताकत दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। भारत ब्रिक्स के भीतर करीबी सहयोग को महत्व देता है जो वैश्विक विकासात्मक एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों को जोड़ने आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। उन्होंने चीन, रूस समेत पूरी दुनिया को नसीहत दी कि जंग किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। गौरतलब है कि ब्रिक्स सदस्य देशों की विविध सुरक्षा चिंताएं हैं, जिनमें आतंकवाद और क्षेत्रीय संघर्ष से लेकर साइबर खतरे तक शामिल हैं। भारत ने इन चिंताओं को एक साथ लाने और संयुक्त सुरक्षा पहलों का समन्वय करने के लिए सावधानीपूर्वक बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। विश्व में उत्तर दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने स्पष्टता के साथ सारी बातें रखीं। आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है।

युवाओं में कट्टरपन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि के लंबित मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा। उसी तरह साइबर सुरक्षा, सुरक्षित एआई के लिए वैश्विक नियमन के लिए काम करना चाहिए। प्रत्येक देश की सुरक्षा का सम्मान करना और उसकी गारंटी देना, टकराव के स्थान पर वार्ता और साझेदारी को बढ़ावा देना तथा संतुलित, प्रभावी और टिकाऊ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स देशों को साझा विकास में योगदानकर्ता बनना चाहिए। अगले दशकों में ब्रिक्स को प्रासंगिक बने रहने के लिए, इसके प्रत्येक सदस्य को अवसरों और अंतर्निहित सीमाओं का यथार्थवादी आकलन करना होगा। इसके अलावा, राजनीतिक आपसी विश्वास और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना, प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार और समन्वय बनाए रखना और एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं को समायोजित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

रामायण और पुरातत्व

भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे।

पश्चिम एशिया में पहले अविश्वसनीय मानी जाने वाली कथाओं की ऐतिहासिकता की खोज करते हुए पुरातत्वविदों ने उनमें से अनेक का ऐतिहासिक आधार खोज निकाला। अब हम उनको सही देश-काल में रख सकते हैं। क्या ऐसा महाभारत और रामायण के विषय में भी किया जा सकता है? प्रो. नूरुल हसन के मंत्रित्व काल में यह प्रस्ताव प्रो. बी.बी. लाल ने प्रस्तुत किया और इसका कार्यभार संभाला, परंतु न जाने किस समझ से भारतीय पुरातत्व के अनन्य व्याख्याता प्रो. लाल ने पुरातत्व के साक्ष्यों की तलाश करते हुए इसके पुरातत्व को दूसरी शताब्दी ख्रिस्ताब्द पूर्व तक सीमित कर दिया, जिसे मानने को कोई तैयार न होगा। स्वयं वह भी नहीं (देखें उनका बाद का खनन और काल निर्धारण)। फिर पुरातत्व से मिली इस सूचना का क्या होगा?

हम प्रो. लाल को आंकड़ों में छेड़-छाड़ का दोषी मान सकते हैं, जिसका साहस मुझमें नहीं है। पुरातत्व की विश्वसनीयता पर संदेह कर सकते हैं, जो उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। दो ही विकल्प बच रहते हैं: 1. उत्खनन के लिए स्थल/स्थलों के चुनाव में उत्खननकर्ता से चूक हुई, जिसकी पर्याप्त संभावना है। दूसरा यह कि रामकथा से संबंधित जिन स्थलों के नाम पर दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में जिन स्थलों की पहचान बची रह गई थी, उनका वर्णन वाल्मीकिय रामायण में है, न कि प्राचीन अयोध्या और श्रृंगवेरपुर का। इसका अर्थ हुआ, वाल्मीकिय का वर्तमान पाठ दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में या उसके बाद तैयार किया गया और संस्कृत भाषा पर अधिकार रखने वाले ब्राह्मणों द्वारा तैयार किया गया, न कि दस्यु से ऋषि बने और उल्टा नाम जपने वाले, अशिक्षित दस्यु द्वारा। वह उल्टा-नाम-जप से अपना हृदय-परिवर्तन कर सकता था, पर संस्कृत का उतना प्रकांड विद्वान नहीं बन सकता था, जितना रामायणम् का रचनाकार है।

कथा अवश्य पुरानी थी, जिसका उपयोग नई अपरिहार्यता के चलते वैचारिक द्वन्द्व के लिए किया गया और मूल कथावस्तु से छेड़छाड़ करते हुए किया गया। पहले हम खुदाई के गलत स्थल के चुनाव को लें। इसके लिए हम विंसेंट स्मिथ के मंतव्य पर ध्यान दें। उसने प्रमाण देते हुए यह

उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं।

दिखाया था कि तटीय स्थल जिन नदियों के तट पर बसे हुए थे वे उनसे बहुत दूर चली गई है। यहां तक कि समुद्रतटीय स्थल भी इसके अपवाद नहीं हैं। उदाहरण के लिए ताम्रलिपि कभी बंदरगाह हुआ करता था, परंतु उस नाम का स्थल ''समुद्र से कम से कम साठ मील (100 किलोमीटर) दूर है।'' यह तो उस स्थिति की बात है जब नदी या समुद्र पीछे की ओर हटा हो, यदि स्थल उसकी चपेट में आ गया हो तो पहचान ही लुप्त हो जाती है। पुरानी मदुरा कहते हैं समुद्र में चला गया। खंबात की खाड़ी में एक प्राचीन नागर बस्ती के अवशेष पाए गए हैं।

उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं। अयोध्या का हाल यह है कि इसका ऊंचाई वाला भाग सरयू के कगार पर पड़ता है जबकि जिस स्थल पर कभी राममंदिर बना था या जहां बाबरी मस्जिद बनी थी, वहां बची हुई अयोध्या के भी सबसे प्राचीन स्तर का पता नहीं चलेगा। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर चले तो अयोध्या सरयू का दक्षिण तट आधे योजन से कुछ अधिक दूरी पर पड़ा था (अध्यर्धयोजनं गत्वा सरव्या दक्षिणे तटे, रा.1.12.11)। यह माप कुछ बढ़ाकर भी दी गई हो सकती है, परंतु इतना तो तय है कि नदी का कटाव विनष्ट अयोध्या की ओर रहा है और उसके पुराने नगर का बहुत छोटा सा हिस्सा ही ध्वंस के बाद बचा रह पाया है। अतः पुरातत्व रामकथा की उस कड़ी का जिसका संबंध दशरथ के पुत्र राम से है, निर्णय नहीं कर सकता। पश्चिम एशियाई पुरावस्तुः रामकथा की ऐतिहासिकता का एक अन्य बहुत क्षीण सूत्र है मिस्र के प्रतापी राजा रामसेस द्वितीय, जिसने 127-1213 ख्रिस्ताब्द पूर्व में 66 साल तक राज्य किया था और जिसे मिस्र में रामसेस महान के रूप में याद किया जाता रहा, उसके नाम में आए राम को एक ठोस आधार मानते हुए यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया कि राम की ऐतिहासिकता मिस्र के रामसेस से जुड़ी है और उसकी पौराणिकता भारतीय राम की अवधारणा से। इसके साथ ही एक हुरी राजा का नाम तुशरत्त था, जिसका भाई शत्तिवाज था। इसका हुर्री भाषा में नाम किलि-तेसुप था। सरस्वती से मिलता जुलता नाम अफगानिस्तान की नदी हरह्वती या हरौती का था, जिसे यूनानी हेराक्वैती कहते थे, इन तिनकों को जोड़कर भारतीय इतिहास लेखन के धर्मनिरपेक्षता की आड़ में चलने वाले 'माले गनीमत' वाले दौर में जब प्राचीन भारतीय इतिहास को नष्ट करने का अभियान चल रहा था, यह सिद्ध करने के प्रयास किए जाते रहे कि ये सभी 'आर्यों' के पश्चिम से भारत में आने के प्रमाण हैं और मूल सरस्वती नदी अफगानिस्तान में बहती थी और उसी के नाम पर भारतीय सरस्वती का नामकरण किया गया।

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे। यदि इतिहास का विवेक होता तो वे समझते कि हरह्वती नाम संस्कृत में किसी तरह की कठिनाई नहीं पैदा करता, सरस्वती ईरानी में हरह्वती हो जाता है, अतः मूल नाम सरस्वती था और उन लोगों के प्रसार या प्रभावविस्तार के साथ यह नाम पश्चिम की नदी को दिया गया कि शत्तिवाज या सत्यवाज/शक्तिवाज नाम हुर्री का नहीं है, उसमें इसे किलि तेसुप कहा जाता था। इस भाषाई पर्यावरण में दशरथ और सत्यवाज का प्रवेश भारतीय भूभाग से गए हुए प्रभावशाली समुदाय में ही रखा जा सकता था। मिस्री में रा का अर्थ सूर्य है। सूर्योपासना मिस्र में भारतीय प्रभाव में आरंभ हुई थी और यह लंबे ससय तक नहीं चल पाई थी। ठीक यही बात रामसेस के मामले में भी देखी जा सकती है, यह नाम फराऊनों की नाम परंपरा से हटकर है और उस प्रभाव से उत्पन्न है, जिसमें तेल-एल-अमर्ना के संस्थापक अखनातेन ने सूर्योपासना का एक नया धर्म आरंभ किया था, जो उसके जीवन काल तक ही चला। नई राजखानी राजधानी अमर्ना भी जो उसके द्वारा स्थापित की गई और उसकी मृत्यु के बाद उपेक्षित और फिर विस्मृत हो गई। मितन्नी राजा तुशरत्त से हित्तियों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अखनातेन के कूटनीतिक संबंध थे, जो तुशरत्त की पुत्री के अखनातेन के पुत्र से वैवाहिक संबंध में भी प्रतिफलित हुआ था।

दशरथ और दूसरे भारतीय नाम उस भिन्न भाषा-परिवेश में भारतीय प्रभाव के सूचक तो हैं, पर इन नामकरणों के पीछे भारतीय 'इतिहास' के दशरथ और राम से यदि कोई संबंध है या हो सकता है तो मात्र इस अर्थ में ही कि दशरथ और राम का काल चौदहवीं शताब्दी से पीछे जाता है कि मितन्नियों की राजधानी वसुकन्नि, जिसका अर्थ धन की खान होता है, जिस खाबुर नदी के तट पर था, उसे संभवतः वसु भी कहा जाता था और इसका एक क्षीण हवाला गोपथ ब्राह्मण में आया है, जिसमें कहा गया है कि इन्द्र का नगर वसु की धारा पर बसा था और इसे असुरों ने घेर लिया था - वसोर्धाराणां ऐन्द्र नगरम्। तं असुराः पर्युपेयुः। इसमें किसी युक्ति से इन्द्र का बचाव हो गया था। ये इन्द्रलोक भारोपीय प्रसार क्षेत्र में फैली व्यापारिक बस्तियां या उपनिवेश थे और वहां किसी तरह के संकट की सूचना मिलने के बाद सहायता के लिए जाने वाले और वहां से मालामाल होकर लौटने वाले भारतीय राजाओं के जो हवाले दुष्यंत से लेकर दशरथ तक के मिलते हैं वे सभी रघुवंशी हैं इनमें ऐतिहासिक सच्चाई हो सकती है, परंतु इसके बाद भी तुशरत्त का भारतीय दशरथ से केवल नाम का संबंध है, जो उनकी ख्याति का सूचक है न कि वंशधरता का। पुरातत्व में प्रमाणों का अभाव नहीं है, अभाव उस समझ का है जो इन्हें सही संदर्भ में रख सके।

प्रसंगवश

फसलों की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता

भारत में खेती किसानी हजारों वर्ष से जीवन पद्धति के अभिन्न अंग के रूप में, तमाम ज्ञान-विज्ञान समेटे उत्तम कर्म रहा है। आरण्यक संस्कृति से उद्भूत खेती किसानी ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उद्घाटित किया।

इस धरती पर फसल की श्रेणी में आने वाले लगभग तीन लाख पौधे हैं, जिनमें से अब तक कुल तीन हजार पौधों को ही खाद्यान्न पौधों के रूप में ही चिह्नित किया जा सका है। कृषि का इतिहास लगभग दस हजार साल का इतिहास है। आज के वैज्ञानिक युग के पूर्व ही खेती- किसानी करने वाले किसानों ने एक एक फसल की हजारों लाखों किस्मों की खोज की थी। उनको अपने खेतों में पाला पोसा। अनुभव और परिक्षण से उनका वर्गीकरण किया कौन फसल किस मौसम में होगा? किस किस्म को कम पानी चाहिए किस किस्म को ज्यादा पानी चाहिए? इन वैज्ञानिक ऋषि किसानों ने खाद्यान्नों के बीजों को संरक्षित किया। एक शताब्दी पूर्व भारत में धान की लगभग एक लाख किस्में बोई जाती थी। एक-एक गांव में बीसों किस्म के अलग-अलग धान के खेत लहलहाते थे। पानी और बोली की तरह चार कोस पर धान की किस्में बदल जाती थी। दुर्भाग्यपूर्ण गाथा है कि दस हजार साल की किसानों की सृजनशीलता जो सांस्कृतिक वैज्ञानिकता थी उसे पिछले पचास साल के व्यापारिक वैज्ञानिकता ने नष्ट कर दिया। आज का वैज्ञानिक जैविक विविधता को परिभाषित करते हुए कहता है कि कोई भी दो प्रजातियां अपने पर्यावरण का उपभोग सामान रूप से नहीं करती तथा किन्हीं दो प्रजातियों के अनुवांशिक सूत्र भी एक समान नहीं होते।


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

हजार साल पहले के किसान को जैविक विविधता के संबंध में निश्चित रूप से यह व्यावहारिक रूप से ज्ञात था कि पर्यावरण के संतुलन के लिए आवश्यक है। फसल की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता का एक मजेदार तथ्य है कि हमारे पुरखे लगभग दो हजार खाद्यान्न पौधों में से अपना भोजन चुनते थे। आज पूरे देश में खाद्यान्न लगभग दो सौ फसलों में ही सिमट कर रह गया है, उसमें भी हमारी थाली के भोजन के अन्न अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। फसलों की विशाल संपदा व्यापारिक विज्ञानवाद की भेट चढ़ता चला गया।

आखिर सड़क हादसों में अव्वल क्यों है यूपी

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है।

एक बार फिर उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घनाओं में होने वाली मौतों में अव्वल आया है। खासकर इसलिए कि प्रदेश में आधुनिकतम सड़कों का जाल बिछा है और एक्सप्रेसवे के मामले में भी यह अग्रणी प्रदेश है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था भी बेहतर हुई है और ट्रैफिक अमले का विस्तार भी हुआ है। फिर आखिर क्या वजह है कि हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश का मुकाबला पिछले कई सालों से चल रहा है। अनेक मामलों में प्रदेश ने इनसे बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले में हमेशा पहले तीन स्थानों पर रहना प्रदेश की नियति बन गई है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में हर साल औसतन 22 हजार लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। वर्ष 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों की वजह से 23,652 लोगों की जान गई। ये आंकड़े पिछले साल के आंकड़ों से ज्यादा हैं और सोचने को मजबूर करते हैं कि या तो नीति-निर्माताओं और प्रशासनिक अमले से कहीं न कहीं कोई चूक हो रही है। एनसीआरबी के अलावा सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से हर साल जारी किए जाने वाले आंकड़ों में भी यूपी की लगभग यही तस्वीर सामने आती है। सड़क मंत्रालय की ओर से जारी किए गए 2018 से 2022 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि 2018 से 2020 के बीच भारत में सड़क हादसों में कुछ गिरावट का रुख रहा, लेकिन 2020 के बाद पुनः सड़क हादसे बढ़ने लगे और यह क्रम जारी है, जहां तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है यहां 2018 में 42568 सड़क हादसे हुए थे, जो 2019 में बढ़कर 42572 हो गए। कोविड के कारण 2020 में हादसे अचानक घटकर 34242 पर आ गए थे, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 37729 और 2022 में 41746 पर पहुंच गए। जहां तक यूपी में सड़क हादसों में मौतों का सवाल है तो 2018 में 22256 और 2019 में 22655 मौतें हुई थीं। वर्ष 2020 में मौतें घटकर 19149 पर आ गईं, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 21227 और 2022 में 22595 पर पहुंच गईं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े इससे काफी ज्यादा मौतों की ओर इंगित करते हैं।

वैसे तो यह समस्या पूरे देश में है, लेकिन यूपी में कुछ ज्यादा है। शायद एक्सप्रेस-वे व बढ़िया सड़कें ही समस्या की वजह बन गई हैं। यूपी में होने वाले 75 फीसद से ज्यादा सड़क हादसों की वजह ओवरस्पीडिंग को पाया गया है। इस कारण होने वाले हादसों में मौतों और घायलों का आंकड़ा भी ज्यादा होता है। जबकि दूसरी बड़ी वजह यातायात संबंधी अड़चने हैं, जिनमें सड़कों पर गड्ढे, पानी, तेल, धूल, रेत या कंकड़-पत्थर का मौजूद होना, उचित यातायात संकेतकों का अभाव, सड़क के डिजाइन में खामी, प्रकाश की कमी, अंडरपास या ओवरब्रिज तक पहुंचने और निकलने वाले अप्रोच मार्ग का संकरा या गलत कोण या घुमाव, फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों का मुख्य मार्ग पर चलना, बिना हेलमेट के दुपहिया और बिना सीटबेल्ट के चौपहिया वाहन चलाने में चालकों की लापरवाही, वाहनों की फिटनेस और मेंटिनेंस की अनदेखी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के अनुपालन के नाम पर व्यस्त सड़क पर अचानक चेकिंग के कारण यातायात बाधित होना, मोटर ड्राइविंग की समुचित ट्रेनिंग और टेस्ट के बगैर ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, उल्टी दिशा या रांग साइड पर वाहन चलाना जैसी तमाम वजहें शामिल हैं। चूंकि सबसे ज्यादा गड़बड़ ड्राइविंग 18 से 25 तथा 25 से 35 आयु वर्ग के युवाओं द्वारा की पाई गई है।

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है। लोगों को टेस्ट देते वक्त अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मामूली गलती से टेस्ट में फेल होने के बावजूद लोग बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते रहते हैं। इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इस खामी को दूर करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के जिन शहरों में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों के कारण होती हैं, उनमें कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई और बरेली प्रमुख हैं। इन शहरों में क्या समस्या है और क्या किए जाने की जरूरत है इसकी समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं पहल करते हुए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है। उम्मीद है कि समिति उचित विश्लेषण करते हुए सुधारात्मक उपाय सुझाएगी और उन सुझावों पर अमल होगा।

सोशल फोरम

क्या कुछ भी हिंसा के बाहर नहीं है

92 वर्षीय अमेरिकी चिंतक नोम चोम्स्की बदले विश्व में परमाणु युद्ध और पर्यावरण विनाश के अलावा एक अन्य संकट की ओर संकेत करते हैं-'जागरण को मिटा देने के प्रयास'। वर्तमान विश्व में लोगों की सैकड़ों साल के संघर्ष से अर्जित बौद्धिक उपलब्धियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटाया जा रहा है। इस दौर में जो कई आदर्श तेजी से अलोकप्रिय हो रहे हैं, उनमें अहिंसा और सह-अस्तित्व भी है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

किसी प्रत्यक्ष सरकारी रोक के बिना भी असुविधाजनक तथ्यों को अंधेरे में रखा जाता है, ताकि जो 'पूरी तरह से तर्कहीन' है उसकी प्रतिष्ठा हो सके। हर तरफ विकसित संसाधनों से 'अज्ञानता-निर्माण' का एक बड़ा घेरा पड़ा है। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि जिस दुनिया में प्रेम, न्याय और शांति के आंदोलन सदियों तक चले, उसमें अहिंसा की जगह हिंसा राजनीतिक सार के रूप में फिर कैसे प्रतिष्ठित हो रही है? क्या सभ्यता पीछे लौट रही है, जिसे 'मध्यकालीनता' कहते थे, उस तरफ? इन दिनों आंख मूंदकर 'सबकी जरूरतों' की जगह सामुदायिक हित प्रधान बना दिए गए हैं, संकीर्णता बनाम संकीर्णता का खेल है। कांटा को कांटा से निकालो! लोग अतीत के तालाब में नहा रहे हैं और अपने नदियों-समुद्रों को भूलते जा रहे हैं। यह एक विडंबना है कि अब साझा मुद्दों पर लोगों को इकट्ठा करना कठिन है, 'मनुष्य' तथा 'नागरिक' की धारणाओं का क्षय हुआ है। समाज यहां आ खड़ा हुआ है कि केवल संकीर्ण नारों पर ही जनता को कुछ जोश आता है। लोग इन दिनों हमेशा सामुदायिक कोण से बहस करते हैं।

यदि किसी स्त्री का बलात्कार हुआ हो तो पहले देखते हैं कि वह किस धर्म या जाति की है। कोई अपराधी यदि अपनी जाति या पार्टी का आदमी है तो उसे बचाते हैं। इन दिनों अपराधी विजेता की तरह देखे जाते हैं। अगर कोई अपराधी राजनीतिक नेता हो गया तो वह हजारों लोगों के दिल पर राज करता है। कहना न होगा कि हमारे देश में अपराध को बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक वैधता मिली है। **-फेसबुक वॉल से**

चयन और प्रोन्नति में एसीआर की महत्वपूर्ण भूमिका

एसीआर यानी कि वार्षिक गोपनीय मंतव्य किसी भी सेवारत कर्मी की वर्ष भर के क्रियाकलापों के संबंध में उसके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जानी वाली वह गोपनीय आख्या होती है, जिसमें वह संबंधित कर्मी की कार्यप्रणाली के संबंध में अपना मंतव्य प्रकट करता है। हम लोगों की सेवा के काफी समय बाद तक यह मंतव्य परम गोपनीय होता था और संबंधित अधिकारी को यह भनक तक नहीं लग पाती थी कि उसके बास ने उसके बारे में क्या-क्या लिख मारा है। यदि प्रतिकूल प्रविष्टी होती थी तो उस प्रविष्टि का संबंधित भाग उस अधिकारी को सूचित किया जाता था कि वह उस प्रविष्टि के विरुद्ध अपील कर सके। यह बहुत कुछ रिपोर्टिंग अधिकारी के सोच, स्वभाव और मानसिकता पर भी निर्भर करता था।

आज की स्थितियां भिन्न हैं, शासन और व्यवस्था में आई पारदर्शिता के फलस्वरूप हर अधिकारी को उसके वार्षिक मंतव्य की प्रति उपलब्ध कराना संबंधित विभाग की अनिवार्य जिम्मेदारी है, जिसके कारण कतिपय अधिकारियों की अकारण अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं व नाराजगी के कारण ऊलजलूल लिखने की प्रवृत्ति पर रोक भी लगी है, पर हमेशा ऐसा नहीं होता और खासकर हम लोगों की पीढ़ी में वरिष्ठ अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा सहयोग और एक दूसरे के प्रति सम्मान का ऐसा भाव होता था, जो आज की ब्यूरोक्रेसी में दुर्लभतम श्रेणी में आता है। यहां कुछ ऐसे ही अधिकारियों का उल्लेख करना है। बात 1994-95 की है मैं आतंकवाद ग्रस्त लखीमपुर जनपद में चार सफल वर्ष की सेवा पूर्ण कर वहां से स्थानांतरित होकर तत्कालीन जनपद गाजियाबाद में क्षेत्राधिकारी नोएडा के पद पर कार्यरत था तब पूरे नोएडा में केवल एक ही क्षेत्राधिकारी होता था। एक दिन अचानक वायरलेस संदेश आया कि पड़ोस के जनपद के एसएसपी ओपी सिंह जो बाद में डीजीपी यूपी के पद तक पहुंचे उन्होंने आज ही बुलंदशहर बुलाया है। ओपी सिंह लगभग डेढ़ वर्ष तक खीरी में मेरे एसपी रहे थे व उनके साथ आतंकवाद के विरूद्ध काम करने का पूरा मौका मिला था। खैर आदेश था देर शाम मैं बुलंदशहर एसएसपी निवास पर पहुंच गया। हाल-चाल, चाय-पानी के बाद कप्तान साहब ने अपने स्टेनों के बुलाया और कहा कि वह जो ड्राफ्ट लिखवाया था उसकी कापी ले आओ। दो मिनट में टाइपशुदा दो पृष्ठ लेकर स्टेनो बाबू हाजिर हुए। सर ने कागज लेकर उन्हें जाने को कह दिया। मैं असमंजस में क्या मामला है? अब तो मैं इनके अधीन भी नहीं हूं फिर सर ने चुप्पी तोड़ी और बोले कि ये तुम्हारा पलिया सीओ पीरियड का एसीआर है पढ़ लो कुछ छूटा हो तो बता दो। एक क्षण तो मुझे कुछ समझ में ही नहीं आया पर छूटते ही मैंने कहा कि नहीं सर मुझे नहीं देखना आपने जो भी लिखा होगा अच्छा लिखा होगा और वैसे भी आपने अंग्रेजी में लिखा होगा मैं तो हिंदी मीडियम का आदमी मेरी समझ में भी नहीं आएगा। सर आग्रह करते रहे मुझे नहीं देखना था तो नहीं देखा। हार मानकर उन्होंने अपना कागज वापस रख लिया। थोड़ी देर बाद जब मैं वापस आने के लिए निकला तो सर प्रोटोकॉल के विपरीत गाड़ी तक मुझे छोड़ने आए और जाते-जाते बोले कि अब मैं एक पैराग्राफ और लिखूंगा।

राम कृष्ण चतुर्वेदी
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

दूसरा उदाहरण गाजियाबाद का है, मैं एसपी सिटी गाजियाबाद था और मेरे एसएसपी थे डीएस चौहान पूर्व डीजीपी। गाजियाबाद के पहले वे एसएसपी गौतमबुद्ध नगर और मैं उनके अधीन एसपी नोएडा के पद पर लगभग डेढ़ वर्षों तक कार्यरत रहा था। फिर सर का स्थानांतरण गाजियाबाद हुआ और पीछे-पीछे मुझे एसपी सिटी गाजियाबाद बना दिया गया। यहां भी एक दिन शाम को कमांड हाउस पर तलबी हुई और सामान्य बातचीत के बाद सर ने एक कागज दराज से निकालते हुए कहा कि ये एसपी सिटी नोएडा पीरियड की एसीआर है पढ़कर देख लो। मैंने तुरंत मनाकर दिया कि सर ये मेरा काम नहीं है आपका है, जो किया होगा अच्छा ही होगा और मुझे इसे नहीं पढ़ना वापस रख लीजिए। सर ने ज्यादा जिद नहीं की। चाय मंगाई पिलाई और मीटिंग समाप्त हुई। जैसे ही मैं उठने को हुआ सर ने कहा तुम्हें पता है मैंने पहले ही सोच रखा था कि अगर तुमने इसे पढ़ा होता तो तुम्हारी यही एसीआर फाइनल होती पर तुमने आंख मूंद कर भरोसा किया, अब मैं इसे दुबारा लिखूंगा। तीसरा उदाहरण मेरे इंडियन आयल के विजिलेंस में डेपुटेशन का है, जहां मेरे बॉस विलक्षण व्यक्तित्व के सीबी सत्पथी एडीजी ईडी विजिलेंस के पद पर थे। मैं इंडियन आयल के उत्तरी रीजन का विजिलेंस हेड था और दिल्ली हरियाणा छोड़कर पूरे उत्तरी भारत का क्षेत्राधिकार रखता था। मेरा ऑफिस ग्रीन पार्क में जबकि सर स्कोप बिल्डिंग मैं बैठते थे। अचानक एक दिन स्टाफ ऑफिसर का मैसेज आया कि सर बुला रहे हैं, सामान्य तौर पर किसी फाइल पर विचार के लिए यदा-कदा बुलाहट होती थी सो मैंने पूछा कौन सा मामला है कोई फाइल तो नहीं लानी। बताया कि ऐसा कुछ नहीं कहा है बस आप आ जाओ। मैं पहुंचा तुरंत चैंबर में बुलाया गया। बैठते ही सर ने बिना किसी भूमिका के कहा तेरी एसीआर लिखनी है बता क्या लिखूं? मैं हतप्रभ क्योंकि अभी तक एसपीएस एसपी से पाला पड़ा था, पर यहां तो बहुत बड़ा गैप था। एडिशनल एसपी और एडीजी और वो भी सत्पथी सर जैसे। बस मुंह से इतना ही निकला कि सर आप जो भी लिख देंगे वह आपका आशीर्वाद ही होगा। सर ने कहा जा तुझे जल्दी ही आईपीएस मिलेगा। जिन लोगों को सत्पथी सर के विषय में नहीं पता वे जान लें कि सर साईं बाबा के अनन्य भक्त और साधक हैं और अनुयायियों में पूजे जाते हैं, उनके बाहर जाने पर दर्शन हेतु लाइन लगती है।

कुल मिलाकर उक्त तीनों प्रकरण सीनियर-जूनियर के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा और एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना के ज्वलंत उदाहरण हैं, जिसका दिनों दिन क्षरण होता जा रहा है। अब तो सुनने में यह भी आया है कि कुछ सीधी भर्ती के आईपीएस कप्तान अपने सीओ से बात भी नहीं करते जो गंभीर चिंता का विषय है।

आपका पत्र

पर्यावरण का नुकसान

भारत विकासशील देश की श्रेणी में आता है। यहां वर्ष प्रतिवर्ष विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक और बालिकाओं को नई कक्षा में प्रवेश करने पर नए सिरे से कॉपी-किताबें खरीदनी पड़ती है। कॉपियां खरीदना तो समझ में आता है, किंतु नई-नई किताबें हर वर्ष खरीदना समझ से बाहर है। तमाम प्राइवेट स्कूल अगली कक्षा में चल रही पिछली किताबों के दो या तीन चैप्टर बदल देते हैं, मजबूरन नई क्लास में आने वाले बच्चों को नई किताबें खरीदनी होती हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो ऐसे विद्यार्थी अपने जूनियर अथवा सीनियर साथियों से किताबें खरीदकर अथवा उपहार में लेकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, लेकिन वर्ष प्रतिवर्ष नई पुस्तकों की आड़ में करोड़ों रुपये का कारोबार किताब विक्रेताओं को दिया जाता है।

नए सत्र में तमाम स्कूल निश्चित दुकान से कॉपी किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाते रहे हैं। बार-बार नई किताबें खरीदने से करोड़ों रुपए का पर्यावरण का नुकसान होता है और दूसरी ओर करोड़ पेड़ों की कटाई होती है। फिर सरकार आम जनता में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विद्यालयों में, पार्कों में, स्कूलों में अलग-अलग जगह पर वृक्ष लगवाने का कागजी अभियान भी जारी करती है। वहीं दूसरी ओर दुनिया का सबसे अमीर और विकसित एवं शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका में पुराने सत्र के समापन पर विद्यार्थियों से किताब लेकर स्कूलों द्वारा जमा कर ली जाती है और उसके बाद नए सत्र के नए विद्यार्थियों को वह किताबें पढ़ने के लिए दी जाती हैं। इससे जहां एक और अनावश्यक रूप से पर्यावरण के नुकसान को बचाया जाता है। उम्मीद है कि आने वाले नए सत्र में सरकार और प्रशासन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उचित कदम उठाने का प्रयास करेंगे।

- डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, 101 बड़ा बाजार, नैनीताल

राजनीतिक लाभ के लिए दंगा करा रही है भाजपा : अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए दंगा करा रही है। सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि बहराइच हिंसा के मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं, जिनसे भाजपा मुँह दिखाने लायक नहीं रही है। भाजपा के विधायक ही भाजपाइयों पर साज़िश करने की एफ़आइआर करा रहे हैं और दंगाई छुपे कैमरे के सामने सच उगल रहे हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग से मुजफ्फरनगर सीट से मीरापुर विधानसभा सीट के रिटर्निंग अफसर सुबोध कुमार को तत्काल हटाने की मांग की है। इस सिलसिले में बुधवार को सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से कहा गया है कि मुजफ्फरनगर में भाजपा के प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर के अति करीबी रिश्तेदार रिटर्निंग ऑफिसर सुबोध कुमार को तत्काल प्रभाव से रिटर्निंग ऑफिसर के पद से हटाया जाए।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज

उच्च न्यायालय ने विवाद से जुड़े मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल रिकॉल अर्जी खारिज कर दी है। अब सभी 15 मुकदमों को एक साथ सुना जाएगा। 11 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था।

यह आदेश हिंदू वादियों द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 4-ए के तहत दायर एक आवेदन पर 'न्याय के हित में' पारित किया गया था। इन सभी मुकदमों में मथुरा के कटरा केशव देव मंदिर के 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही

ईदगाह परिसर पर कब्ज़ा करने और वहाँ स्थित वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग शामिल है। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था, जिसमें यह प्रार्थना की गई थी की वादी की ओर से भ्रामक प्रार्थना पत्र वादों को समेकित करने के लिए दिया गया, प्रश्नगत आदेश पारित करने से पहले विपक्षी संख्या दो को नहीं सुना गया था, जिन वादों को समेकित किया गया है वे समेकित नहीं किए जा सकते क्योंकि उन वादों में मांगा गया अनुतोष भिन्न-भिन्न है। गत

- **अब सभी 15 मुकदमों की सुनवाई एक साथ की जाएगी**

16 अक्टूबर को दोनों पक्षकारों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने सुन्नी वक्फ बोर्ड, ईदगाह मस्जिद समिति और अन्य विपक्षियों के रुख को ध्यान में रखते हुए कहा कि इन मुकदमों में कार्यवाही शुरू की जा सकती है और न्यायालय का समय बचाने, पक्षकारों को होने वाले खर्च से बचाने और परस्पर विरोधी निर्णयों से बचने के लिए न्याय के हित में इन मुकदमों को समेकित करना उचित है। मुख्य रूप से कोर्ट ने कहा कि समेकित वादों में संधि पत्र दिनांक 12 अक्टूबर 1968 को चुनौती का आधार बनाया गया है, जिसके आधार पर वादकारण उत्पन्न हुआ है। इस आधार पर सभी वादों में मूल रूप से वादकारण समान है, सभी वादों में विपक्षी समान है, सभी समेकित वादों में तथ्य भी समान है।

इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि समेकित किए जाने से पक्षकारों के अधिकारों एवं दायित्वों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है और ना ही उन्हें किसी प्रकार की हानि है। इस वर्ष मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने सभी 15 मुकदमों को एकीकृत करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एक नई याचिका का निस्तारण कर शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट प्रबंधन समिति को उच्च न्यायालय के समक्ष अपने लंबित रिकॉल आवेदन को आगे बढ़ाने की स्वतंत्रता दे दी थी। अंत में कोर्ट ने आगामी 6 नवंबर को मुकदमे की अगली सुनवाई की तिथि सुनिश्चित की है।

बेटे को बचाने के नाम पर 40 हजार रुपये ठगे

बाराबंकी, अमृत विचार: व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर बेटे के फंसने से बचाने के लिए एक व्यक्ति से ऑनलाइन चालीस हजार रुपये ले लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम की वेबसाइट पर शिकायत की। जिससे उसका भुगतान जहां का तहां रुक गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तकिया मजरे सुढ़ियामऊ निवासी समसुद्दीन पुत्र फकीर अली ने थाना रामनगर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि 22 अगस्त की दोपहर उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर वीडियो एवं ऑडियो कॉल के माध्यम से बताया गया कि उसके पुत्र ने गलत काम किया है अगर उसे बचाना चाहते हो तो फोन पे ऐप के माध्यम से 40 हजार तत्काल भेज दो। डर के मारे पीड़ित ने नंबर पर फोन पर के माध्यम से 40 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद घर पर कॉल करके जानकारी की तो पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए अज्ञात व्यक्ति ने साइबर ठगी की है।

बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में जवाब न आने से कोर्ट नाराज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ बेंच ने कहा-जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण, उसका दो दिन में दें ब्यौरा**

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच के महाराजगंज में लोक निर्माण विभाग के सड़क पर कथित अतिक्रमण को हटाने के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नाराजगी जतायी है। न्यायालय ने कहा कि हमने रविवार को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से पूछा था कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण की बात कही जा रही है उसकी कैटेगरी क्या है वहां कितने घर बने हुए हैं।

न्यायालय ने कहा कि उक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद उपरोक्त बिंदुओं पर राज्य सरकार की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की है, साथ ही दो दिनों में विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश भी दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की जनहित याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने ध्वस्तीकरण की नोटिस से प्रभावित लोगों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय देने का आदेश दिया था। साथ ही न्यायालय ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता को आदेश दिया था कि वह मामले में सरकार से विस्तृत निर्देश प्राप्त करें कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण का आरोप है उस सड़क की कैटेगरी क्या है। न्यायालय ने इस संबंध में भी अवगत कराने को कहा था कि कुंडसार-महसी-नानपारा-महाराजगंज रोड के किलोमीटर 38 पर कितने घर बने हैं और इस सड़क के संबंध में कौन से नियम लागू होते हैं। न्यायालय ने कहा कि तथ्यों के संबंध में पूछे गए इन प्रश्नों का कोई जवाब नहीं दिया गया और मात्र पोषणीयता पर आपत्ति दाखिल की जा रही है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने पोषणीयता पर आपत्ति के साथ-साथ विस्तृत जवाब कोर्ट की रजिस्ट्री में दाखिल करने का आदेश सरकारी वकील को दिया है।

एमआई बिल्डर के ठिकानों पर आयकर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राजधानी लखनऊ समेत ग्रुप के 16 ठिकानों पर छापेमारी**
- **आयकर की कार्रवाई से हड़कंप टैक्स चोरी को लेकर जांच जारी**

अमृत विचार : आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को एमआई बिल्डर के 16 ठिकानों पर छापा मारा। प्रदेश के बड़े बिल्डरों में शामिल एमआई ग्रुप के कादिर अली के प्रदेश भर में स्थित करीब 16 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा देर शाम तक चलता रहा।

लखनऊ में एमआई ग्रुप के कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एमआई ग्रुप के मालिक कादिर अली के गोमतीनगर आवास, ऑफिस एमआई रशेल कोर्ट और विस्तार में छापे मारे जा रहे हैं। हजरतगंज के न्यू जनपथ बाजार के 5वें फ्लोर पर भी आईटी की छापेमारी जारी रही।

इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का दावा है कि बिल्डर की ओर से ब्लैक मनी को सफेद करने और बोगस कंपनियों के नाम पर टैक्स चोरी की सूचना के बाद कार्रवाई हुई है। अधिकारियों के निर्देश पर आयकर विभाग ने विभिन्न टीमों का गठन किया और कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इससे बिल्डर और प्रॉपर्टी कारोबारियों में अफरा-तफरी मची गई है। एमआई ग्रुप दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ में होम टाउन एवं सोसाइटी बनाने से जुड़ा है।

ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ सामग्री पोस्ट करने के आरोपी वकील को राहत

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ ऑनलाइन अभद्र सामग्री पोस्ट करने के आरोपी वकील बरसातू राम सरोज को राहत देते हुए मामले को 7 फरवरी 2025 के लिए सूचीबद्ध कर कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने याचिका पर विचार करते हुए पारित किया। मालूम हो कि याची/अधिवक्ता ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष एक याचिका दाखिल की। बता दें कि बीएनएस की धारा 353 (2) में धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय या किसी भी अन्य आधार पर, विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या जातियों या समुदायों के बीच दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों सहित, झूठी सूचना, अफवाह या भयावह समाचार युक्त कोई भी बयान या रिपोर्ट बनाने, प्रकाशित करने या प्रसारित करने के लिए दंड का प्रावधान है। सवर्ण सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 25 सितंबर 2024 को याची ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ब्राह्मण समुदाय के बारे में 'अभद्र' टिप्पणी की। हालांकि याची के अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी में यह नहीं बताया गया है कि याची ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किस तरह की पोस्ट की है। यह भी तर्क दिया गया कि प्राथमिकी में यह बताया गया है कि याची को बार एसोसिएशन से निकाल दिया गया था।

बुजुर्ग, बेटे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

संवाददाता, अमेठी

- **पुलिस की मौजूदगी में सपा नेता के बेटे प्रदीप यादव और साथियों की सीओ ऑफिस के सामने दबंगई**

अमृत विचार : अमेठी तहसील के अंदर सीओ कार्यालय के सामने सपा नेता के बेटे द्वारा एक बुजुर्ग और उसके बेटे को दौड़ा दौड़ा कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें मारपीट के दौरान पुलिस के मूकदर्शक बनी दिखाई दे रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर सपा नेता शिव प्रताप यादव अपने पुत्र प्रदीप यादव के साथ तहसील गए थे। उन पर पूर्व प्रधान रामजस यादव ने अपनी बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए तहसील में शिकायत की थी। सीओ कार्यालय के सामने दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। इस सपा नेता के पुत्र प्रदीप यादव ने गालीगलौज के बाद बुजुर्ग पूर्व प्रधान और उसके बेटे को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। खास बात यह कि उस दौरान वहां मौजूद पुलिस मूकदर्शक बन तमाशा देखती रही। उसने बुजुर्ग और उसके बेटे को बचाने के कोई प्रयास नहीं किए।

बाद में अमेठी कोतवाली के सूबेदार का पुरवा मजरे गंगौली गांव के पूर्व प्रधान रामजस यादव ने बताया कि वह बेटे के साथ मुकदमे के सिलसिले में तहसील आये थे। आरोप है कि इसी बीच सपा नेता प्रदीप कुमार व उसके पिता शिव प्रताप यादव ने साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज की और विरोध करने पर उन्हें पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। अमेठी कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान रामजस यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग शुरु, 29 को सीट आवंटन

लखनऊ, अमृत विचार : मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए अंतिम मौके के साथ तीसरी काउंसिलिंग बुधवार 23 अक्टूबर से शुरू हो गयी है। इस स्ट्रे वैकेंसी राउंड की ऑन लाइन काउंसिलिंग में केवल वो अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते हैं, जिन्हें पूर्व में संपन्न हो चुकी काउसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थी स्वयं के बैंक खाते से ही धरोहर राशि जमा करें, ताकि सीट आवंटित न होने की दशा में धरोहर राशि उसी बैंक खाते में वापस हो सके।

दिवाली से पहले सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम संभव

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र. सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम दिवाली से पहले जारी होने की उम्मीद है। 60 हजार से अधिक पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी पहले ही जारी की जा चुकी हैं। हालांकि सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया अकाऊंट की एक पोस्ट में जल्द से जल्द नतीजे तैयारी करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। पोस्ट में बोर्ड को निर्देश था कि इस माह के अंत तक नतीजे जारी करने की तैयारी करें।

फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी को 16.45 करोड़ स्वीकृत

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने कृषोन्नति योजना के तहत संचालित उपयोजना फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए अनुदान का राज्यांश 16.45 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने नई कृषोन्नोति योजना बनाकर प्रदेश में संचालित करीब दर्जन भर योजनाओं को इस योजना के अन्तर्गत कर दिया था ताकि किसी योजना में वित्तीय संकट की दशा में दूसरी योजना की बची राशि का उपयोग हो सके।

शराब की दुकान दिलाने का झांसा दे सेवानिवृत्त आईएएस से ठगे 1 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जालसाज ने खुद को पुलिस का पूर्व अधिकारी बताया था, दंपती पर रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : अंग्रेजी शराब की तीन दुकानों का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर जालसाज दंपति ने सेवानिवृत्त आईएएस से 1 करोड़ रुपये ठग लिए। रुपये मांगने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। उसने खुद को पुलिस का पूर्व अधिकारी बताया था। सेवानिवृत्त आईएएस की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

विशेष सचिव पद से सेवानिवृत्त आईएएस हरि प्रसाद सिंह परिवार के साथ विपुलखंड-2 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई 2024 में चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर निवासी राकेश शर्मा से मुलाकात हुई थी। बातचीत में उसने स्वयं को पूर्व पुलिस अधिकारी बताया। नौकरी के समय से जानने की बात कहकर फोन नंबर लिया और घर आकर मिलने की बात कही। अगले दिन फोन किया और पत्नी शकुंतला को लेकर घर आ गया। उसने आबकारी विभाग में गहरी पैठ होने और शराब की शराब की 84 दुकानें होने की जानकादी दी। बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकान पर सप्लाई के लिए शकुंतला के नाम एफएल-2 का भी लाइसेंस है।

राकेश ने हरि प्रसाद को भी दुकान लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि, कई आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के रिश्तेदारों को दुकान दिलाई हैं। कुछ दिन बाद दोनों दोबारा आए। विज्ञापन दिखाते हुए शाहनजफ रोड पर 2 और वृंदावन योजना में 1 दुकान दिलाने का झांसा दिया। उसकी बातों में फंस कर हरि प्रसाद ने हामी भर दी। उन्होंने मई और सितंबर के बीच जालसाज दंपति ने चेक व नकद करीब 1 करोड़ रुपये दिए। बेटे के पारिवारिक मामले को खत्म कराने के लिए भी रुपये दिए।

कुछ दिन बाद सेवानिवृत्त आईएएस ने दबाव बनाया तो आरोपी ने तीन दुकानों लाइसेंस की कॉपी थमा दी। पड़ताल कराने में लाइसेंस जाली निकले। रुपये वापस मांगने पर जालसाज दंपति ने पूर्व आईएएस को रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। पूर्व आईएएस की शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने जालसाज दंपति के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी करने और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वर्ग पहेली-231

बाएं से दाएं

4. मेंढक।
5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।
6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।
7. जीरा।

ऊपर से नीचे

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।
2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।
3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना; मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।
6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



वर्ग पहेली -230 का हल

1 ह		2 ख		3 अ
र		ट		यो
4 म	हा	वी	र	गि
ल		5 प	6 द	क
	7 मॉ	नी	ट	र
8 झा		र		9 जी
10 वा	इ	न		11 खा जा

सुडोकू-144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			7				8	2
	4				6	9		5
	1	2		8				6
3	6						1	4
			4		5			
1	9						2	8
5				6		3	4	
9		7	2				6	
4	8				1			

सुडोकू - 143 का हल

8	6	7	3	5	4	1	2	9
1	2	4	9	8	7	6	5	3
9	5	3	6	2	1	7	4	8
6	4	1	5	9	8	3	7	2
7	9	2	4	6	3	8	1	5
3	8	5	7	1	2	9	6	4
2	7	6	8	3	5	4	9	1
5	3	9	1	4	6	2	8	7
4	1	8	2	7	9	5	3	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 25 अक्टूबर 01.58 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 06.15 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज आपको अभिमानी व्यवहार से बचना चाहिए। संपत्ति विवाद होने आशंका है। मैनेजमेंट छात्रों का प्रदर्शन पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिए। आत्मविश्वास में कमी के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

वृष — आज समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नए प्रकार के अनुसंधान में आप रुचि लेंगे। आपके जीवन पर जीवनसाथी का काफी प्रभाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। व्यापार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

मिथुन — आज ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको अतिवादी प्रतिक्रिया के लिए उकसाते हों। अटकी हुई पेमेंट आपको मिल सकती है। व्यापार में आमदनी बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। लोग आपकी कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे।

कर्क — आज दूसरों से आपको सम्मान मिलेगा। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग मिलने से काफी प्रसन्न रहेंगे। पुराने अनुभवों की सीख काम आएगी। नई विधाओं को सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

सिंह — आज आपको त्वरित निर्णय लेने से बचना चाहिए। अधिकारी वर्ग के प्रति मन में नकारात्मक विचार चलते रहेंगे। अपने धन का दुरुपयोग न करें। आपके मन में अजीबोगरीब विचार जन्म ले सकते हैं। कष्टकारक यात्रा हो सकती है।

कन्या — आज आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। नवीन वस्त्र और आभूषण खरीदने का विचार कर सकते हैं। विवाह को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। व्यस्तता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। अधिकारियों की कृपा दृष्टि आपके ऊपर रहेगी।

तुला — आज पूरा दिन काफी अच्छा रहेगा। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन अनुकूल है। आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। सामाजिक मुद्दों पर खुलकर आप अपनी राय रख सकते हैं। पैतृक संपत्ति प्राप्त हो सकती है।

वृश्चिक — आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको लाभ होगा। परिजनों के यहां घूमने जा सकते हैं। महिलाएं घरेलू कार्यों से ऊब सकती हैं। कारोबार में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

धनु — आज मन में अनचाहे विचारों की भरमार रहेगी। कड़वी जबान का प्रयोग करने से बचें। खानपान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। कुछ गुप्त बातें खुलकर सामने आ सकती हैं। स्वास्थ्य बेहतर बनाये रखने के लिए व्यायाम अवश्य करें।

मकर — आज व्यर्थ के कार्यों से आपको बचना चाहिए। व्यापार में आपको उत्तम लाभ होगा। परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। आपकी स्मरणशक्ति काफी प्रखर रहेगी। भोग-विलास के साधनों पर आप काफी धन खर्च कर सकते हैं।

कुंभ — आज सब लोगों से विचार-विमर्श कर निर्णय लेंगे, इसीलिए सबके चहेते बने रहेंगे। लोग आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करेंगे। चैरिटी से जुड़े कार्यों में भाग ले सकते हैं। आप योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य करेंगे।

मीन — आज एक साथ कई काम लेने के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। दूसरों की मदद करने का प्रयास करेंगे। संतान के व्यवहार से आप नाराज हो सकते हैं। परिवार के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रियजनों की समस्याओं का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

खेल
सुबह : 09.00
गुडबॉय
शाम : 06.00
खिलाड़ियों का खिलाड़ी
सुबह : 11.15
अखंडा
रात : 07.30

ब्राइटबर्न
सुबह : 11.07
स्पाइडर मैन
रात : 09.00
सीटीमार
सुबह : 11.22
वीरा द पॉवर
शाम : 04.40
इंटरनेशनल खिलाड़ी
सुबह : 10.47
जाल
रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 04.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुम बहुत स्वार्थी हो।
पति- भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी- वो जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम तुम उसका नाम अवर डाक्यूमेंट भी तो रख सकते थे न।
अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

लड़की से लड़का बोला- डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला- हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	80,081.98	24,435.50
गिरावट	138.74	36.60
प्रतिशत में	0.17	0.15

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2460, राज श्री 1740, फ़ॉर्चून कि. 2170, रविन्द्रा 2325, फॉर्चुन ली. 1990, जय जवान 1945, सचिन 2040, सूरज 1970, अवसर 2070, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2145, मोर 2140, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2200, स्वास्तिक 2430 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 । चीनी -डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	80800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	79800
सिल्वर (पक्की)	990 (अनुमानित)

देश मुद्रास्फीति में एक और तेजी का जोखिम नहीं ले सकता : दास

मौद्रिक नीति समिति के जारी ब्योरे में बोले रिजर्व बैंक के गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

- कहा- वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रुख अपनाना
- एमपीसी ने 10वीं बार रेपो दर 6.5% रखने का किया था फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति की इस महीने हुई बैठक में कहा कि देश मुद्रास्फीति में एक और तेजी के दौर का जोखिम नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रुख अपनाना और मुद्रास्फीति के केंद्रीय बैंक के लक्ष्य के अनुरूप स्थायी रूप से आने की प्रतीक्षा करना होगा। उन्होंने इस महीने सात से नौ अक्टूबर को हुई बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही।

बुधवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे के अनुसार दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्तर पर स्थिरता बना कर ही सतत रूप से आर्थिक वृद्धि का समर्थन कर सकती है। बैठक में एमपीसी ने 10वीं बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया। छह सदस्यों में से पांच ने इसके पक्ष में जबकि एक ने इसमें कमी लाने के समर्थन में मतदान किया था। हालांकि, समिति ने सर्वसम्मति से पहले के उदार रुख को वापस लेने के रुख बदलाव करते हुए इसे तटस्थ करने का निर्णय किया। एमपीसी के पुनर्गठन के बाद यह उसकी पहली बैठक थी। तीन नवनियुक्त बाहरी सदस्य राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार हैं। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्थिरता बनाए रखकर ही सतत रूप से आर्थिक वृद्धि का समर्थन कर सकती है। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, मैं नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखते हुए मौजूदा रुख को तटस्थ में बदलने के लिए मतदान करता हूं।

चांदी के खरीदारों की भी चांदी, भाव शिखर पर

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- एक साल में दाम 28 हजार रुपये किलो बढ़े, 26% मुनाफा
- जबरदस्त रिटर्न दे रही यह सफेद चमकीली धातु, निवेशक दौड़े

अमृत विचार : भाव के मामले में चांदी भी सोने को जबरदस्त टक्कर देती दिख रही है। एक साल पहले 73 हजार रुपये किलो वाली चांदी अब एक लाख, एक हजार, पांच सौ रुपये पार कर गई है। यानि 26% मुनाफा, जो किसी भी निवेश से ज्यादा है। यही कारण है कि निवेशकों का रुझान सोने के साथ चांदी पर भी है।

मजबूत औद्योगिक और त्योहारी मांग से चांदी रोज रिकार्ड तोड़ रही है। पांच साल पहले 2018 में 39 हजार 500 रुपये किलो वाली चांदी अब एक लाख, एक हजार, 500 रुपये पर पहुंच गई। यानि ढाई गुना तक मुनाफा। बैंक एफडी पर अधिकतम 8.5% और म्यूचुअल फंडों में 20 से 25% ही मुनाफा हुआ। बीमा कंपनियां और भविष्य निधि से भी इतना ब्याज नहीं मिलता। चांदी की चाल बता रही है कि फिलहाल भाव चढ़ने की यही गति रहने वाली है। चांदी के आभूषण खरीदने वाले कम हैं, लेकिन निवेश की दृष्टि से ठोस चांदी का सौदा बड़े पैमाने पर हो रहा है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री रामकिशोर मिश्रा का कहना है कि विश्व की करेंसी तो सोना और चांदी ही मानी जाती है। पश्चिम एशिया में तनाव से बड़े पैमाने कर इन धातुओं की खरीद हो रही है। निवेशकों में भी खरीद की होड़ है। आर्यनगर के सराफा कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि सोने में तेजी से अब आम आदमी चांदी की तरफ रुख कर रहा है। आभूषण कारोबारी श्रेयांश कपूर ने बताया कि धनतेरस और दिवाली में ग्राहकों के लिए लकी ड्रा और कई स्कीम लाई जा रही हैं। चांदी के पायल, बर्तन और मूर्तियों की बिक्री दिवाली के दौरान ज्यादा होती है।

ऐसे बढ़े चांदी के दाम

2018 में 39500, 2019 में 46300, 2020 में 65500, 2021 में 68100, 2022 में 57100, 2023 में 73000 और 2024 अक्टूबर में 1,01,500 रुपये प्रति किलो। विशेषज्ञ अनुमान के मुताबिक एक साल बाद चांदी एक लाख 20 हजार रुपये तक पहुंच सकती है ।

सोने के तेवर बरकरार, बना रहा रिकॉर्ड

सोना 80 हजार 400 रुपये प्रति 10 ग्राम पार कर गया है। यही हालात रहे तो साल बाद एक लाख पहुंच सकता है। निवेशकों का रुझान सोने पर और भी ज्यादा है। पिछले साल 62 हजार प्रति 10 ग्राम का सोना अब 80 400 रुपये पर आ पहुंचा है। सोने में एक साल में 30 प्रतिशत रिटर्न मिला है।

चांदी का सिक्का 1100, अभी बढ़ सकते हैं दाम

धनतेरस और दिवाली में चांदी के सिक्के खूब खरीदे जाते हैं। अंग्रेजों के ज़माने के सिक्के अब कम ही मिलते हैं। ज्यादातर ढले सिक्के बेचे जाते हैं। अभी 10 ग्राम का सिक्का 1100 का है। चांदी के साथ सिक्के के भाव भी बढ़ेंगे। चांदी के लक्ष्मी-गणेश पांच हजार से एक लाख तक के हैं। चांदी के बर्तनों का सेट (प्लेट, गिलास, कटोरी, आरती, चम्मच... कुल 700 से 800 ग्राम) 85 से 95 हजार रुपये में मिल सकता है। चांदी के साथ इनके भी दाम बढ़ेंगे।

बायजू पर दिवाला कार्यवाही रोकने वाले एनसीएलएटी का आदेश खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के उस फैसले को बुधवार को रद कर दिया, जिसमें उसने संकटग्रस्त शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी के उस आदेश को भी पलट दिया, जिसमें बायजू को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को मंजूरी दी गई थी।

तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- खाद्य कीमतों के सामान्य होने के बावजूद 2024-25 में मुद्रास्फीति 4.4% रहने की उम्मीद

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है। आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा कि हम भारत की 2024-25 में 7% की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा। खाद्य कीमतों के सामान्य होने के बावजूद 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4% रहने की उम्मीद है।

अन्य बुनियादी बातों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि चुनाव के बावजूद राजकोषीय समेकन पटरी पर है। रिजर्व की स्थिति काफी अच्छी है। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव के बाद देश की सुधार संबंधी प्राथमिकताएं कुछ क्षेत्रों में होनी चाहिए। भारत में रोजगार सृजन पर कई सवाल खड़े हैं। 2019-20 में स्वीकृत श्रम संहिताओं को लागू करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देते हुए बाजारों को मजबूत बनाने का मौका देगी। यदि आप प्रतिस्पर्धी बनना चाहते हैं, तो आपको कुछ पाबंदियों को हटाना होगा, क्योंकि जब आप व्यापार को उदार बनाते हैं, तो आप उत्पादक कंपनियों को जीवित रहने की अनुमति देते हैं। वहां अधिक प्रतिस्पर्धा है और यह नौकरियां सृजन कर सकता है।

भारत ब्रांड का विस्तार, सब्सिडी वाले चने, मसूर दाल की भी बिक्री

नई दिल्ली। केंद्र ने बुधवार को सब्सिडी वाली दालों के विस्तार की घोषणा की। अब सरकार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने को भारत ब्रांड के तहत साबुत चना और मसूर दाल की भी बिक्री करेगी।

- खाद्य मंत्री ने कहा- साबुत चना 58 व मसूर 89 रुपये प्रति किलो बिकेगा

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि सहकारी नेटवर्क भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) व केंद्रीय भंडार के जरिये साबुत चना 58 रुपये और मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जाएगा। जोशी ने इस पहल के दूसरे चरण को भी पेश किया। सरकार ने सहकारी समितियों को तीन लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है।

सूक्ष्म वित्त संस्थान अंधाधुंध कर्ज देने से बचें : वित्तीय सेवा सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- छोटी राशि के कर्ज देने वाले एमएफआई की वित्तीय समावेशन में अहम भूमिका

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बुधवार को कहा कि छोटी राशि के कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों (एमएफआई) ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन उन्हें अंधाधुंध ऋण देने से बचना चाहिए। सा-धन के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हम सभी को इससे सावधान रहना चाहिए। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) या संयुक्त रूप से कर्ज लेने वाले समूहों (जेएलजी) को बिना सोचे या जोखिम से निपटने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन किए बिना ऋण देने से इस क्षेत्र को नुकसान होगा। जो कुछ भी उनकी भुगतान करने की क्षमता को प्रभावित करेगा, वह वास्तव में एमएफआई को नुकसान पहुंचाएगा। हमें सावधान रहना चाहिए कि हम क्या, कब और कैसे कर्ज देते हैं। इसका कारण उनकी वित्तीय साक्षरता सीमित है हमें उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए।

एक नजर

बाबा सिद्दीकी की हत्या में हुई 11वीं गिरफ्तारी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बुधवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके साथ मामले में 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी अमित हिसामसिंह कुमार है और अन्य आरोपियों से पूछताछ के दौरान अपराध में उसकी भूमिका सामने आने के बाद उसे हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया गया। सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई में उनके बेटे व विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हत्या कर दी गई थी।

मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के छह उग्रवादियों को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया। ये उग्रवादी अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और वसूली में लिप्त थे। अधिकारियों ने उनके कब्जे से चार पहिया वाहन, दो दोपहिया वाहन, छह मोबाइल फोन और कुल 3,88,950 रुपये बरामद किए। एक अलग अभियान में, चुराचांदपुर जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने दो देसी पिस्तौल, दो इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, गोलियां, एक पिस्तौल और तीन हथगोले बरामद किए।

छोटा राजन की उम्रकैद की सजा निलंबित, जमानत

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के संबंध में गैंगस्टर छोटा राजन को दी गई उम्रकैद की सजा बुधवार को निलंबित कर दी और उसे जमानत दे दी। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चह्वाण की खंडपीठ ने राजन को एक लाख के मुचलके पर जमानत दी। राजन अन्य मामले के संबंध में जेल में रहेगा। इस साल मई में विशेष अदालत ने राजन को होटल व्यवसायी की हत्या में उम्रकैद दी थी। राजन ने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक अपील दाखिल की थी।

बदलापुर: दोषी पुलिसवालों पर क्या हुई कार्यवाही: कोर्ट

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से ठाणे के बदलापुर इलाके में स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने में चूक के दोषी पुलिस वालों पर की कार्रवाई के बारे में बुधवार को पूछा। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चह्वाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी पुलिसवालों के खिलाफ विभागीय जांच हुई है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है। महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने कोर्ट को बताया कि जांच में एक अधिकारी के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही के आरोप हैं। पुलिस आयुक्त को कार्रवाई को रिपोर्ट भेजी गई है।

राष्ट्रीय

वैवाहिक दुष्कर्म पर सुनवाई नहीं कर पाएंगे पूरी

10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं सीजेआई चंद्रचूड़, सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाली गई

नई दिल्ली, एजेंसी

- पतियों को दी छूट को चुनौती की याचिकाओं पर हुई सुनवाई
- पीठ ने वकीलों से पूछा कि दलील के लिए कितना समय चाहिए
- सभी पक्षों के वकीलों ने मांगा एक दिन का समय

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक दुष्कर्म के मामलों में पतियों को दी छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को चार सप्ताह के लिए टाल दी। सीजेआई 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। शुरुआत में प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने वकीलों से पूछा कि अलग-अलग दलील पेश करने को उन्हें कितना समय चाहिए। पीठ ने याचिकाओं पर 17 अक्टूबर को सुनवाई की थी।

एक पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि उन्हें दलीलें पूरी करने के लिए एक दिन का वक्त लगेगा क्योंकि ऐसे महत्वपूर्ण विषय में विस्तृत दलीलों को वह संक्षिप्त नहीं करना चाहते। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, महाराष्ट्र सरकार के अधिवक्ता राकेश द्विवेदी और महिला की पैरवी कर रहीं अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने भी कहा कि उन्हें दलील पूरी करने के लिए एक-एक दिन का वक्त चाहिए। शीर्ष अदालत दिवाली की छुट्टियों के लिए 26 अक्टूबर को बंद हो रही है और चार नवंबर को खुलेगी। ऐसे में, इस मामले की सुनवाई करने और फैसला सुनाने को प्रधान न्यायाधीश के पास पांच दिन बचेंगे। सीजेआई ने कहा कि यदि इस हफ्ते दलीलें पूरी नहीं होती हैं तो निर्णय सुना पाना मुश्किल होगा क्योंकि वह 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

याचिकाओं को अन्य पीठ में किया जाए सूचीबद्ध

शीर्ष अदालत ने कहा कि हमारा मानना है कि भविष्य में सुनवाई पूरी करना संभव नहीं होगा। याचिकाओं को चार सप्ताह बाद किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। शंकरनारायण ने कहा कि हमें अफसोस है। हम इसे जारी रखना चाहते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि केंद्र का कहना है कि विवाह सहमति की अवधारणा को समाप्त नहीं करता, लेकिन वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने के लिए मामले का विभिन्न दृष्टिकोणों से आकलन करना होगा। एक याचिकाकर्ता की अधिवक्ता करुणा नंदी ने कहा कि याचिका करोड़ों महिलाओं के बारे में हैं और इसकी अत्यधिक तात्कालिकता है। उन्होंने दलील दी कि सीजेआई सुनवाई जारी रखें क्योंकि उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय सुनाए हैं। पीठ ने 17 अक्टूबर को कहा था कि यह आईपीसी और बीएनएस के उन दंडात्मक प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी, जो पत्नी के नाबालिग नहीं होने पर उससे जबरन यौन संबंध बनाने पर दुष्कर्म के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करते हैं।

पीएसी की बैठक में पेश हो सकती हैं माधवी बुच

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष पेश हो सकती हैं। बैठक के हंगामेदार रहने के आसार हैं क्योंकि भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे पहले ही समिति अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल पर राजनीति से प्रेरित होकर कदम उठाने का आरोप लगा चुके हैं। बैठक में नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा के लिए समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और सेबी के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल हैं। बुच को बुलाने के वेणुगोपाल के कदम ने सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को परेशान कर दिया, क्योंकि वह अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग के आरोपों से खड़े हुए राजनीतिक विवाद के केंद्रबिंदु में रही हैं।

झारखंड चुनाव : झामुमो ने 35 नामों की पहली सूची की जारी

रांची, एजेंसी

- हेमंत सोरेन बरहेट से कल्पना गांडेय सीट से चुनाव मैदान में

झारखंड विस चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बुधवार को 35 नामों की पहली सूची जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट और कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव मैदान में हैं। राज्य में चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे और परिणाम 23 को घोषित होंगे। हेमंत सोरेन साहिबगंज जिले की बरहेट सीट से विधायक हैं। सोरेन की पत्नी कल्पना ने गांडेय सीट पर उपचुनाव जीता था। यह सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से रिक्त थी। मुख्यमंत्री के भाई बसंत दुमका, झारखंड विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो नाला, मंत्री मिथिलेश ठाकुर गढ़वा, सोनू सुदिव्य गिरिडीह और बेबी देवी डुमरी सीट से चुनाव मैदान में हैं। वहीं दूसरी सूची में महुआ माजी को रांची सीट से उम्मीदवार है।

12 प्रत्याशियों की पहली सूची भाकपा ने की जारी

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड चुनाव को लेकर 12 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नाला से कनाई चंद्र मॉल पहाड़िया, सारठ से छाया कोल, बरकट्ठा से महादेव राम, मांडू से महेन्द्र पाठक, डाल्टेनगंज से रुचिर तिवारी, कांके से संतोष रजक, सिमरिया से सुरेश कुमार भुईयां, चतरा से डोमेन भुईया शामिल है।

दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में प्रदूषण के कारण बुधवार को अक्षरधाम मंदिर पर धुंध की चादर दिखी।

दिल्ली में बुधवार सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 363 के साथ बेहद खराब श्रेणी में जबकि कई क्षेत्रों में यह खराब श्रेणी में रही। जहांगीरपुरी निगरानी स्टेशन ने 418 एक्यूआई दर्ज किया, जो गंभीर है जबकि विवेक विहार में 407 और आनंद विहार में 402 एक्यूआई दर्ज हुआ। सोनिया विहार में सुबह नौ बजे एक्यूआई 398 रहा, जो गंभीर करीब था जबकि वजीरपुर में 396 रहा। पूरी दिल्ली में एक्यूआई 363 रहा। एक्यूआई 0 से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

दिवाली समारोह पर विवाद

जामिया में छात्र के बीच झड़प के बाद पुलिस तैनात

नई दिल्ली। दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया में दिवाली समारोह के दौरान छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद परिसर के द्वार के बाहर पुलिस तैनात है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई लेकिन कोई शिकायत नहीं आई है। दिवाली कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय कला मंच ने किया था। जामिया के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

वैवाहिक विवादों में प्राथमिकी नियमित तरीके से नहीं की जा सकती खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दायर मामले को रद करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वैवाहिक संबंधों से जुड़ी प्राथमिकी को नियमित तरीके से खारिज नहीं किया जाना चाहिए, खासकर तब, जब पीड़ित पक्ष विरोध करे।

न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने कहा कि एक-दूसरे से अलग रह रहे दंपति ने भले ही सहमति से तलाक लेने और विवादों को सुलझाने का फैसला किया था, लेकिन बाद में महिला ने अपने पति के खिलाफ दायर मामलों को वापस लेने का विरोध किया और दावा किया कि उसके पति ने समझौता राशि वापस ले ली है और उसे प्रतिड़ित किया है। न्यायालय ने कहा कि जिन मामलों में समझौता हो जाता है, उन्हें रद करना पड़ता है।

पति को हिजड़ा कहना मानसिक क्रूरता के समान

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत द्वारा व्यक्ति के पक्ष में दिए तलाक के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पति को हिजड़ा कहना मानसिक क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ इस वर्ष जुलाई में पारिवारिक अदालत द्वारा पति के पक्ष में दिए तलाक के खिलाफ महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी पति को हिजड़ा कहना और उसकी मां को यह कहना कि उसने हिजड़े को जन्म दिया है, मानसिक क्रूरता के समान है।

बेंगलुरु इमारत हादसा

छह और शव मिले, मालिक व ठेकेदार हिरासत में

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के बाबूसापल्या में निर्माणाधीन इमारत ढह जाने के बाद बचाव अभियान के दौरान छह और लोगों के शव मिले। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या सात हो गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुनिराज रेड्डी के बेटे भुवन और इमारत का निर्माण करने वाले ठेकेदार मुनियप्पा को हिरासत में ले लिया गया है। भुवन के नाम पर इमारत का निर्माण हो रहा था। केवल चार मंजिल की अनुमति थी लेकिन सात मंजिल का निर्माण किया गया।

एमवीए के घटक दल 85-85 सीट पर लड़ेंगे महाराष्ट्र चुनाव

मुंबई। कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ने बुधवार को महाराष्ट्र में 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की। हालांकि सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने पर विचार जारी है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए 288 सीट में से 270 पर सहमति बनी है। हम सपा, पीडब्ल्यूपी, माकपा, भाकपा और आप को शामिल करेंगे। शेष सीट के लिए अब भी चर्चा चल रही है। महायुति सरकार को हराने के लिए एमवीए एकजुट है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि बाकी सीट छोटी पार्टियों के लिए छोड़ी जाएंगी।

50 पैसे न लौटाना पड़ा भारी अब देना होगा 15 हजार

चेन्नई, एजेंसी

- उपभोक्ता आयोग ने डाक विभाग को दिए निर्देश

एक उपभोक्ता को 50 पैसे न लौटाना भारतीय डाक विभाग को भारी पड़ गया। उपभोक्ता आयोग ने डाक विभाग को पैसा वापस करने और साथ ही मानसिक पीड़ा, अनुचित व्यवहार और सेवा में कमी के लिए उन्हें 10 हजार का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कांचीपुरम जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डाक विभाग को मुकदमे के खर्च के लिए शिकायतकर्ता को पांच हजार और देने को भी कहा है। शिकायतकर्ता ए. मनशा के अनुसार 13 दिसंबर, 2023 को पोझिचालुर डाकघर में पंजीकृत पत्र के लिए 30 रुपये का भुगतान किया लेकिन रसीद पर 29.50 रुपये थे। उन्होंने यूपीआई से राशि भेजने की पेशकश की लेकिन डाक कर्मियों ने इसे अस्वीकार कर दिया। आयोग ने कहा कि डाकघर द्वारा 50 पैसे अधिक वसूलने को अनुचित ठहराया।

पाल ने सार्वजनिक बयान देकर किया नियमों का उल्लंघन : विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोस अध्यक्ष को पत्र लिखकर बनर्जी का मामला आचार समिति में भेजने की भाजपा की मांग

विपक्ष ने बुधवार को आरोप लगाया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बैठक में बोतल तोड़कर फेंकने की घटना पर सार्वजनिक बयान देकर नियमों का उल्लंघन किया है। वहीं भाजपा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बनर्जी को लोकसभा से निलंबित करने और प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

समिति में शामिल निशिकांत दुबे ने पत्र में लिखा है कि बिरला को बनर्जी के आचरण संबंधी मामले को आचार समिति को भेजने और उनकी सदस्यता रद करने पर विचार करना चाहिए। द्रमुक सांसद एवं समिति सदस्य ए. राजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद पाल जल्दबाजी में समिति की बैठकें कर रहे हैं, जिससे यह समिति न्याय देने में सक्षम नहीं होगी। राजा ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बैठक में जो कुछ हुआ, उसे लेकर अध्यक्ष ने यह जानते हुए कि कार्यवाही गोपनीय है और इसका खुलासा नहीं होना चाहिए, संवाददाता सम्मेलन किया। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष ने बनर्जी से जुड़ी घटना पर बयान नहीं देने का फैसला किया है।

कार्यवाही का खुलासा नहीं सदस्य के हिंसा की बात की



नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने बुधवार को विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि पाल ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा समिति की बैठक के दौरान कांच की बोतल तोड़कर फेंके जाने की घटना के बारे में सार्वजनिक बयान देकर नियमों का उल्लंघन किया है।

खिलाड़ियों ने की नियामक बोर्ड में अधिक प्रतिनिधित्व मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री ने अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय पर की बातचीत

देश के शीर्ष एथलीटों ने राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया से परामर्श के दौरान बुधवार को यहां खिलाड़ियों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और प्रस्तावित खेल नियामक संस्था के कार्यक्षेत्र के बारे में बातचीत की।

खेल नियामक बोर्ड की स्थापना मसौदा विधेयक की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। इस निकाय के पास भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल महासंघों को संबद्धता प्रदान करने, नवीनीकृत करने और निलंबित करने का अधिकार होगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पहले ही इसकी अत्यधिक शक्तियों पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आगाह किया है कि इसके संविधान को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा सरकारी हस्तक्षेप माना जा सकता है, जिससे भारत को निलंबित किया जा सकता है। मसौदा विधेयक के अनुसार राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघों, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति और उनकी सहयोगी इकाइयों को खेल नियामक बोर्ड द्वारा निर्धारित जानकारी को सार्वजनिक करना होगा। मांडविया के साथ बुधवार की बैठक में मौजूद एक सूत्र ने कहा कि कई खिलाड़ियों और कोचों ने इस कदम का स्वागत किया लेकिन उन्होंने नियामक संस्था में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग की। मसौदा विधेयक में पांच सदस्यीय नियामक संस्था में सिर्फ एक खेल रत्न और एक द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता का प्रावधान है, जबकि सचिव (खेल) इसके अध्यक्ष होंगे और महानिदेशक (भारतीय खेल प्राधिकरण) इसके पदेन सदस्य होंगे।

पांचवां सदस्य राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का कुलपति होगा। इस सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया इस बैठक में शारीरिक या ऑनलाइन तरीके से लगभग 130 खिलाड़ी और कोच ने हिस्सा लिया। इसमें से ज्यादातर ने नियामक संस्था का समर्थन किया। इसमें खिलाड़ियों और कोचों की अधिक भागीदारी की मांग की गई।

गठन के बाद स्वायत्त करेगी काम : मांडविया

मांडविया से जब पूछा गया कि क्या प्रस्तावित नियामक संस्था को सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि यह स्वायत्त होगी। सरकार द्वारा निकाय का गठन हो जाने के बाद, यह स्वायत्त रूप से कार्य करेगी। निकाय की शक्तियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब विधेयक में परिभाषित है। बैठक में मौजूद एक अन्य सूत्र ने कहा कि निशानेबाजी के एक प्रमुख कोच ने राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए अस्तित्व में नहीं होने वाले राज्य संघों को मान्यता देने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मंत्री से कहा कि ऐसे राज्य हैं जो केवल चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए मतदान के अधिकार के लिए हैं।

एनआईएस पटियाला में जल्द ही लगवाएं मोंडोट्रैक : नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को करता है कम

खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।

मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने सराहना की थी। वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाये रखने में मददगार होता है और उन्हें कम थकान महसूस होती है। बैठक में चोपड़ा ने मोंडोट्रैक की आवश्यकता के बारे में जोर दिया।

खेल डायरी

जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया से हारा भारत लेकिन शीर्ष पर

जोहोर बाहरू (मलेशिया)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अजेय अभियान पर विराम लगाते हुए बुधवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट में 4-0 से जीत दर्ज की। भारत की अग्रिम पंक्ति को ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदने के लिए जूझना पड़ा जबकि पैट्रिक एंड्रयू (29वें मिनट) ने विरोधी टीम का खाता खोला जिसके बाद डेकिन स्टेंगर (33वें, 39वें और 53वें मिनट) ने हैट्रिक बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इस हार के बावजूद भारत नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है जबकि ऑस्ट्रेलिया सात अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड आठ अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं और राउंड रोबिन में उसे एक मैच और खेलना है।

बांग्लादेश ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को हराया

काठमांडू। भारतीय फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैम्पियनशिप 2024 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में बुधवार को यहां बांग्लादेश से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी थी। बांग्लादेश ने ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटाया किया जबकि भारतीय टीम दूसरे स्थान के साथ अंतिम चार में पहुंची। बांग्लादेश के लिए तोहुरा खातून (29वां और 42वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि अफीदा खांडेकर (18 वां मिनट) ने एक गोल दागा। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल कप्तान बाला देवी ने हेडर की मदद से किया। भारत को मिडफील्डर अंजू तमांग के चोटिल होने से भी झटका लगा। मैच के 27वें मिनट में उनके मैदान से बाहर जाने से टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ यह भारत की लगातार दूसरी हार है।

त्रिपुरा के खिलाफ रणजी मैच में नहीं खेलेंगे श्रेयस

मुंबई। मुंबई के सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगरतला में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में नहीं खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि अय्यर ने मुंबई की सीनियर चयन समिति से कुछ दिन का विश्राम देने की अपील की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई ने अभी तक वर्तमान सत्र में जो तीन घरेलू मैच खेले हैं उन सभी में यह 29 वर्षीय बल्लेबाज टीम का हिस्सा था। इनमें शेष भारत के खिलाफ खेला गया ईरानी कप का मैच भी शामिल है जिसमें अय्यर ने 57 और आठ रन बनाए थे। अय्यर ने पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में 142 रन की पारी खेली थी जिससे मुंबई इस टूर्नामेंट में सत्र की पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा था।

डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स के प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका

मोंटपेलियर (फ्रांस)। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने बुधवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की लिली झेंग को 3-0 से हराकर डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली मनिका ने 22 मिनट से भी कम समय में 11-4, 11-8, 12-10 से आसान जीत दर्ज की। पेरिस खेलों में प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली चार बार की ओलंपियन झेंग ने तीसरे गेम में मनिका को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। मनिका ने झेंग के 22 अंक की तुलना में कुल 34 अंक बनाए।

बोवेस ने लिस्ट ए क्रिकेट में लगाया सबसे तेज दोहरा शतक

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने बुधवार को केवल 103 गेंद पर दोहरा शतक जड़कर लिस्ट ए क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। बोवेस ने खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया जो इससे पहले भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के नाम दर्ज था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बोवेस ने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की तरफ से ओटागो के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वह आखिर में 110 गेंद पर 205 रन बनाकर आउट हुए जो लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है।

भारत को श्रृंखला में वापसी करने के लिए करना होगा टीम का सही चयन, आज से शुरू होगा मुकाबला

दूसरे टेस्ट में जीत के लिए उतरेगी टीम इंडिया

पुणे, एजेंसी

दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में रणनीति बनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है, पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े।

अगले महीने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यहां एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था। इसी टीम ने पिछले साल इंदौर में खेले गए मैच में भारतीय टीम नौ विकेट से पराजित किया था। शुभमन वापसी करने के लिए तैयार है तथा राहुल और सरफराज में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी।

विकेटकीपिंग करेंगे पंत, बुमराह के कार्यभार पर पुणे टेस्ट के बाद होगा फैसला : गंभीर

पुणे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि ऋषभ पंत को फिटनेस की कोई समस्या नहीं है और वह विकेटकीपिंग करेंगे जबकि जसप्रीत बुमराह के कार्यभार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। पंत को बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने वापसी करके 99 रन बनाए लेकिन विकेटकीपिंग नहीं की। गंभीर ने कहा वह कल विकेटकीपिंग करेगा। बुमराह ने इस सत्र में भारत में तीनों टेस्ट खेले और अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी ज्यादा समय नहीं है तो भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के बाद उन्हें आराम दे सकती है। गंभीर ने कहा एक बार श्रृंखला पूरी होने के बाद हमारे पास 10 या 12 दिन होंगे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट शुरू होगा। हमारे तेज गेंदबाजों को भी अच्छा ब्रेक मिल जाएगा लेकिन इस टेस्ट के बाद बुमराह के बारे में फैसला लेंगे। हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया का लंबा और महत्वपूर्ण दौरा होना है। कार्यभार प्रबंधन इस टेस्ट मैच के नतीजे और इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें कितनी गेंदबाजी करनी पड़ रही है।

मैच : सुबह 09:30 बजे

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

न्यूजीलैंड : टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), अजाज पटेल, मैट हेनरी, टिम साउदी,, विलियम ओरूर्के, जैकब डफी।

हमें स्पिनरों का करना होगा बेहतर इस्तेमाल : लाथम

पुणे। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने बुधवार को यहां कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्पिन-अनुकूल पिच को लेकर न्यूजीलैंड को किसी भी पूर्व निर्धारित सोच से बचते हुए अपने गेंदबाजी विकल्पों का प्रभावी उपयोग करने पर ध्यान देना होगा। तीन मैचों की श्रृंखला में बेंगलुरु में खेले गये शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से जीत के बाद न्यूजीलैंड ने 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने बेंगलुरू टेस्ट में भारतीय टीम को पहली पारी में 46 रन पर आउट कर दिया। भारत ने दूसरी पारी में मजबूत जज्बा दिखाया लेकिन टीम न्यूजीलैंड को 36 साल बार भारतीय सरजमीं पर जीत दर्ज करने से रोकने में नाकाम रही। लाथम ने दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा हमें परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाना होगा। अगर पिच से गेंद को अधिक टर्न मिलती है तो हमारी टीम में चार स्पिनर हैं। हम हालांकि पहले से निर्धारित सोच के साथ मैच में उतरने से बचना चाहेंगे। लाथम ने स्वीकार किया कि उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि स्पिनरों का उपयोग कैसे किया जाए।

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

दुबई। ऋषभ पंत बुधवार को जारी आईसीसी की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप की तैयारी करने उतरेगीं महिलाएं

अहमदाबाद, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला का पहला मैच आज

भारतीय महिला टीम टी-20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी।

हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी-20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था। भारतीय टीम जहां टी-20 विश्व कप की निराशा को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने की कोशिश करेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम उससे प्रेरित होकर अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके खिताब जीता था। 35 वर्षीय हरमनप्रीत की कप्तानी की हाल में काफी आलोचना हुई थी लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस पद पर बरकरार रखा गया है। भारतीय टीम में तेजल, साइमा और प्रिया के रूप में कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया है।

टी-20: जिम्बाब्वे के 344 रन सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड

नैरोबी। जिम्बाब्वे ने टी-20 विश्व कप के अफ्रीका क्वालीफायर में बुधवार को यहां गाम्बिया के खिलाफ चार विकेट पर 344 रन के साथ क्रिकेट के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड कायम किया। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले टीम के कप्तान सिकंदर रजा ने ग्रुप बी के इस मैच में 43 गेंद में 15 छक्कों की मदद से नाबाद 133 रन बनाकर जिम्बाब्वे को विश्व रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाने करने में अहम योगदान दिया।

जिम्बाब्वे ने नेपाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने पिछले साल एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे ने इस मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। रजा के 15 छक्के हालांकि किसी टी-20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का विश्व रिकॉर्ड नहीं है, यह रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है। साहिल ने साइप्रस के खिलाफ 18 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे इसके साथ ही सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। मूसा 4 ओवर में 93 रन लुटा कर सबसे महंगे गेंदबाज बने।

द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में गेंद के लिए प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी। ● एजेंसी

जर्मनी ने भारत को 0-2 से हराया

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को यहां जर्मनी के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी की ओर से मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हेनरिक मर्टगेन्स ने तीसरे मिनट में पहला गोल दागा जबकि लुकास विंडफेडर ने 30वें मिनट में मेहमान टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया जो अंत में निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत ने कई मौके बनाए लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को यहीं खेला जाएगा।

बॉलीवुड हलचल

सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर

मुंबई। फ्रांस की प्रतिष्ठित लक्जरी फैशन हाउस डिओर ने ग्लोबल फैशन आइकन, अभिनेत्री और निर्माता सोनम कपूर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सोनम कपूर अब मारिया ग्राजिया चिउरी द्वारा तैयार की गई डिओर की कलेक्शंस का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपने नए एम्बेसडर के रूप में डिओर के साथ अपनी साझेदारी पर बात करते हुए सोनम कपूर ने कहा यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि मैं डिओर की कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो फैशन की दुनिया में रचनात्मकता और एलिगेंस को फिर से परिभाषित कर रहा है। उनकी प्रत्येक कलेक्शन बारीक कारीगरी और धरोहर का उत्सव है, जो मेरे स्टाइल के साथ गहरे स्तर पर मेल खाता है। यह साझेदारी डिओर और भारत के बीच सांस्कृतिक समन्वय का एक और महत्वपूर्ण कदम है, और मैं उत्साहित हूं कि हम इसे आगे कहाँ ले जाएंगे।

प्रभास के जन्मदिन पर रिलीज हुआ द राजा साब का मोशन पोस्टर

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म द राजा साब का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। मोशन पोस्टर में जंगल के बीच में पियानो पर बर्थडे की धुन बज रही है। इसके बाद जंगल में घूमते हुए एक रहस्यमयी व्यक्ति को दिखाया गया है, जो दर्शकों को एक पुराने महल में ले जाता है, जहां प्रभास का भव्य रूप आखिरकार सामने आता है। प्रभास एक पुराने महल की भव्य पृष्ठभूमि के सामने काले रंग की पोशाक में सिंहासन पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में टैगलाइन भी है, हॉरर इज द न्यू ह्यूमर,उसके बाद हैप्पी बर्थडे, रिबेल साब। प्रभास ने पोस्टर को इंस्टाग्राम पर भी शेयर करते हुए लिखा, यह कुछ रोमांच और रोमांच का समय है। 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में मिलते हैं। मारुति द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित, थमन एस द्वारा संगीत के साथ, फिल्म द राजा साब 10 अप्रैल, 2025 को पांच भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया में बोमन को द मेहता बॉयज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। बोमन ईरानी ने अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयज के लिए लगातार दो पुरस्कार जीते हैं। उन्हें इस फिल्म में उनके बेहतरीन काम के लिए इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक-दूसरे से 48 घंटे तक एक-दूसरे के साथ रहने को मजबूर हैं। द मेहता बॉयज में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी मुख्य भूमिका में हैं और यह बोमन ईरानी और ऑस्कर विजेता लेखक एलेक्स दिनलेरिस द्वारा सह-लिखित है तथा ईरानी मूवीटोन के दानेश ईरानी और चकबोल्ड लिमिटेड की अनिकता बत्रा ने इसे निर्मित किया है।

डोमिनिक ने हार के साथ टेनिस को कहा अलविदा

वियना। डोमिनिक थिएम ने अर्स्टे बैंक ओपन के पहले दौर में लुसियानो डार्डेरी से 7-6 (6), 6-2 से हार के साथ अपने पेशेवर टेनिस करियर को अलविदा कहा।

अमेरिकी ओपन में 2020 के चैंपियन थिएम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इस टूर्नामेंट के बाद वह टेनिस से संन्यास ले लेंगे। वह पिछले कुछ समय से कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रिया के इस खिलाड़ी ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में एक समय वह 4-2 से आगे चल रहे थे लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए। जब वह सेंटर कोर्ट से बाहर निकल रहे थे तो दर्शकों ने तालियों के साथ उनको विदाई दी। थिएम तीन ग्रैंड स्लैम, 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन और 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे उपविजेता भी रहे थे।

स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर इंग्लैंड से श्रृंखला जीतने उतरेगा पाकिस्तान

- तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला का आखिरी मुकाबला आज से

रावलपिंडी। स्पिनरों के कमाल से दूसरा टेस्ट मैच जीतकर उत्साह से भरी पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए टीम को स्पिनरों की मददगार पिच की जरूरत पड़ेगी।

मैदानकर्मी इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ दिनों से विकेट को सुखाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली और ऑफ स्पिनर साजिद खान ने मुल्तान में दूसरे टेस्ट में टर्न लेते विकेट पर इंग्लैंड के सभी 20 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की। हैरी ब्रूक के तिहरे शतक और जो रूट के करियर की सर्वश्रेष्ठ 262 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने सात विकेट पर 823 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाकर श्रृंखला का पहला मैच पारी के अंतर से जीता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

सूडान में मस्जिद पर हवाई हमले में 31 की मौत

खार्तूम। मध्य सूडान के गेजिरा प्रांत की राजधानी वाड मदनी में एक मस्जिद पर हवाई हमले में 31 लोग मारे गए। एक स्थानीय गैर-सरकारी समूह ने यह जानकारी दी। वाड मदनी प्रतिरोध समिति ने मंगलवार को एक बयान में कहा रविवार को युद्धक विमानों ने शाम की नमाज के बाद शेख अल जेली मस्जिद और पड़ोसी इलाके अल-इम्तिदाद के आसपास के इलाकों में विस्फोटकों से बमबारी की। समिति ने बताया कि इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। इनमें से 15 शवों की पहचान कर ली गयी, जबकि अन्य अज्ञात शवों की पहचान अब भी की जा रही है। अभी तक इस घटना पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

नेपाल में होटलों में प्लास्टिक की बोतलों पर लगा प्रतिबंध

काठमांडु। नेपाल सरकार ने चार सितारा और उससे अधिक सितारों वाले उच्च श्रेणी के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यटन विभाग के महानिदेशक नारायण प्रसाद रेग्मी ने बुधवार को कहा, यह प्रतिबंध सभी चार सितारा, पांच सितारा, पांच सितारा डीलक्स और डीलक्स और लक्जरी होटलों और रिजॉर्ट पर लागू होता है। एजेंसी ने मंगलवार को एक निर्देश जारी किया, जिसमें उच्च श्रेणी के होटलों और रिसॉर्टों को प्लास्टिक की बोतलों में पानी देने की जगह कांच की बोतलों और धातु के बर्तनों में पानी देने का निर्देश दिया गया।

इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को जमानत दी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने सरकारी उपहारों की कथित अवैध बिक्री से जुड़े तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तारी के करीब नौ महीने बाद बुधवार को जमानत दे दी। जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी को जमानत प्रदान की। दालत के इस फैसले से बुशरा बीबी को राहत मिली है, जिन्हें 31 जनवरी को एक अदालत द्वारा भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने और दंपति को 14 वर्ष के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

त्यौहारों से पहले नकद राशि देगी सरकार

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब सरकार गुरु नानक जयंती व दीपावली के मौके पर प्रांत में प्रत्येक सिख और हिंदू परिवार को 10,000 पाकिस्तानी रुपये देगी। कुल 2200 परिवारों को यह राशि दी जाएगी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार प्रांत में प्रत्येक सिख व हिंदू परिवार को एक 'त्यौहार कार्ड' जारी करेगी, जिसके तहत गुरु नानक जंयती और दीपावली के मौके पर उन्हें 10,000 पाकिस्तानी रुपये दिये जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाने के लिए अगले महीने आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों के वास्ते विशेष व्यवस्था की गई है। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 'हमारे हिंदू और सिख भाइयों' को त्यौहार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें।

तुर्की ने पीकेके के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि समूह के यूरोपीय ढांचे के प्रमुख सदस्य ज़ेनेप तस्कीरन और ज़ुबेदे तस्कीरन को इस्तांबुल में हिरासत में लिया गया, जबकि पीकेके के तीसरे सदस्य हतिन सहबाज को उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में गिरफ्तार किया गया। इसमें अभियान की समय सीमा बिना बताए हुए कहा गया कि तीन लोग, जो भाई-बहन थे, को तुर्की खुफिया और पुलिस द्वारा किए गए संयुक्त अभियान में हिरासत में लिया गया।

चक्रवात : 14 जिलों के 10 लाख लोगों को पहुंचाया जाएगा सुरक्षित स्थानों पर

कल 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान, आईएमडी ने कहा- राज्य में भारी वर्षा होगी

भुवनेश्वर, एजेंसी

चक्रवात दाना ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा है, जिससे राज्य की लगभग आधी आबादी प्रभावित होने का खतरा है। सरकार 14 जिलों के लगभग 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर योजना को अंजाम देने की तैयारी कर रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के लगभग 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने की प्रक्रिया 24 अक्टूबर की रात से शुरू होगी और 25 अक्टूबर की सुबह तक जारी रहेगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने के दौरान अधिकतम गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चक्रवात की दस्तक प्रक्रिया धीमी होती है, जिसमें आमतौर पर 5-6 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच चक्रवात के दस्तक देते समय भारी बारिश, हवा और तूफानी लहरें चरम पर होंगी। आईएमडी के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और पारादीप (ओडिशा) से लगभग 490 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, धामरा (ओडिशा) से 520 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 570 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। भुवनेश्वर में स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने बताया कि चक्रवात के तट पर पहुंचने के दौरान दो मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान है तथा चक्रवात 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकराएगा। दास ने चेतावनी दी कि केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों के निचले इलाकों में पानी भर जाने की आशंका है। उन्होंने सरकार से इन क्षेत्रों से निवासियों को हटाने तथा सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने का अनुरोध किया। चक्रवात की आमद के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) और अग्निशमन सेवाओं की 288 बचाव टीमें तैनात की गई हैं, तथा एनडीआरएफ से अतिरिक्त कर्मियों की मांग की गई है। सरकार ने 14 जिलों को जोखिमग्रस्त घोषित किया है।

आईएमडी ने किया आगाह

आईएमडी ने आगाह किया है कि चक्रवात के कारण राज्य में भारी वर्षा होगी। 23 अक्टूबर की शाम से अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, तथा बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और खोरधा के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेंटीमीटर) होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि 24 और 25 अक्टूबर को कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है।



पूर्वी रेलवे के सियालदह डिवीजन में 190 लोकल ट्रेन रद

कोलकाता। चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में गुरुवार को रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा। यह कदम रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में उठाया गया। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सियालदह दक्षिण और हसनाबाद खंड में 190 ट्रेन रद्द रहेंगी। मौसम कार्यालय ने कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट से टकराने की आशंका है जिस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। चक्रवात के आने पर 24 और 25 अक्टूबर को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश होगी। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने कहा, 24 अक्टूबर को रात आठ बजे से सियालदह स्टेशन से कोई भी लोकल ट्रेन नहीं चलाई जाएगी।

मोदी व शी का गश्त समझौते को समर्थन

पांच वर्ष बाद भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता, विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के लिए दिए निर्देश

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने करीब पांच वर्षों में अपनी पहली द्विपक्षीय वार्ता में बुधवार को सहमति जताई कि समझदारी एवं परस्पर सम्मान प्रदर्शित कर भारत और चीन के शांतिपूर्ण एवं स्थिर संबंध हो सकते हैं तथा दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख विवाद के समाधान के लिए हुए समझौते का समर्थन किया। बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उपयुक्त रूप से निपटाने तथा इन्हें शांति एवं स्थिरता को प्रभावित नहीं करने देने के महत्व को रेखांकित किया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि दोनों नेताओं ने उल्लेख किया कि भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे का हल करने और सीमावर्ती इलाकों में शांति व स्थिरता बरकरार रखने के लिए विशेष प्रतिनिधियों को एक अहम भूमिका निभानी होगी। मोदी और शी ने विशेष प्रतिनिधियों को शीघ्र बैठक करने और अपने प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए। मिस्री ने कहा, हम विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक एक उपयुक्त समय पर होने की उम्मीद कर रहे हैं। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी और शी ने द्विपक्षीय संबंधों की रणनीतिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से समीक्षा की तथा उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच स्थिर संबंध का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक असर पड़ेगा। मिस्री ने कहा कि मोदी और शी, दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि परिपक्वता और समझदारी के साथ तथा एक-दूसरे का सम्मान कर भारत और चीन के बीच शांतिपूर्ण और स्थिर संबंध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली से संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की गुंजाइश बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अब आधिकारिक वार्ता तंत्र का उपयोग करके रणनीतिक संवाद बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा करने के लिए अगले कदम उठाएंगे। भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में 2020 में उत्पन्न हुए मुद्दों के पूर्ण समाधान और सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के लिए हाल में हुए समझौते का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने मतभेदों और विवादों से उपयुक्त रूप से निपटने और इन्हें शांति व स्थिरता भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया।

कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग व रूस के राष्ट्रपति पुतिन व अन्य।

ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं : पुतिन

कजान। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। पुतिन ने शिखर की बैठक के दौरान कहा कि बहुध्रुवीय विश्व में मूल रूप से बदलाव आया है। यह ब्रिक्स की अंतरराष्ट्रीय मंच में रणनीति का मूल है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश हिस्से की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

शी ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के इच्छुक देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की अपील की

कजान। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को कहा कि यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, कई राष्ट्रों को साझेदार देश बनने के लिए आमंत्रित किया गया और समूह से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की भी अपील की। ब्रिक्स मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह था, बाद में पांच और देशों- मिस्र, इथोयोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को शामिल कर इसे विस्तारित किया गया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, शी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इसने साझेदार देश बनने के लिए कई देशों को आमंत्रित करने का निर्णय किया है।

उत्तर गाजा में हमला : 18 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा में हवाई हमले में ध्वस्त इमारतें।

गाजा, एजेंसी

उत्तरी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मंगलवार को कम से कम 18 लोग मारे गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी चिकित्सकों ने सिन्हुआ से कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में बेत हनौन में एक इजराइली युद्धक विमान ने एक आश्रय स्थल को निशाना बनाया, जिससे तीन फ़िलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि बेत लाहिया क्षेत्र में दो इजराइली बम विस्फोटों में 15 और लोग मारे गए। स्थानीय सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सेना ने बेत लाहिया में कई घरों को नष्ट कर दिया है, जबकि वह जबालिया और बेत लाहिया में सैकड़ों फिलिस्तीनी परिवारों को घेर रही है और तोपखाने और विमानों से बेत लाहिया पर गोलाबारी कर रही है। गाजा पट्टी में रेड क्रिसेंट सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक बशर मुराद ने कहा कि घायलों को रक्त की आवश्यकता होती है, जो उपलब्ध नहीं है क्योंकि इजराइली सेना नागरिकों को उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के अलावा अस्पतालों तक पहुंचने और रक्तदान करने से रोकती है। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि ईंधन की कमी और ड्रोन और तोपखाने के माध्यम से इजराइली बलों द्वारा अस्पताल को सीधे निशाना बनाने के कारण आने वाले कुछ घंटों में अस्पताल सामूहिक कब्र बन सकता है।

हिजबुल्ला के एक और प्रमुख को मार गिराया

बेरूत, 23 अक्टूबर (एपी) इजराइल ने दावा किया है कि उसने इस महीने की शुरुआत में बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक नेता हाशिम सैफीद्दीन को मार गिराया था, जो पिछले महीने इजराइली हवाई हमले में मारे गए संगठन के प्रमुख हसन नसरल्ला की जगह ले सकता था।

अभिनेता दारासिंग को महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा

लंदन। भारतीय अभिनेता दारासिंग खुराना को 'राष्ट्रमंडल वर्ष के युवा चैंपियन' के रूप में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में किए गए कामों के लिए महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया है। खुराना (32) राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के लिए समोआ रवाना होने से पहले ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनियन में आयोजित वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन-24 में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए थे।उन्होंने कहा मैं कई वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम कर रहा हूं। इस समस्या को विश्व मानचित्र पर रखने और सत्ताधारी एवं प्रभावशाली लोगों के साथ सार्थक चर्चा करने का मौका पाकर बेहद खुश हूं।

रूस और यूक्रेन की बात सुनने को भारत बेहतर स्थिति में : फिलिप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा है कि उनके देश का हमेशा से यह कहना रहा है कि रूस-यूक्रेन विवाद के मामले में भारत दोनों पक्षों की बात सुनने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है। एकरमैन ने कहा, उन्हें हालांकि नहीं पता कि नई दिल्ली का क्या करने का इरादा है, लेकिन बर्लिन किसी भी तरह की बातचीत का स्वागत करेगा।

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की भारत यात्रा से पहले जर्मनी के राजदूत एकरमैन ने यहां अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चांसलर शोल्ज 25 अक्टूबर को सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। आईजीसी एक संपूर्ण सरकारी ढांचा है, जिसके तहत दोनों पक्षों के मंत्री अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में चर्चा करते हैं और अपने विचार-विमर्श के परिणामों की रिपोर्ट प्रधानमंत्री और चांसलर को देते हैं। दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष का समाधान निकालने में भारत की संभावित भूमिका के बारे में पूछे गए एक सवाल पर एकरमैन ने कहा, हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री (मोदी) कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से वापस आ रहे हैं। वह रूसी राष्ट्रपति सहित कई नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

पन्नू मामले में जांच के नतीजों पर जवाबदेही चाहता है अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा कि वह अपनी सरजमीं पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा की जा रही जांच के नतीजों पर सार्थक जवाबदेही के बिना पूरी तरह संतुष्ट नहीं होगा। भारत सरकार ने अमेरिकी सरजमीं पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की ऐसी साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। अमेरिका के आरोपों के बाद नयी दिल्ली ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की थी। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, हम जांच के परिणामों के आधार पर जवाबदेही की उम्मीद करते हैं और निश्चित रूप से अमेरिका तब तक पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा जब तक कि उस जांच के परिणामस्वरूप सार्थक जवाबदेही तय न हो जाए।

भारत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है : लिज केडल

- ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने की भारत की तारीफ

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन भारत से विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) और अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में बहुत कुछ सीख सकता है। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार के एक मंत्री ने यह बात कही। सोमवार शाम को यहां लेबर इंडियन डायस्पोरा समूह द्वारा आयोजित दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने जुलाई में होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है।

केंडल ने कहा, यह हमारे घोषणापत्र का एक बहुत ही स्पष्ट हिस्सा था कि हम भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने दो महान देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों को समझते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम लोकतंत्र और आकांक्षाओं के हमारे साझा मूल्यों के आधार पर भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं।

अमेरिका में मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से 49 लोग बीमार, एक की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 10 संक्रमित लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने बताया कि इस संक्रमण से कोलोराडो में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी है और एक बच्चे को गुर्दे की गंभीर समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलोराडो, आयोवा, कंसास, मिसौरी, मोंटाना, नेब्रास्का, ओरेगोन, उटाह, व्योमिंग और विस्कॉन्सिन में 27 सितंबर और 11 अक्टूबर के बीच इस संक्रमण के मामले दर्ज किए गए।

तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए यूक्रेन से लड़ेंगे युद्ध

- दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को दी जानकारी

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को बताया कि लगभग तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्रों में तैनात होने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संसदीय समिति की बैठक में राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के निदेशक चो ताए-योंग ने कहा कि 1,500 और उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो वहां पहले से मौजूद अपने देश के 1,500 सैनिकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बैठक में शामिल हुए सांसद पार्क सनवॉन ने यह जानकारी दी। पार्क ने चो के हवाले से कहा कि एनआईएस ने हाल में अनुमान जताया था कि 1500 सैनिक अक्टूबर की शुरुआत में ही रूस पहुंच गए थे। पार्क के अनुसार, चो ने सांसदों को यह भी बताया कि उनकी एजेंसी का आकलन है कि उत्तर कोरिया का लक्ष्य दिसंबर तक अपने 10 हजार सैनिकों को रूस में तैनात करना है।

उ. कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं : ऑस्टिन

सियोल। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि इस बात के सबूत हैं कि उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं। यूक्रेन के युद्धक्षेत्रों में तैनात किए जाने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वैश्विक नेता बोले- अमेरिकी चुनाव में नहीं जीत पाएंगे ट्रंप

कॉनकॉर्ड। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक नेता इस बात को लेकर भयभीत हैं कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव जीत जाते हैं तो पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक शासन का क्या होगा। बाइडन ने पिछले सप्ताह जर्मनी की अपनी यात्रा का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा मैं जिन भी अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भाग लेता हूं वे (नेता) एक के बाद एक मुझे एक तरफ ले जाते हैं और कहते हैं कि जो वह जीत नहीं सकता। मेरा लोकतंत्र दांव पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सवालिया लहजे में कहाअगर अमेरिका जिम्मेदारी न लें तो दुनिया की अगुवाई कौन करेगा? कौन? किसी एक देश का नाम बताइए। बाइडन ने न्यू हैंपशायर में यह बात कही।

ज्ञान-विज्ञान बड़ी घटना का शिकार होने से बच गई पृथ्वी, कई लोगों ने देखी यह खगोलीय घटना

कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : एक रात पहले कनाडा के समीप एरी झील के ऊपर एक बड़ा आग का गोला धधक उठा। क्षेत्रीय लोगों ने आग के गोले को देखा है। गनीमत रही कि यह क्षुद्रग्रह आसमान में ही जलकर खाक हो गया। यदि जमीन तक पहुच जाता तो बड़ी अप्रिय घटना हो जाती।

अमेरिकन मेटियोर सोसायटी ने जलते आग के गोले की तस्वीर कैमरे में कैद कर जारी की हैं। यह खगोलीय घटना 21 अक्टूबर की रात में हुई। अमेरिका और कनाडा के कुछ हिस्सों में इस घटना को देखा गया। उत्तरी कैरोलिना से पश्चिम में केंटुकी, उत्तर में मिशिगन और पूर्व में न्यूयॉर्क तक इस घटना को देखा गया है। यह आग का गोला एक बड़े आकार का उल्कापिंड था, जो करीब 80 किमी की ऊंचाई पर दिखाई दिया। माना जा रहा है कि टॉरिड उल्कावृष्टि इन दिनो सक्रिय है। मगर यह उल्कापिंड इसके विपरीत दिशा से आया है, जो टॉरिड्स के विपरीत दिशा से आया है। इस पिंड का पृथ्वी के वातावरण में टकराने से कुछ देर पहले ही पता चल पाया था। आग के इन गोलों को फायरबाल भी कहा जाता है। इस तरह की घटना होते रहती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इसे बड़ी घटनाओं से जोड़ा गया है। अमेरिकन मेटियोर सोसाइटी ने आग के गोले की कई तस्वीरें और वीडियो प्राप्त हुई हैं। इस घटना को लेकर वैज्ञानिक विस्तृत जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।

यही हैं धरती के बड़े खतरे

धरती के लिए सबसे बड़े खतरे अंतरिक्ष चट्टाने हैं, जो कई बार पृथ्वी को क्षति पहुचा चुके हैं। डायनासोरों का खात्मा भी इन्हींके जरिये हुआ। पृथ्वी पर मौजूद लुनार झील व कई गड्ढे इन्ही की देन हैं। ये खतरनाक हैं जो कि लाखों परमाणु बमों से अधिक शक्तिशाली हो सकते हैं। जिस कारण इन पर निगाह रखनी जरूरी होती है। पृथ्वी के चारों ओर अनगिनत मेटियोर और क्षुद्र ग्रह फैले हुए हैं।